य एषु सुप्तेषु जागर्ति | पृष्ठ 16 | मूल्य 5.00 | अजमेर, शुक्रवार, 04 अक्टूबर 2024 | आश्विन शुक्ल पक्ष द्वितीया संवत् 2081

राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित





# दृष्टि The Vision Drishti IAS

## जयपुर

## IAS GS Foundation Course

ऑफलाइन बैच (तीन वर्षों के लिये निशुल्क ऑनलाइन सुविधा के साथ)

- लगभग 400+ कक्षाएँ
- निशुल्क अध्ययन सामग्री
- संशय निवारण
- जयपुर क्लासरूम से लाइव कक्षाएँ
- सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों की टीम
- निशुल्क ऑनलाइन एक्सेस (ऐप द्वारा)
- करेंट अफेयर्स कवरेज
- परिणाम केन्द्रित अध्यापन शैली

**ओपन सेमिनार**
6 October | 2 PM

**बैच प्रारंभ**
हिंदी माध्यम 7 अक्टूबर | सुबह 8 बजे
English Medium 7 October | 5:30 PM

## RAS Foundation Course

ऑफलाइन बैच (निशुल्क ऑनलाइन सुविधा के साथ)
हिंदी माध्यम 14 अक्टूबर | शाम 5:30 बजे

## RAS प्रिलिम्स कोर्स 2024

ऑफलाइन (जयपुर शाखा) व लाइव ऑनलाइन (ऐप द्वारा)
हिंदी माध्यम एडमिशन आरंभ

## RAS प्रिलिम्स टेस्ट सीरीज़

हिंदी व अंग्रेज़ी माध्यम
ऑफलाइन (जयपुर शाखा) व ऑनलाइन (ऐप द्वारा)
एडमिशन आरंभ

- 20 टेस्ट्स की टेस्ट सीरीज़
- फ्लेक्सी फॉर्मेट की सुविधा

## RAS मेन्स टेस्ट सीरीज़

हिंदी व अंग्रेज़ी माध्यम
ऑफलाइन (जयपुर शाखा) व ऑनलाइन (ऐप द्वारा)
6 अक्टूबर

- 30 टेस्ट्स की टेस्ट सीरीज़
- फ्लेक्सी फॉर्मेट की सुविधा

## Optional Subject Courses

**Sociology**
English Medium | 3 October | 2:30 PM
By- Sandarbh Srivastava

**History (इतिहास)**
English Medium | Admissions Open
By- Parampreet Singh
हिंदी माध्यम | 9 अक्टूबर | दोपहर 2 बजे
द्वारा - डी. के. पांडेय

हर्ष टावर, टोंक रोड, जयपुर, राजस्थान - 302015

8929 738 772
8010 440 440

सीट बुक करने के लिये स्कैन करें

# देश का प्रथम इलेक्ट्रिक क्रूज
# प्रदेश का पहला क्रूज

अजमेरवासियों को एक नयी **सौगात...**

आनासागर झील में समुंद्र का एहसास...

राजस्थान में पर्यटन का नया आयाम....




4 अक्टूबर 2024 शुक्रवार

| मुख्य अतिथि | विशिष्ट अतिथि | अध्यक्षता | विशेष अतिथि |
|---|---|---|---|
|  |  |  |  |
| **श्री वासुदेव देवनानी**<br>अध्यक्ष<br>राजस्थान विधानसभा | **श्री सुरेश रावत**<br>केबिनेट मंत्री<br>जल संसाधन मंत्री,<br>राजस्थान सरकार | **श्रीमती ब्रजलता हाड़ा**<br>मेयर<br>नगर निगम, अजमेर | **श्रीमती अनिता भदेल**<br>विधायक<br>अजमेर (दक्षिण) |



**श्री रमेश सोनी**
शहर अध्यक्ष, भाजपा

## अतिथिगण

**श्री दीनबन्धु चौधरी**

एवं

**समस्त पार्षदगण, नगर निगम, अजमेर**



**श्री नीरज जैन**
उप महापौर, नगर निगम

नगर निगम, अजमेर | ओएसीस क्रूज — गीता मार्बल प्रा. लि.

www.oasiscruze.com

सम्पर्क करें: पुरानी चौपाटी, आनासागर जेटी, अजमेर

98290-92304

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | पृष्ठ 16 | मूल्य 5.00 | अजमेर, शुक्रवार, 04 अक्टूबर 2024 | आश्विन शुक्ल पक्ष द्वितीया संवत् 2081

राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

शुभ नवरात्र

# राजस्थान पत्रिका

TATA की पेशकश






TANISHQ

Nav-raani



20% तक की छूट*
गोल्ड ज्वेलरी के बनवाई शुल्क
और डायमंड ज्वेलरी के मूल्य पर

पाइए 100%* एक्सचेंज मूल्य,
अपने पुराने सोने के गहनों पर चाहे
वे किसी भी ज्वेलर से खरीदे गए हों

* Conditional Apply

शोरूम: प्लॉट नं. 237, उदय ज्योति बिल्डिंग, वैशाली नगर, अजमेर – 305001. फोन: 0145-2624282

## रीडर्स कनेक्ट

हमें भेजें

खबरें | समस्याएं | सुझाव

फोटो | वीडियो | पॉडकास्ट

**ई-मेल:** ajmer.patrika@in.patrika.com

**वॉट्सएप:** 9799190015

**पढ़ें ज्यादा खबरें, देखें फोटो/वीडियो**

patrika.com/ajmer-news

क्यूआर कोड को मोबाइल से करें स्कैन

हमसे जुड़ें

facebook.com/patrika.ajmer

## शहर मौसम



**तापमान**

| 35.3° | 25.3° |
|---|---|
| अधिकतम | न्यूनतम |

ह्यूमिडिटी : **77%** (अधिकतम)

हवा की गति : **05** किमी/घंटा

**फोरकास्ट**

आसमान रहेगा साफ, खिलेगी धूप।

सोर्स: (मौसम विभाग)

**पॉल्यूशन स्तर (AQI)**

| | | |
|---|---|---|
| सेवन वंडर्स: | 125 | 6.0% |
| गुलमोहर कॉलोनी: | 110 | 4.5% |
| दीपदर्शन कॉलोनी: | 115 | 5.0% |

| अच्छा | ठीक | मध्यम |
|---|---|---|
| 0-50 | 51-100 | 101-200 |
| **खराब** | **गंभीर** | **खतरनाक** |
| 201-300 | 301-400 | 401-500 |

## अजमेर आज

**सगाई बाले बालाजी मंदिर में**

@ शाम 5 बजे नि:शुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर

**रामायण मंडल श्रीराम विद्यालय से** @ दोपहर 12.15 बजे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ रैली।

**ब्रीफ न्यूज**

### एसपी ने देखी थानों की व्यवस्था

**अजमेर.** पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने गुरुवार सुबह शहर के पुलिस थानों व वृत्त कार्यालयों की व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने थाने में नजर आई कर्मियों को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। एसपी ने थानों में तैनात जवानों से ऑनलाइन कामकाज के संबंध में पड़ताल की। गुरूवार सुबह एसपी वंदिता राणा एएसपी (शहर) दुर्गसिंह राजपुरोहित, सीओ नॉर्थ रूद्र प्रकाश, सीओ ग्रामीण रामचन्द्र चौधरी के साथ सबसे पहले कोतवाली थाना, फिर सीओ नॉर्थ, साउथ, अजमेर ग्रामीण व यातायात शाखा कार्यालय देखा। इसके बाद गंज, दरगाह थाने का निरीक्षण किया।

---

राजस्थान पत्रिका और विमल इलायची के संयुक्त तत्वावधान में आंतेड़ छतरी योजना, वैशालीनगर में होगा आयोजन

# गरबा-डांडिया महारास कल से, एन्ट्री पास लेने उमड़े लोग

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** राजस्थान पत्रिका और विमल इलायची के संयुक्त तत्वावधान में 5 और 6 अक्टूबर को विद्यासागर तपोवन, पंचतीर्थ स्वाध्याय भवन, आंतेड़ छतरी योजना, वैशाली नगर में होने वाले डांडिया महारास के पास लेने गुरुवार को शहरवासी राजस्थान पत्रिका कार्यालय में उमड़े। एन्ट्री पास शुक्रवार को भी मिलेंगे। डांडिया गरबा-महारास की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्य सहयोगी तनिष्क ज्वैलर्स, वैशाली नगर और अपेक्षा सिटी, चाचियावास होंगे।

राजस्थान पत्रिका-विमल इलायची के अलावा अजिताया बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स प्रा.लि., सरपंच सोप एंड डिटर्जेंट पाउडर, सिद्धि एडवरटाइजिंग पर्बतपुरा, एचपी टेंट हाउस एंड इवेन्ट, ऋषभ एंटरप्राइजेज, जैन स्पोटिक, लक्षचर सरफेस कोटिंग सहयोगी होंगे। सुमधुर गुजराती, हिंदी और रीमिक्स गीतों पर गरबा-डांडिया होंगे। गरबा-डांडिया में प्रवेश केवल पास के आधार पर ही दिए जाएंगे। कार्यक्रम में फूड कोर्ट श्रीनाथ केटर्स, खंडेलवाल हलवाई लगाएंगे। आनासागर लिंक रोड स्थित एटीक रेस्टोरेंट एंड क्लॉव हाउस गिफ्ट पार्टनर होंगे। कार्यक्रम में कपल एन्ट्री मान्य होगी।

राजस्थान पत्रिका PRESENTS विमल PATRIKA महारास DANDIYA UTSAV 2024



अजमेर. राजस्थान पत्रिका कार्यालय में एन्ट्री पास लेने आए शहरवासी।



अजमेर. महारास की तैयारियों को लेकर विद्यासागर तपोवन में तैयार होता पांडाल।

### आज भी मिलेंगे पास

राजस्थान पत्रिका के वैशाली नगर कार्यालय में गुरुवार को शहरवासी पास लेने उमड़े। गरबा-डांडिया को लेकर लोगों में उत्साह दिखा। पास लेने के बाद चेहरे खिल उठे। शुक्रवार को भी दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक विज्ञापन की कटिंग और आधार कार्ड की प्रतिलिपि लाने पर निःशुल्क एंट्री पास दिए जाएंगे।

### तैयारियां हुई शुरू

विद्यासागर तपोवन में डांडिया गरबा-महारास की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसमें म्यूजिकल अरेंजमेंट के अलावा रंगबिरंगी लाइट और सजावट होगी। शहरवासी भी डांडिया महारास में धूम मचाने के लिए डांस स्टेप सीखने, पारंपरिक ड्रेस और अन्य पसंद करने में जुटे हैं।

### 'सांस्कृतिक माहौल को और भी समृद्ध बनाएगा'



लक्षचर सरफेस कोटिंग की पिंकी शर्मा ने कहा कि लोग पत्रिका द्वारा आयोजित डांडिया-गरबा महारास को लेकर काफी उत्साहित हैं। ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से चहल-पहल का माहौल बना रहता है। शहरवासियों के लिए आकर्षण होगा। कार्यक्रम नवरात्र के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। यह सांस्कृतिक माहौल को और भी समृद्ध बनाएगा।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :** 9529494666, 7665439636, 8875002426

---

रूपनगढ़ फायरिंग प्रकरण : पुलिस को अभी दो इनामी की है तलाश

# तीन इनामी समेत 7 गिरफ्तार, मुख्य आरोपी अब भी फरार

**50-50 हजार रुपए के इनामी राजवीर उर्फ फौजी, पुखराज व नरेश जाट को अलग-अलग राज्यों से दबोचा**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** रूपनगढ़ फायरिंग प्रकरण में गुरुवार को पुलिस ने वारदात में गोली चलाने वाले राजवीर फौजी समेत 50-50 हजार रुपए के तीन इनामी आरोपियों को दबोचा लिया। वारदात में सहयोगी रहे 4 अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रकरण में अब तक बीआरसी ग्रुप के लीडर बलवाराम जाट की पत्नी, दो नाबालिग समेत 20 जनों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस को वारदात के मुख्य आरोपी दिनेश चौधरी व उसके साथी हनुमान जाट की सरगर्मी से तलाश है।

### पुलिस कर रही फायरिंग के हथियार बरामदगी के प्रयास

पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि रूपनगढ़ में जमीन विवाद में फायरिंग की वारदात अंजाम देकर भागे इनामी आरोपियों की तलाश में विशेष टीम ने लगातार जम्मू-कश्मीर, उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश समेत पड़ोसी राज्यों में दबिश दी। पुलिस टीम को बुधवार रात तीन अलग-अलग स्थान पर कामयाबी मिली। पुलिस ने वारदात अंजाम देकर फरार हुए किशनगढ़ मोहनपुरा छोटी ढाणी निवासी राजवीर सिंह उर्फ फौजी उर्फ भूरिया, बांदरसिंदरी हरमाड़ा नयागांव निवासी पुखराज जाट व हरमाड़ा निवासी नरेश जाट को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की फरारी में सहयोगी रहे रूपनगढ़ त्योद निवासी विकास जाट, रामनगर निवासी रामनिवास जाट, दूदू नरेना के गहलोता निवासी दीपेन्द्र जाट और किशनगढ़ गांधीनगर खातौली निवासी विजेन्द्र जाट को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों को गुरुवार दोपहर अदालत में पेश कर 5 दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस वारदात में इस्तेमाल फायरिंग के हथियार बरामदगी के प्रयास कर रही है।

### मादक पदार्थ, आर्म्स एक्ट व चोरी के मुकदमे

पुलिस के क्राइम रिकॉर्ड में राजवीर सिंह उर्फ फौजी उर्फ भूरिया के खिलाफ गांधीनगर में दर्ज आर्म्स एक्ट और पुखराज जाट के खिलाफ किशनगढ़ थाने में एनडीपीएस एक्ट में दर्ज प्रकरण दर्ज हैं। दोनों मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। इसी तरह तीसरे इनामी हरमाड़ा निवासी नरेश जाट के खिलाफ मकराना थाना क्षेत्र में चोरी व बांदरसिन्दरी थाना क्षेत्र में चोरी का माल खरीदने व सड़क दुर्घटना के तीन मुकदमे दर्ज हैं। तीनों प्रकरण कोर्ट में विचाराधीन हैं।



रूपनगढ़ में हुई फायरिंग की घटना के मामले में पुलिस गिरफ्त में इनामी बदमाश। पत्रिका



आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी देतीं पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा। पत्रिका

### बलवाराम से भी होगी पूछताछ

एसपी राणा ने कहा कि प्रकरण में जल्द हाई सिक्योरिटी जेल में सजायाफ्ता कैदी व गैंग के सरगना बलवाराम जाट को पूछताछ के लिए प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर बीआरसी ग्रुप का महिमा मंडन और फरार आरोपियों की किसी भी तरह से मदद करने वालों को भी पुलिस प्रकरण में कानून दायरे में लेगी। खासतौर से युवा पीढ़ी को चेतावनी दी कि वह किसी भी तरह की फोटो, वीडियो वायरल करने से बचें।

### भू-माफिया पर होगी सख्ती से कार्रवाई- एसपी

एसपी वंदिता राणा ने कहा कि आमतौर पर जमीनों के स्वामित्व के विवाद सामने आते हैं। जमीन के कब्जे को लेकर कानूनी रूप से वाद को निपटाया जा सकता है। यही सबसे अच्छा तरीका है। जिसने भी कानून हाथ में लेकर अपने हिसाब से आपराधिक तरीका अपनाया, उसको बख्शा नहीं जाएगा। अब तक की गई सख्ती से भी ज्यादा सख्ती करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### फिर गठित होगी 'डीएसटी'

वारदात में इनामी आरोपियों को दबोचने में अजमेर जिले की पुरानी स्पेशल टीम व साइबर सेल के जवानों को कामयाबी मिली। एसपी वंदिता राणा ने टीम की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने पर पुनः जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) गठित की जाएगी। टीम ने एएसपी (ग्रामीण) डॉ. दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में नागौर हाल अजमेर पुलिस लाइन उप निरीक्षक विजय सिंह, एएसआई दुर्गेश सिंह (साइबर सेल), शंकरसिंह, हैडकांस्टेबल देवेन्द्र सिंह, आशीष गहलोत, जोगेन्द्र सिंह (सीओ नॉर्थ), सिपाही राजकुमार (साइबर सेल), मुकेश सारण और सिपाही अशोक विश्नोई (थाना रूपनगढ़) ने योगदान दिया। इसके अलावा 30 अन्य पुलिस अधिकारी और जवान शामिल हैं।

---

रूपनगढ़ हत्याकांड व फायरिंग प्रकरण में पुलिस पड़ताल में सामने आए तथ्य

# दबदबा घटता देख बौखलाया बलवा, जेल से सुनाया 'मरने-मारने' का फरमान

### बलवा के भांजे दिनेश की गिरफ्तारी के बाद खुलेंगे राज

मनीष कुमार सिंह
patrika.com

**अजमेर.** रूपनगढ़ हत्याकांड व फायरिंग प्रकरण में हाई सिक्योरिटी जेल की सुरक्षा व्यवस्था एकबारगी फिर सवालों के घेरे में है। पुलिस की अब तक की पड़ताल में सामने आया कि बीआरसी ग्रुप का सरगना बलवाराम जेल से अपने गुर्गों को फोन पर नहीं उकसाता तो वारदात टल जाती। उसको सहन नहीं हुआ कि जेल के बाहर कोई उसके दबदबे को चुनौती दे। घटना के दौरान अपने गुर्गे की पिटाई से बौखलाए बलवा ने जेल से अपने भांजे को फोनकर रूपनगढ़ में जमीन के टुकड़े को लेकर मरने-मारने का फरमान जारी कर दिया।

रूपनगढ़ कस्बे के शकील हत्याकांड और फायरिंग की वारदात में पुलिस की अब तक की पड़ताल में सामने आया कि बलवाराम का खास गुर्गा झोल की ढाणी निवासी नाहरसिंह उर्फ नारू 22 सितम्बर की सुबह 10 बजे गाड़ी लेकर आया। उसने वहां काम करवा रहे लोगों से कहा कि काम बंद कर दो। अगर काम बंद नहीं किया तो बलवाराम से बात कर लो। नहीं तो अंजाम बुरा होगा। निर्माण कराने वालों ने नारू की पिटाई लगा दी। वह अपनी गाड़ी छोड़कर पैदल भाग निकला। भागने से पहले उन्हें ललकारा कि ठहरना वह बलवाराम की टीम को लेकर लौटेगा। पुलिस पड़ताल के अनुसार नारू ने हाई सिक्योरिटी जेल में बंद बलवाराम को सूचना दे दी। नाहर सिंह उर्फ नारू की पिटाई से जेल में बौखलाए बलवाराम ने भांजे दिनेश चौधरी को कॉल किया। उसने दिनेश को जेल के बाहर रूपनगढ़ क्षेत्र में अपना दबदबा घटता देखकर जमकर खरी-खोटी सुनाई।

**एक्सक्लूसिव**



बलवाराम जाट फाइल फोटो

### ...मर जाओ या मारकर आओ

जानकारी के अनुसार जेल से बलवाराम जाट ने दिनेश चौधरी और अपने साथियों को उलाहना दिया कि नारू की पिटाई ने उसके नाम को मिट्टी में मिला दिया। बलवाराम के निर्देश पर दिनेश चौधरी ने करीब डेढ़ घंटे में अपने आसपास के साथियों को एकत्र किया। फिर अलग-अलग वाहनों में वारदात अंजाम देने के इरादे से रूपनगढ़ के लिए रवाना हुए।

### दिनेश ने दिया राजवीर को हथियार

पुलिस पड़ताल के अनुसार दिनेश चौधरी ने मामा बलवाराम के आदेश पर टीम को जुटाते हुए घटनास्थल के लिए रवाना हुआ। उसने राजवीर उर्फ फौजी को हथियार और असला थमाते हुए सीधे फायर करने का आदेश दिया। राजवीर ने भी दिनेश चौधरी के निर्देश पर घटनास्थल पर पहुंचते ही वाहन से भीड़ पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में मची अफरा-तफरी में श्रमिक शकील व ठेकेदार नारायण कुमावत के गोली लग गई। वारदात में शकील की मौत हो गई जबकि नारायण के जबड़े में गोली लगी थी।





### पैरोल खत्म होने पर वाहन रैली

बलवाराम सितम्बर के पहले सप्ताह में पैरोल पर जेल से बाहर आया। पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद वह किशनगढ़ से वाहनों का काफिला लेकर जुलूस के साथ घूघरा हाई सिक्योरिटी जेल के बाहर तक आया था। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उसको जेल तक छोड़ने आए थे। ऐसे में रूपनगढ़ में अपने ग्रुप के सदस्य की पिटाई उसको नागवार गुजरी।

### इनका कहना है...

बीआरसी ग्रुप के सरगना बलवाराम जाट से भी प्रकरण के हर पहलू पर गहनता से पड़ताल की जाएगी। उसे जल्द जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया जाएगा। प्रकरण में उसकी लिप्तता के तथ्य भी सामने आए हैं।

**वंदिता राणा,**
पुलिस अधीक्षक अजमेर

---

### बॉम आज, नियुक्त होगा कुलपति सर्च कमेटी का प्रतिनिधि

**अजमेर @ पत्रिका.** महर्षि दयानंद सरस्वती यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को सुबह 11.30 बजे बॉम (प्रबंध मंडल) की बैठक होगी। इसमें कुलपति सर्च कमेटी के लिए बॉम के प्रतिनिधि की नियुक्ति होगी। इसके बाद यूजीसी और राज्य सरकार के प्रतिनिधि नियुक्त होंगे। कुलपति प्रो. अनिल शुक्ला का तीन वर्षीय कार्यकाल 26 नवम्बर को समाप्त होगा। यूनिवर्सिटी का नया स्थायी कुलपति तलाशने के लिए सर्च कमेटी बनेगी। इसमें यूनिवर्सिटी के प्रबंध मंडल का प्रतिनिधि, यूजीसी और राज्यपाल के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बॉम बैठक में कुलपति सर्च कमेटी के लिए प्रतिनिधि का नाम तय होगा। इसका नाम राजभवन भेजा जाएगा। यूजीसी द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि सर्च कमेटी के संयोजक होंगे। राज्य-सरकार के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

#### करेंगे विरोध प्रदर्शन

आयुर्वेद और योग यूनिवर्सिटी को जमीन दिए जाने के प्रस्ताव को लेकर सुबह 11 बजे यूनिवर्सिटी के शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी तख्तियां लेकर विरोध करेंगे। मालूम हो कि सरकार द्वारा आयुर्वेद और योग यूनिवर्सिटी स्थापना के लिए महर्षि दयानंद सरस्वती यूनिवर्सिटी की करीब 80 बीघा जमीन दी जानी है। इसको लेकर शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारी संघों ने ऐतराज जताया है।

### संदिग्ध हालात में मौत

**अजमेर @ पत्रिका.** आदर्शनगर थाना क्षेत्र में गुरूवार सुबह एक किशोरी ने संदिग्ध हालात में विषाक्त सेवन कर लिया। उसको परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार परबतपुरा अर्जुनलाल सेठी कॉलोनी निवासी महेन्द्र सिंह रावत की 17 वर्षीय पुत्री सपना ने गुरूवार सुबह संदिग्ध हालात में विषाक्त सेवन कर लिया। परिजन उसे जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसे शिशुरोग विभाग में भर्ती करवाया।

---


शुष्क दिवस पर आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

## ग्रामीण इलाके में अवैध शराब पर रेड, शहर में बिकती रही शराब

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** सूखा दिवस(ड्राई डे) पर आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम के लिए ग्रामीण क्षेत्र में अभियान चलाया लेकिन शहरी क्षेत्र में धडल्ले से शराब बिकती रही। आबकारी टीम ने अर्जुनपुरा जागीर व भांवता गांव में 'रेड' डालकर अवैध हथकढ़ शराब बरामद की। आबकारी अधीनियम में तस्कर के खिलाफ कार्रवाई की गई।

आबकारी विभाग के अतिरिक्त आयुक्त राधेश्याम डेलू व जिला आबकारी अधिकारी महावीरसिंह के मुताबिक 2 अक्टूबर को आबकारी विभाग की ओर से शुष्क दिवस के अवसर पर शराब की बिक्री रोकने के लिए चलाए गए विशेष अभियान में गठित दल ने अर्जुनपुरा जागीर एवं भांवता ढीमड़ा बेरा क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई अंजाम दी। कार्रवाई में आबकारी निरीक्षक ग्रामीण दुष्यंतसिंह राठौड़ और अजमेर ग्रामीण प्रहराधिकारी सुरेन्द्रसिंह जोधा की टीम ने दबिश दी। टीम ने अर्जुनपुरा जागीर(पड़त दुकान क्षेत्र) व ढीमड़ा बेरा भांवता में अवैध शराब एवं हथकढ़ शराब बरामद की। टीम ने मौके से 2 कार्टून में 76 पव्वे सादा देशी मदिरा और 70 बोतल हथकढ़ शराब पकड़ी। संबंधित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1950 की धाराओं में दो अभियोग दर्ज किए।



'सूखा दिवस' शराब से रहा तर... सील दुकानों में 'सुराख', दिनभर बेखौफ बिकती रही शराब

**फॉलोअप**

### धडल्ले से बिकती रही शराब

2 अक्टूबर को शुष्क दिवस पर पत्रिका टीम ने अजमेर शहर के विभिन्न इलाकों के शराब के ठेके हालात देखे। यूं तो शराब के ठेकों के मुख्य शटर पर आबकारी विभाग की सील चपड़ी नजर आई लेकिन शराब के ठेके की दीवार, शटर, बगल में बने सुराखों से दिनभर शराब की बिक्री होती रही। देर शाम हालात बद से बदत्तर होते चले गए लेकिन आबकारी विभाग की टीम ने शहरी क्षेत्र की शराब की दुकानों की तरफ देखना मुनासिब नहीं समझा।

---

पुरानी मंडी क्षेत्र बेहाल, व्यापारियों में आक्रोश | आंदोलन की दी चेतावनी

# सड़क उधड़ने से चोटिल हो रहे लोग, बाजार में ग्राहकी पर भी आया असर

पत्रिका **टॉक शो**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** नगर निगम की ओर से पुरानी मंडी में सीसी ब्लॉक को उखाड़ कर नई सड़क बनाने के लिए खोदी गई सड़क को सप्ताह से अधिक होने जा रहा है। सड़क निर्माण तो दूर कोई संतोषजनक जवाब देने को तैयार नहीं है। कुछ स्थानों पर सड़क उधेड़ने के कारण फेरोकवर उखड़ कर आधे बाहर आ गए हैं। यहां दुपहिया वाहन सवार व महिलाएं गिर कर चोटिल हो रहीं है लेकिन निगम के अधिकारी व ठेकेदार कोई सुध नहीं ले रहे। असंतुलित होकर गिरने वाले लोगों को कई व्यापारियों ने सहारा दिया है। गुरुवार को भी यही हालात रहे।

अजमेर व्यापारिक संघ के अध्यक्ष किशन गुप्ता ने गुरुवार को राजस्थान पत्रिका के टॉक शो में बाजार की सड़कों को लेकर पीड़ा व्यक्त की। उनके साथ कई व्यापारियों ने त्योहारी सीजन में इस प्रकार सड़क को उधेड़ कर अधूरा छोड़ने को अनुचित बताया। दुकानदारों का तो यहां तक कहना रहा कि सीमेंट के ब्लॉक सही रूप से लगे थे। कुछ जगह उधड़े थे। उनकी मरम्मत की जा सकती थी लेकिन पूरी सड़क को उधेड़ दिया। अब सप्ताह भर से इसकी सुध नहीं ली जा रही। इससे लोगों का आवागमन बाधित हो गया है। समय रहते उपचार नहीं किया गया तो व्यापारी आंदोलन पर उतरेंगे।



अजमेर. क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर पत्रिका के टॉक शो में अपनी व्यथा बताते पुरानी मंडी के व्यापारी।

### महिला ग्राहकों की रहती भीड़

व्यापारियों का कहना है कि क्षेत्र में करीब 250 दुकानें हैं। इनमें से 75 प्रतिशत दुकानें महिलाओं संबंधी हैं। इनमें कॉसमेटिक, कपड़े, ज्वैलरी, मेकअप किट साड़ी रेडीमेड गारमेंटस, फुटवीयर व विद्यार्थियों के लिए पुस्तकों व स्टेशनरी की दुकानें हैं। ऐसे में यहां सुगम रास्ते नहीं होने से ग्राहकी ठप हो गई है। टॉक शो में अध्यक्ष गुप्ता के साथ संदीप जैन, बद्रीप्रसाद सिंघल, संजय गुप्ता, विजय पारवानी, राकेश हरवानी, नितेश नैनवानी, नारायण गर्ग आदि ने अपनी बात रखी।



अजमेर. पुरानी मंडी में उखड़े फेरोकवर पर से निकलते लोग। पत्रिका

### छह माह से भुगत रहे पीड़ा

व्यापारियों का कहना है कि वह पिछले छह माह से पीड़ा भुगत रहे हैं। यहां अप्रेल में पानी की लाइन डाले जाने के बाद से ही सड़कों को समतल नहीं किया गया। इसके बाद तीन माह बारिश में गुजर गए। अब त्योहारी सीजन है। ऐसे में सड़क को खोद कर छोड़ देने से ग्राहकी ठप हो गई है। दुकानदारों का कहना है कि जल्द ही समस्या का निवारण नहीं किया गया तो वह बाजार बंद कराएंगे एवं मुख्य मार्ग पर धरना व प्रदर्शन करेंगे।

### टायर फटने से टकराए वाहन

**अजमेर @ पत्रिका.** पुष्कर रोड पंचौली चौराहा पर गुरूवार दोपहर तेज रफ्तार लग्जरी कार अचानक आगे का टायर फटने से असंतुलित होकर सामने से आ रही कार से टकरा गई। गनीमत रही कि दुर्घटना में दोनों वाहन में बैलून खुलने से कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। गंज थाना पुलिस ने जेसीबी की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर रास्ता खुलवाया।




**शुभ नवरात्र** मां दुर्गा का दूसरा स्वरूप **माता ब्रह्मचारिणी**

ईशा फाउंडेशन

## सद्गुरु के खिलाफ जांच पर रोक, केस सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर



**नई दिल्ली @ पत्रिका**. सुप्रीम कोर्ट ने आध्यात्मिक गुरु जग्गी वासुदेव (सद्गुरु) के ईशा फाउंडेशन के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट के जांच के आदेश पर गुरुवार को रोक लगा दी। शीर्ष कोर्ट की पीठ ने मामला हाईकोर्ट से अपने पास ट्रांसफर कर लिया है। पीठ ने उन दोनों महिलाओं से बातचीत की, जिन्हें सद्गुरु के आश्रम में बंधक बनाए जाने का आरोप लगाया गया था। महिलाओं ने बताया कि वे मर्जी से आश्रम में रह रही हैं।

### ■ समझौता हो तो खत्म हों क्रिमिनल केस

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सिविल मामलों में पक्षकार अपने विवाद सुलझा लें तो उनके आपराधिक प्रकरण रद्द कर दिए जाने चाहिए। जस्टिस बीआर गवई की पीठ ने कहा कि व्यापारिक लेन-देन, वैवाहिक या पारिवारिक विवादों का मुख्य रूप से सिविल चरित्र होता है। ऐसे मामलों में आपराधिक मामला जारी रखना पक्षकारों का उत्पीड़न है।

पत्रिका शक्तिरूपा सम्मान

चुनिए अपने आसपास की ऐसी नारी शक्ति को, जिनमें हैं **मां दुर्गा जैसे गुण और 'शक्ति रूपा सम्मान' देकर बढ़ाइए उनका मान।** पूरी खबर पढ़ें शी न्यूज पर

सुप्रीम फैसला: केंद्र को भी मॉडल नियमों में जरूरी बदलाव का निर्देश

# 'जेलों में जातीय भेदभाव संविधान के खिलाफ, सभी राज्य सुधारें मैनुअल'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली**. जेलों में जाति के आधार पर भेदभाव और श्रम विभाजन के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अहम फैसले में कहा कि पिछड़ी जातियों के कैदियों को सफाई, झाड़ू लगाने और उच्च जाति के कैदियों को खाना पकाने का काम देना जातिगत भेदभाव है। यह अनुच्छेद 15 का उल्लंघन है। कोर्ट ने कई राज्यों के जेल मैनुअल के उन प्रावधानों को खारिज कर दिया, जिनके मुताबिक जेलों में कैदियों को जाति के आधार पर काम दिए जाते थे। कोर्ट ने कहा कि जेल रजिस्टरों में जाति का कॉलम हटाया जाना चाहिए।

सीजेआइ डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने एक जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जेलों में जाति-आधारित कार्य आवंटन खत्म करने के लिए 3 माह में जेल मैनुअल में संशोधन का निर्देश दिया। केंद्र को भी जाति-आधारित भेदभाव के खिलाफ जेल नियमों में बदलाव का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि मैनुअल में आदतन अपराधियों का संदर्भ उनकी जाति या जनजाति के बगैर विधायी परिभाषाओं के मुताबिक होना चाहिए।

**चौहत्तर साल से रुका हुआ एक जरूरी फैसला** @पत्रिकायन

### पीठ ने कहा...

**क्रूरता रहित मानवीय व्यवहार किया जाए**



1. *जाति के आधार पर कैदियों को अलग करने से जातिगत भेदभाव को बल मिलेगा। कैदियों को भी सम्मान का अधिकार है।*
2. कैदियों के साथ मानवीय और क्रूरता रहित व्यवहार किया जाना चाहिए। कैदियों को सम्मान न देना औपनिवेशिक व्यवस्था का अवशेष है।
3. जेल व्यवस्था को कैदियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति विचारशील होना चाहिए।

### राजस्थान और यूपी के प्रावधानों पर सवाल

पीठ ने राजस्थान के जेल मैनुअल के उन प्रावधानों पर सवाल उठाए, जिनमें ***विमुक्त (घुमंतू और खानाबदोश) जनजातियों का उल्लेख है।*** उत्तर प्रदेश के जेल मैनुअल के उन प्रावधानों पर भी आपत्ति जताई गई, जिसमें कहा गया कि ***साधारण कारावास वाले व्यक्ति को तब तक छोटा काम नहीं दिया जाना चाहिए, जब तक उसकी जाति ने ऐसा काम न किया हो।*** पीठ ने फैसले में कहा, ***कोई भी समूह मैला ढोने वाले वर्ग के रूप में पैदा नहीं होता। कोई छोटा काम करेगा या नहीं, कोई महिला खाना बना सकती है या नहीं... ये अस्पृश्यता के पहलू हैं।*** इनकी इजाजत नहीं दी जा सकती।

### सीजेआइ बोले, अच्छे शोध वाली याचिका



**पत्रकार** सुकन्या शांता ने राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, दिल्ली, पंजाब, बिहार, महाराष्ट्र समेत 13 राज्यों की जेलों में भेदभावपूर्ण प्रथाओं को उजागर करते हुए जनहित याचिका दायर की थी। फैसला सुनाने से पहले सीजेआइ चंद्रचूड़ ने कहा कि यह अच्छे शोध वाली याचिका है। उन्होंने वकीलों को मामले में प्रभावी ढंग से बहस के लिए बधाई दी। सीजेआइ ने कहा, मैम सुकन्या शांता, अच्छी तरह लेख लिखने के लिए धन्यवाद। यह नागरिकों की शक्ति उजागर करता है।

### एमपी समेत कई राज्यों ने नहीं दिया जवाब...

**सुप्रीम** कोर्ट ने सुनवाई के दौरान जनवरी में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु समेत 13 राज्यों से जेलों में कैदियों को जाति के आधार पर काम दिए जाने पर जवाब मांगा था। उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल को छोड़ किसी राज्य का जवाब नहीं मिला।

### खतरे पर सीवर टैंकों की नहीं होगी सफाई

**पीठ** ने कहा कि कैदियों से खतरनाक परिस्थितियों में सीवर टैंकों की सफाई कराने की इजाजत नहीं दी जाएगी। किसी विशेष जाति से सफाई कर्मियों का चयन करना पूरी तरह मौलिक समानता के खिलाफ है। पीठ ने जाति के आधार पर भेदभाव के मामलों से निपटने के लिए पुलिस को ईमानदारी से काम करने का आदेश दिया।

लंबा गोता: इजरायल-ईरान तनाव, चीन और एफएंडओ का असर


# बाजार एक ही दिन में 1769 अंक गिरा, 10 लाख करोड़ का झटका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली**. शेयर बाजार में गुरुवार को हाहाकार मच गया। निवेशकों के एक दिन में करीब 10 लाख करोड़ रुपए डूब गए। सेंसेक्स में 1769 अंक (2.10 फीसदी) और निफ्टी में 546 अंक (2.12 फीसदी) की गिरावट दर्ज की गई। गिरावट का प्रमुख कारण ईरान और इजरायल के बीच बढ़ता तनाव, चीन का प्रोत्साहन पैकेज और एफएंडओ में बदलाव माना जा रहा है। भारत के साथ दुनियाभर के शेयर बाजारों में गिरावट आई है।

शेयर बाजार की गुरुवार को शुरुआत गिरावट के साथ हुई। सेंसेक्स करीब 800 अंकों की गिरावट के साथ खुला। बाजार बंद होने तक 1769 अंक गिरकर 82,497 पर बंद हुआ। निफ्टी 546 अंक गिरकर 25,250.10 पर बंद हुआ। यह इस हफ्ते का तीसरा दिन है, जब बाजार में गिरावट आई। सोमवार को सेंसेक्स में 1200 से ज्यादा अंकों की गिरावट आई थी। मंगलवार को भी इसमें थोड़ी-सी गिरावट आई। बुधवार को गांधी जयंती के कारण बाजार बंद था। इसके बाद आज भी बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट के बाद कंपनियों की बाजार पूंजी 465 लाख करोड़ रुपए रह गई। यह 3 अक्टूबर को करीब 474 लाख करोड़ थी।

**संबंधित @ बिजनेस & वेल्थ**




**465 लाख करोड़ रुपए** *रह गई कंपनियों की बाजार पूंजी, जो 1 अक्टूबर को 475 लाख करोड़ के करीब थी।*

**3.8% गिरा सेंसेक्स** *पिछले 4 कारोबारी दिन में, निफ्टी में भी करीब 4% की गिरावट आई।*

### इसलिए गिरा...

- **ईरान-इजराइल तनाव:** ईरान व इजराइल के बीच बढ़ता तनाव बाजार पर भारी पड़ा। इससे बाजार में डर का माहौल है।
- **कच्चे तेल की बढ़ती कीमत:** तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमत बढ़कर 75 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई है। युद्ध के कारण ऑयल की सप्लाई पर असर पड़ेगा। इससे महंगाई बढ़ने का डर है।
- **चीन का प्रोत्साहन पैकेज:** भारत में निवेशक चीनी शेयरों के फिर उभरने को लेकर चिंतित हैं। पिछले हफ्ते चीनी सरकार की आर्थिक प्रोत्साहन की घोषणा के बाद विश्लेषकों ने चीनी शेयरों में तेजी की भविष्यवाणी की है। इससे विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकालकर चीनी बाजार में लगा रहे हैं।
- **एफएंडओ पर सेबी की ओर से उठाए कदम:** सेबी ने फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) को लेकर नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों का असर बाजार पर दिखाई दिया।
- **ऊंचा वैल्यूएशन:** शेयर बाजार का इस समय वैल्यूएशन काफी ऊंचा है। ऐसे में बड़ी गिरावट की आशंका बनी हुई है।






हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। **–वाल्तेयर**

शुभ नवरात्र

राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# चौहत्तर साल से रुका हुआ एक जरूरी फैसला

देश में जातीय भेदभाव की जड़ें कितनी गहरी हैं, इसका अनुमान लगाना आसान नहीं है। समय-समय पर सामने आने वाली कुछ घटनाओं से जातिवाद की जड़ों की गहराई का थोड़ा-बहुत अहसास ही हो पाता है। पत्रकार सुकन्या शांता बनाम भारत सरकार व अन्य ऐसा ही एक उदाहरण है। एक जनहित याचिका पर 'स्वतः संज्ञान' मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को विभिन्न राज्यों में अपनाए जा रहे जेल मैन्युअल के उन प्रावधानों को असंवैधानिक करार दिया, जिनके आधार पर कैदियों के साथ जातीय भेदभाव किया जाता रहा है। शीर्ष अदालत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तीन महीने के भीतर अपने जेल मैन्युअल संशोधित करने का निर्देश दिया है।

शीर्ष अदालत के इस फैसले पर किसी को हैरानी नहीं हुई होगी क्योंकि संविधान में तो स्पष्ट उल्लेख है कि धर्म या जाति के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। कोई ऐसा करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानून भी हैं। हैरानी तो इस बात की है कि आजादी के अमृतकाल में गणतंत्र की स्थापना के 74 साल बाद तक कैदियों को जेल मैन्युअल के आधार पर जातीय दुराग्रह का शिकार बनाया जाता रहा और किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। लोकतंत्र को कलंकित करने वाले प्रावधानों के खिलाफ किसी पत्रकार को अदालत से आग्रह करना पड़े, इससे अधिक शर्म की बात क्या हो सकती है?

कैदियों की जाति देखकर उनके काम के निर्धारण को औपनिवेशिक काल के भी काफी पहले से चली आ रही कुप्रथाओं का नतीजा कहा जा सकता है। औपनिवेशिक काल में भी बदलाव इसलिए नहीं हुआ, क्योंकि अंग्रेजों की नजर में हमारे मानवाधिकारों का कोई मूल्य नहीं था। वे तो ऐसे नियम बना रहे थे जिनसे भारतीयों को और बांटा जा सके। पर आजादी के बाद इतने सालों तक हम क्या कर रहे थे? क्या नागरिकों के रूप में यह हम सबकी विफलता नहीं है? ब्राह्मणों से खाने पकाने का काम और 'हरि' और 'चांडाल' जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर कथित नीची जातियों से सीवर की सफाई व मैला ढुलवाने को आखिर नियम के रूप में कैसे स्वीकार किया जाता रहा?

जेल मैन्युअल ही नहीं, देश में गणतंत्र की स्थापना के साथ हर उस नियम को बदला जाना चाहिए था, जो संविधान की भावना के खिलाफ है। अब 'देर आए पर दुरुस्त आए' कहकर संतोष किया जा सकता है। हालांकि, शीर्ष अदालत को इस फैसले तक लाने का श्रेय पत्रकार सुकन्या शांता को ही दिया जाना चाहिए, जिसने नागरिक धर्म का भी बखूबी निर्वाह किया है। इसीलिए प्रधान न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ ने भी अच्छे शोध वाली जनहित याचिका बताकर सुकन्या शांता की तारीफ की।


**एआइ तकनीक:** अनुमान से परे है विद्युत खर्च, बढ़ते भार को वहन करने के लिए यूएस की ग्रिड व्यवस्था भी कमतर

# स्पर्धा के लिए चाहिए चीन जैसी विद्युत क्षमताएं

**डेनिएला रुस**
एमआइटी कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैबोरेटरी की निदेशक हैं

**निको एनरिकेज**
स्टैनफोर्ड ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस के छात्र, ऊर्जा विभाग की एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी में टेक्नोलॉजी-टु-मार्केट स्कॉलर रहे हैं

द वाशिंगटन पोस्ट से विशेष अनुबंध के तहत



वैश्विक प्रतिस्पर्धी माहौल में ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) का उन्नत और प्रभावपूर्ण उपयोग चीन और अन्य प्रतिद्वंद्वी देशों से स्पर्धा करने के लिए महत्त्वपूर्ण हो गया है। पर, एआइ के उपयोग में बिजली की खपत बहुत अधिक होती है। इसकी बड़ी वजह एआइ की जटिलता और पेचीदगी है– गूगल पर एक सर्च में खर्च होने वाली बिजली की तुलना में चैटजीपीटी-4 पर एक सामान्य सवाल पूछने में दस गुना से ज्यादा बिजली खर्च होती है। जीपीटी मॉडल एक वाक्य में प्रत्येक शब्द का अनुमान लगाने के लिए 1.76 ट्रिलियन मापदंडों का उपयोग करता है, जबकि गूगल स्क्रीनफुल वेबपेजों को रैंक करने के लिए केवल 4 से 10 मिलियन मापदंडों का उपयोग करता है। दुनिया के शक्तिशाली देशों में यूएस की बात करें तो इसकी पावर ग्रिड व्यवस्था एआइ के बढ़ते उपयोग के भार को संभालने में समर्थ नहीं दिख रही है।

कल्पना कीजिए, अमरीका के इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन सिस्टम की: यह सिस्टम एक सदी से भी ज्यादा पुराना है और मौजूदा भार को वहन करने के लिए भी संघर्ष कर रहा है। इसके पहले कि सर्वाधिक उन्नत माइक्रोचिप्स का उपयोग किया जाए और अत्याधुनिक एआइ मॉडल की ओर कदम बढ़ाए जाएं, जरूरत है डेटा केंद्रों तक पर्याप्त, सुसंगत और निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए विभिन्न राज्यों को जोड़ने वाले अंतरराज्यीय राजमार्ग की तरह के कॉरिडोर्स की। पिछले साल 150 से ज्यादा एआइ विशेषज्ञों के साक्षात्कार में यही निष्कर्ष सामने आया कि पुरानी हो चुकी इलेक्ट्रिक ग्रिड क्षमता देश को पीछे की ओर ले जा रही है। ऐसे में यदि कंप्यूटर सर्वर अपनी सीमा तक पहुंच जाते हैं, तो अचानक आपकी कार में जीपीएस लोड होने में कुछ समय लगेगा, आपके पित्ताशय की सर्जरी में सहायता करने वाली रोबोटिक्स गणना करने के लिए रुक जाएगी, यहां तक कि महत्त्वपूर्ण साइबर सुरक्षा और बुनियादी ढांचा प्रणाली भी प्रभावित हो सकती है।

दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना करें तो अनुमोदन लेने और नई ट्रांसमिशन लाइन बिछाने की प्रक्रिया में अमरीका में दस से बीस वर्ष का समय लग जाता है, जबकि अधिनायकवादी केंद्रीकृत क्षमताओं वाले चीन में ऐसा पांच साल से भी कम समय में संभव है, क्योंकि बीजिंग ने अपनी क्षेत्रीय यूटिलिटीज को बड़े पैमाने पर एक सार्वजनिक उपक्रम में समेकित कर दिया है। आज चीन की विद्युत प्रणाली का आकार और उसकी गति से स्पर्धा करना यूएस के लिए चुनौती भरा हो सकता है। इसकी वजह यह है कि 2014 से 2021 के बीच यूएस की तुलना में चीन ने 80 गुना अंतरक्षेत्रीय ग्रिड क्षमता का निर्माण किया है। बिजली उत्पादन के क्षेत्र में चीन दुनिया का सबसे तेज क्षमता निर्माता देश है। ऑगस्टा, जॉर्जिया के निकट वोग्ली परमाणु संयंत्र में दो रिएक्टर जोड़ने में यूएस को 11 वर्ष लगे, जो तीन दशकों में यूएस के एकमात्र नए रिएक्टर थे, जबकि चीन ने लगभग 40 रिएक्टर बनाए। इसी दौरान 2022 और 2023 के बीच चीन ने सौर क्षमता में भी वृद्धि की, संयुक्त रूप से पूरी दुनिया से भी ज्यादा।


यूएस के नए 'हाइपरस्केल' डेटा सेंटर परिसर में बिजली का बहुत ज्यादा उपयोग होता है। पिट्सबर्ग के बाहर अमेजॉन के परिसर में साढ़े सात लाख घरों में होने वाले विद्युत उपयोग से भी ज्यादा बिजली का इस्तेमाल होता है। माइक्रोसॉफ्ट और ओपनआइ ऐसा 'स्टारगेट' परिसर तैयार करने की योजना बना रहे हैं जहां 30 लाख घरों के विद्युत उपभोग से ज्यादा बिजली का इस्तेमाल किया जाएगा।

दरअसल, एआइ तकनीक में विद्युत खर्च को लेकर नवाचार की जरूरत है ताकि जटिल गणनाओं के लिए जरूरी बिजली उपलब्ध हो सके। इसके लिए सबसे पहले, समस्या का समाधान करने का सबसे तेज और हरित तरीका है कम बिजली का उपयोग करना और अधिक कुशल एआइ सॉफ्टवेयर और बेहतर कंप्यूटर चिप्स बनाना। यह लक्ष्य पहुंच के दायरे में भी है। शोध के परिणामस्वरूप ऐसे छोटे, फिजिक्स-आधारित एआइ मॉडल्स तैयार हुए हैं जो चैटजीपीटी की 1/1000वीं ऊर्जा का उपयोग करते हैं और सटीक परिणाम भी देते हैं। इसका मतलब यह कि जिन गणनाओं के लिए अभी सुपर कंप्यूटर की जरूरत होती है, वे गणनाएं हमारे लैपटॉप और फोन पर भी हो सकेंगी। ऐसे कम्प्यूटर चिप्स भी बन गए हैं जो सर्वश्रेष्ठ एआइ चिप्स में खपत होने वाली ऊर्जा का दसवां हिस्सा उपयोग करते हैं। ऐसे नवाचारों के उपयोग से एआइ कैलकुलेशन में ज्यादा ऊर्जा की खपत नहीं होगी। दूसरा समाधान है पावर ट्रांसमिशन सिस्टम को तेजी से अपग्रेड करना। कई सुरक्षित, प्रमाणित और कम लागत वाली 'ग्रिड क्षमता बढ़ाने वाली प्रौद्योगिकियां' करदाताओं के अरबों बचा सकती हैं। नियामकों को कानूनों में बदलाव कर इन कुशल निवेशों को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि यूटिलिटीज लाभ कमा सकें।

अंत में यही कि हाई-वोल्टेज ट्रांसमिशन कॉरिडोर्स के निर्माण की दिशा में चीन ने मिसाल कायम की है और उससे सीखा जा सकता है। दुनिया के जो राष्ट्र एआइ तकनीक के साथ विकास को गति देना चाहते हैं उन्हें इलेक्ट्रिक ट्रांसमिशन कॉरिडोर्स का विस्तार करना चाहिए ताकि ग्रिड की विश्वसनीयता में अहम सुधार हो और उपभोक्ता ऊर्जा लागत में कमी आए। 21वीं सदी के पहले दशक के दौरान यूएस की अधिकतर आर्थिक प्रगति का कारण प्रौद्योगिकी में उसका वैश्विक नेतृत्व रहा। एआइ अब अगला चरण है। यूएस के पास सबसे उन्नत एआइ मॉडल्स के लिए निवेशकों का आधार, निगम और अनुसंधान संस्थान हैं, लेकिन शक्तिशाली डेटा हाईवे प्रणाली के बिना प्रगति सीमित हो सकती है।

## फैक्ट फ्रंट

### अंडमान कौकल



अंडमान कौकल या भूरा कौकल (सेंट्रोपस अंडमानेंसिस) अंडमान, कोको और टेबल द्वीप समूह में पाई जाने वाली गैर-परजीवी कोयल की एक प्रजाति है। इसे कभी-कभी ग्रेटर कौकल की उप-प्रजाति माना जाता है। यह मुख्य रूप से वनों वाले आवासों और घने बगीचों में पाया जाता है। यह एक बड़ा कौकल है। मादा की लंबाई नर से अधिक होती है। संरचनात्मक रूप से, यह ग्रेटर कौकल (सेंट्रोपस साइनेंसिस) से काफी मिलता-जुलता है, सिवाय इसके कि इसका पंख काले रंग के विपरीत हलके भूरे रंग का होता है। आइरिस हल्के भूरे रंग की होती है।

**मिनिएतुर्क:** तुर्की, अनातोलिया और ओटोमन साम्राज्य की स्थापत्य कला का बेजोड़ संग्रह

**इस्तांबुल** के मिनिएतुर्क संग्रहालय में तुर्की के सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों और स्थापत्य कला की दृष्टि से महान संरचनाओं के लघु संस्करणों के आसपास घूमते हुए पर्यटक। मिनिएतुर्क इस्तांबुल में गोल्डन हॉर्न के उत्तरपूर्वी तट पर एक लघु उद्यान है। इसे 2 मई, 2003 को खोला गया था। यह दुनिया के सबसे बड़े लघु उद्यानों में से एक है, जिसका मॉडल क्षेत्र 15,000 वर्ग मीटर और कुल क्षेत्रफल 60,000 वर्ग मीटर है। इसमें तुर्की और उसके आसपास की संरचनाओं के 1:25 पैमाने पर तैयार किए गए 135 मॉडल हैं। पार्क की 60 संरचनाएं इस्तांबुल से हैं, 63 अनातोलिया से हैं, और 13 ओटोमन क्षेत्रों से हैं जो आज तुर्की के बाहर स्थित हैं। इसके अलावा इफिसस में आर्टेमिस का मंदिर और हैलिकार्नासस (अब बोडरम) में मौसोलोस का मकबरा जैसी ऐतिहासिक संरचनाएं भी प्रदर्शित की गई हैं।



## प्रसंगवश

# बुनियादी सुविधाओं में हो जाए विस्तार तो बने बात

### धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है, लेकिन उस अनुपात में सुविधाएं नहीं बढ़ रहीं

दिन-प्रतिदिन लंबी होती आस्था की कतारों ने यकीनन धर्मनगरी खाटूश्याम एवं सालासर की तस्वीर बदली है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या से यहां न केवल रोजगार की राहें खुली हैं बल्कि आस-पास के इलाकों का आर्थिक विकास भी हो रहा है। सुविधाओं में विस्तार को लेकर की गई घोषणाएं धरातल पर उतरीं तो कालांतर में इन धार्मिक स्थलों के विकास को निस्संदेह पंख लगेंगे।

धार्मिक पर्यटन हब के रूप में तेजी से उभरे इन स्थलों के साथ इन तमाम सुकूनदायक बातों के साथ एक स्याह पक्ष भी जुड़ा हुआ है। दरअसल, इन स्थलों पर पसरी अव्यवस्थाएं यहां आने वाले श्रद्धालुओं का मन खिन्न कर देती हैं और वे कुछ कड़वे अनुभव साथ लेकर यहां से जाते हैं। बदलते दौर में अब श्रद्धालु अवसर विशेष तक ही सीमित नहीं रहे। श्रद्धालुओं की आवाजाही अब साल भर होने लगी है, लेकिन इन धार्मिक स्थलों पर सुगमता के साथ पहुंचना आसान नहीं है। खाटूश्याम में श्रद्धालुओं की संख्या के अनुपात में परिवहन के साधन नहीं हैं। प्रदेश में कई जगह मेलों पर राजस्थान रोडवेज अतिरिक्त बसों की व्यवस्था करता है लेकिन खाटूश्याम या सालासर के लिए अलग से बसों का संचालन नहीं होता। समय के साथ धार्मिक स्थलों पर होटल व धर्मशाला आदि का विस्तार जरूर हुआ है लेकिन आम श्रद्धालु को यहां रियायती दर पर कमरा मिलना बड़ा मुश्किल है।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए किए जाने वाले उपाय भी पर्याप्त नहीं कहे जा सकते। वैसे धार्मिक स्थलों पर सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण काम सफाई व्यवस्था को संतोषजनक रख पाना भी है। अक्सर मेलों के दौरान व्यवस्थाएं ऊंट के मुंह में जीरे के समान साबित होती हैं और हर तरफ गंदगी पसर जाती है। विशेषकर प्लास्टिक कचरा तो भारी मात्रा में निकलता है। धार्मिक स्थलों पर आने वाले पदयात्रियों के लिए जगह-जगह लगने वाले सेवा शिविरों में भी अक्सर पर्यावरण संरक्षण की अनदेखी की जाती है। बहरहाल, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए जाने वाले प्रयास तो धन्यवाद के काबिल हैं लेकिन बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी न हो, इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए। धार्मिक स्थलों पर सफाई, सुरक्षा, स्वच्छता बनाए रखना भी ईश्वर की प्रार्थना से कम नहीं है। कोशिश यही रहे कि यहां आने वाले श्रद्धालु अच्छे अनुभव लेकर ही जाएं।

**-महेन्द्रसिंह शेखावत**
mahendra.shekhawat@epatrika.com

**विधि-विधान:** 'पंथ', 'लिंग' अथवा 'नस्ल' के आधार पर भेदभाव नहीं

# हर महिला ले सकती है घरेलू हिंसा कानून की मदद



**ऋतु सारस्वत**
समाजशास्त्री और टिप्पणीकार
@patrika.com

हाल ही घरेलू हिंसा से संबंधित 'एस विजिकुमारी बनाम मोवनेश्वराचारी सी' मामले में उच्चतम न्यायालय की दो सदस्यीय खंडपीठ ने कहा- 'यह अधिनियम नागरिक संहिता का एक हिस्सा है जो भारत में हर महिला पर लागू होता है, चाहे उसकी धार्मिक संबद्धता तथा सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, जिससे संविधान के तहत सुनिश्चित उसके अधिकारों की अधिक प्रभावी सुरक्षा हो और घरेलू संबंधों में होने वाली घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं की सुरक्षा हो सके।' खंडपीठ ने यह टिप्पणी घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 25 (2) के तहत आवेदन स्वीकार करने के निर्देश के विरुद्ध अपील पर निर्णय देते हुए की।

शीर्ष न्यायालय का यह निर्णय 'स्त्री अधिकार' के संरक्षण की ही पैरवी नहीं करता, अपितु 'सभी के लिए न्याय' के सिद्धांत को प्रस्थापित करता है। यह निर्विवाद है कि घरेलू हिंसा किसी भी सभ्य समाज में पूर्ण रूप से अस्वीकार्य है। यूं तो हिंसा का कोई भी स्वरूप निंदनीय है परंतु घरेलू हिंसा के घाव जीवनपर्यंत रहते हैं क्योंकि आघात 'अपनों' से होता है। यही कारण है कि घरेलू हिंसा का प्रभाव शारीरिक एवं मानसिक स्तर पर बहुत गंभीर होता है। यक्ष प्रश्न यह है कि क्या घरेलू हिंसा के पीड़ित को उसके 'पंथ', 'लिंग' अथवा 'नस्ल' के आधार पर न्याय मिलना चाहिए? भारत की शीर्ष अदालत निरंतर इस तथ्य को अपने अनेक निर्णयों से स्थापित करती आ रही है कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 किसी पंथ की नियमावली से नहीं बंधी है अपितु यह 'अक्षम' व्यक्ति के 'पक्ष' में खड़ी है। एक समावेशी समाज की स्थापना का मूल लक्ष्य बिना किसी भेदभाव के समानता को स्थापित करना है। उल्लेखनीय है कि धारा 125 में प्रावधान है कि कोई भी व्यक्ति जिसके पास अपना भरण-पोषण करने के लिए पर्याप्त साधन हैं, वह पत्नी, बच्चों और माता-पिता को भरण-पोषण देने से इनकार नहीं कर सकता। वर्ष 2009 में उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा था कि 'भले ही एक मुस्लिम महिला को तलाक दिया गया हो फिर भी वह अपने पति से आपराधिक दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत इद्दत की अवधि समाप्त होने के बाद भी जब तक कि वह पुनर्विवाह नहीं करती भरण पोषण की मांग कर सकती है।' 'शबाना बानो बनाम इमरान खान' मामले की सुनवाई करते हुए उच्चतम न्यायालय ने टिप्पणी की, कि 'जब उसने संहिता के तहत अदालत में आना चुना है तब यह नहीं कहा जा सकता कि चूंकि वह एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला है। इसलिए इस आधार पर उसे कानून के अंतर्गत ऐसी इजाजत नहीं है।' धर्म विशेष के आधार पर धारा 125 सीआरपीसी के तहत भरण पोषण का दावा क्या अस्वीकार्य है? इस प्रश्न का उत्तर 25 अप्रेल 1985 को 'मोहम्मद अहमद बनाम शाहबानो बेगम' मामले में शीर्ष अदालत ने दिया। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया कि 'हमने यह दिखाने का प्रयास किया है कि यह निष्कर्ष निकालने से कोई बच नहीं सकता है कि एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला धारा 125 के तहत रखरखाव के लिए आवेदन करने की हकदार है।'

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के ताजा आंकड़े बताते हैं कि 18 से 49 वर्ष की आयु के बीच की 29.3 प्रतिशत विवाहित भारतीय महिलाओं ने घरेलू हिंसा का अनुभव किया है। 'द इंपैक्ट ऑफ डोमेस्टिक वायलेंस ऑन वूमेंस मेंटल हेल्थ', ग्वेनेथ एल. रॉबर्ट्स, जोन एम. लॉरेंस, गेल एम. विलियम्स, बेवर्ली राफेल का शोध बताता है कि घरेलू हिंसा का मानसिक स्वास्थ्य पर भयावह प्रभाव पड़ता है। इसमें 'पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर', अवसाद और आत्महत्या के विचार व प्रयास भी सम्मिलित हैं। इस तथ्य से भी कदापि इनकार नहीं किया जा सकता कि मौखिक अथवा शारीरिक हिंसा किसी भी व्यक्ति के आत्मसम्मान को समाप्त कर देती है और ऐसी स्थिति में उसे अपना जीवन नैराश्य से घिरा हुआ प्रतीत होता है। इसलिए घरेलू हिंसा को हर हालत में रोका जाना चाहिए।

**पर्यावरण:** भारत में नदियों को 'मां' का संबोधन दिया जाता है

# नदियों के संरक्षण का संकल्प लेकर सार्थक करें नवरात्र



**अतुल कनक**
लेखक और साहित्यकार
@patrika.com

मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड इलाके में स्थित घुरारी नदी को महिलाओं के सहयोग से जिस तरह से पुनर्जीवित किया गया, उसकी चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में भी की। यह प्रयास बताता है कि समाज जागरूक हो तो नदियों को बचाया जा सकता है। मध्यप्रदेश के ही टीकमगढ़ जिले की बरगी नदी और छतरपुर जिले की बछेड़ी नदी को इसी तरह जन सहभागिता से बचाया गया। पंजाब की कालीबेई नदी को बचाने का प्रसंग तो देश भर में चर्चित रहा है क्योंकि कालीबेई नदी वह नदी है, जिसके किनारे स्वयं गुरूनानक देव ने लंबा समय व्यतीत किया था। संत बलवीर सिंह सिचेवाल ने नाले में बदल चुकी इस नदी को नया जीवन देने का काम शुरू किया था और कारवां बढ़ता गया। इन उदाहरणों से साफ है कि प्रयास किए जाएं तो नदियों को बचाया जा सकता है।

पहले दिन की शुरुआत ही नदियों या कुएं- तालाबों से होती थी। जब से जरूरत का जल नलों के सहारे घरों तक पहुंचा है, लोग नदियों और दूसरे परंपरागत स्रोतों को भूल से गए हैं। हरियाणा में थापना नदी के किनारे रह रहे लोगों ने शायद इसीलिए न केवल इस छोटी नदी को पुनर्जीवित किया बल्कि हर साल सितंबर के अंतिम रविवार को नदी का जन्मदिन मनाने की भी परंपरा शुरू की ताकि लोग नदी से भावनात्मक जुड़ाव महसूस कर सकें। राजस्थान के बूंदी जिले के सतूर गांव में कुछ पुराविदों ने चंद्रभागा नामक पौराणिक नदी के प्रवाह मार्ग को पहचाना और अब इस नदी के पुनर्जीवन के प्रयासों की खबरें पढ़ने में आ रही हैं। कहते हैं कि दुष्यंत और शकुंतला का मिलन कण्व ऋषि के जिस आश्रम में हुआ था, उसके पास मालिनी नामक नदी बहा करती थी। जयशंकर प्रसाद ने अपने नाटक समुद्रगुप्त की भूमिका में कोटा के कंसुआ में स्थित प्राचीन मंदिर के पास ही कण्व ऋषि के आश्रम का अस्तित्व स्वीकार किया है। इस आश्रम के पास कोई नदी तो नहीं है लेकिन मंदिर की छत पर चढ़कर यदि पार्श्व में बहने वाले एक नाले को देखा जाए तो वह साफ तौर पर एक छोटी नदी का प्रवाह मार्ग प्रतीत होता है। क्या मालिनी और चंद्रभागा अपने सुनहरे दिनों की ओर लौट सकेंगी? देश के हर हिस्से में नदियां खासतौर पर छोटी नदियां उपेक्षा की शिकार हैं और उन्हें अपने उद्धार के लिए सार्थक प्रयासों की प्रतीक्षा है। महानगरों में तो छोटी नदियों के प्रवाह क्षेत्र को अतिक्रमण करके उन पर बस्तियां बसा दी गई हैं। यही कारण है कि जरा-सी बारिश में बस्तियों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाते हैं। मुंबई की मीठी, दहिसार, पईसर; चेन्नई की कोऊम, अडयार और कोर्तलाईयार नदियां अनियोजित नगर नियोजन की भेंट चढ़ गई हैं। उत्तरप्रदेश की तिलोदकी, तमसा, मड़हा, बिसुही, कल्याणी, पांवधोयी, काली हिंडन, मनसियता, गुंता जैसी नदियां अपने उद्धार की प्रतीक्षा कर रही हैं। बिहार की भसना, वापी, कमला, पलटनिया नदियों की भी यही कहानी है। यह सूची बहुत दूर तक जाती है और बताती है कि जिन नदियों ने अपने प्रेम से सभ्यताओं को सींचा है, हम उनके प्रति कितने संवेदनहीन हैं।

राष्ट्रीय शोध संस्थान, नागपुर ने कुछ दिन पहले एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि गंगा, यमुना, नर्मदा, गोदावरी और कावेरी सहित देश की चौदह प्रमुख नदियों में देश का 85 प्रतिशत जल प्रवाहित होता है लेकिन ये नदियां इतनी प्रदूषित हो चुकी हैं कि देश की 66 प्रतिशत बीमारियों का कारण बन रही हैं। यों भारत की 223 छोटी-बड़ी नदियों के बारे में पाया गया है कि व्यक्ति न तो उनके जल का आचमन कर सकता है और न ही उनमें स्नान कर सकता है। यह स्थिति डराती है। इस भय से उबरने का यही सार्थक रास्ता है कि हम छोटी नदियों के संरक्षण पर भी खास ध्यान दें क्योंकि छोटी नदियां ही अपने प्रवाह का जल बड़ी नदियों में उलीचकर उन्हें स्वस्थ और प्रखर करती हैं। नदियों को हमारी परंपराओं में 'मां' का संबोधन दिया जाता है। नवरात्र माता की आराधना का पर्व है। इस नवरात्र में हम सब नदियों के संरक्षण का संकल्प लें।

## आपकी बात

### खुफिया तंत्र की विफलता

**मादक** द्रव्यों की तस्करी पर लगाम न लग पाने के दो प्रमुख कारण हैं। पहला खुफिया तंत्र की विफलता और दूसरा अधिकारियों के साथ सांठगांठ ।

- **वसंत बापट**, भोपाल, मप्र

## आज का सवाल

**इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते टकराव का भारत पर क्या असर होगा?**

ईमेल करें
edit@epatrika.com

**patrika.com** पर पढ़ें

## पाठकों की प्रतिक्रियाएं

इसे स्कैन करें

**पत्रिकायन** का सवाल था, 'मादक द्रव्यों की तस्करी पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है?' प्रतिक्रियाएं ऑनलाइन भी देखें।
https://shorturl.at/6WVeX

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 22 | अंक 337 | पृष्ठ 16 | मूल्य 5.00 | **अजमेर, शुक्रवार, 4 अक्टूबर, 2024** | आश्विन शुक्ल पक्ष द्वितीया संवत् 2081

राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित




**शुभ नवरात्र** मां दुर्गा का दूसरा स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी

**फिल्म पर्यटन :** प्रत्येक माह विभाग को मिल रहे शहर में शूटिंग के लिए 3 से 4 आवेदन, प्रदेश में एक साल में 150 फिल्में शूट

# गुलाबीनगर होगा गुलजार...अगले 6 महीनों में 25 फिल्मों की शूटिंग

**पुनीत शर्मा**
patrika.com

**जयपुर .** प्रदेश में पर्यटन के साथ ही फिल्म पर्यटन भी अब गति पकड रहा है। वहीं पर्यटन विभाग भी फिल्म पर्यटन को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दे रहा है जिसके जरिए राजस्थान पर्यटन का प्रचार भी हो सके और स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोजगार भी मिल सके। जयपुर शहर की ही बात करें तो यहां के स्मारकों, खूबसूरत जगहों पर फिल्मों की शूटिंग के लिए पर्यटन विभाग को प्रत्येक महीने 3 से 4 आवेदन मिल रहे हैं।

पर्यटन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मार्च तक जयपुर शहर में फिल्म शूटिंग पर्यटन का जादू सिर चढ़ कर बोलेगा और 25 से ज्यादा फिल्मों की शूटिंग होगी।

पढ़ें **गुलाबीनगर** @ पेज 07



**जयपुर .** आमेर महल में पिछले दिनों हुई एक शूटिंग का दृश्य।

## शहर की ये लोकेशन भा रहीं निर्माताओं को

**पर्यटन** विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जवाहर सर्कल पर पत्रिका गेट लोकेशन फिल्म निर्माताओं को खूब भा रही हैं। यहां आने वाले दिनों में तीन से चार फिल्मों की शूटिंग होने वाली है और यह सिलसिला साल भर चलेगा। इसके साथ ही शहर के बाजार, स्टेच्यू सर्कल, बिरला मंदिर समेत अन्य लोकेशनों का फिल्म निर्माता शूटिंग के लिए चयन कर रहे हैं। जयपुर शहर में शूटिंग के लिए मार्च तक फिल्मी दुनिया के बडे सितारों की आवाजाही रहेगी। ऐसे में विश्व स्तर पर जयपुर शहर की ब्रान्डिग होगी।

## जिलों में हुई शूटिंग

| | | | |
|---|---|---|---|
| जयपुर | 35 | नागौर | 04 |
| उदयपुर | 19 | राजसमंद | 03 |
| जोधपुर | 19 | अलवर | 02 |
| जयपुर ग्रा. | 18 | भीलवाड़ा | 02 |
| अजमेर | 10 | बीकानेर | 02 |
| जैसलमेर | 09 | चित्तौड़गढ़ | 02 |
| झुंझुनूं | 09 | दौसा-पाली | 1-1 |
| श्रीगंगानगर | 06 | हनुमानगढ़ | 01 |
| कोटा | 04 | भरतपुर | 01 |

*1 अक्टूबर-23 से 30 सितंबर-24 तक*

**कैसे बने शक्तिस्वरूपा :** प्रदेशभर में वरिष्ठ अधिवक्ताओं में महिला सिर्फ एक

# अधीनस्थ जजों में महिलाएं बराबरी की ओर, हाईकोर्ट में 33 में सिर्फ 3

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**जयपुर .** न्याय का नाम आते ही देवी का चेहरा सामने आता है, लेकिन जज की कुर्सी पर छोटी अदालतों में ही महिलाएं नजर आती हैं। अधीनस्थ जजों में महिलाओं की संख्या पुरुषों की बराबरी के करीब है, लेकिन 33 हाईकोर्ट न्यायाधीशों में 3 ही महिला हैं। हाईकोर्ट से नामित वरिष्ठ अधिवक्ताओं में प्रदेश में एक ही महिला है। हाईकोर्ट और विधि विभाग में प्रशासनिक पदों पर कार्यरत महिलाएं भी कम हैं।

न्यायपालिका में महिलाओं के कम आने का एक बड़ा कारण यह बताया जाता रहा है कि कुछ साल पहले तक वकालत में महिलाएं कम थीं, लेकिन अब स्थिति बदल रही है।

पढ़ें **अधीनस्थ** @ पेज 07

### देश में महिला न्यायाधीश...

- **सुप्रीम कोर्ट** **33** में से **02**
- **हाईकोर्ट्स** **757** में से **106**
- **हाईकोर्ट सीजे** **25** में से **02**
- **सबसे अधिक महिला जज :** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में **13**



### वर्ष 2016 से ऐसे बढ़ीं अधीनस्थ जजों में संख्या

| वर्ष | कुल चयन | महिलाएं |
|---|---|---|
| 2016 | 121 | 68 |
| 2017 | 72 | 43 |
| 2019 | 33 | 17 |
| 2020 | 180 | 111 |
| 2021 | 08 | 04 |
| 2023 | 111 | 62 |

*हाल ही 2024 की आरजेएस भर्ती की मुख्य परीक्षा का परिणाम आया है। अब साक्षात्कार के बाद शीघ्र ही चयन प्रक्रिया पूरी होगी।*

### अधीनस्थ न्यायपालिका में 46% महिलाएं

**अधीनस्थ** न्यायपालिका में प्रदेश में महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या बढ़ी है और 2016 के बाद से 50 प्रतिशत से अधिक पदों पर महिलाओं का ही चयन हो रहा है। हालांकि न्यायिक अधिकारियों में महिलाओं के बढ़ने का सिलसिला 2013 में ही शुरू हो गया था। प्रदेश में 1300 से अधिक न्यायिक अधिकारी है, जिनमें से 618 महिलाएं हैं। इससे करीब 46 प्रतिशत पदों पर महिलाएं पहुंच गई हैं।

### चयन सिस्टम पर निर्भर

अधीनस्थ न्यायपालिका में तो परीक्षा से चयन, लेकिन उच्च न्यायपालिका में चयन सिस्टम पर निर्भर है। उच्च न्यायपालिका में महिलाओं को बढ़ावा देने के प्रयास हों। लॉ फर्म से भी महिलाओं के चयन का सुझाव दिया है। **सोनिया माथुर,** सदस्य, सुप्रीम कोर्ट बार एसो.

**हादसा**

## गुरुकुल में आग, 3 छात्र झुलसे, दो की हालत गंभीर

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**कोटा . देई .** बूंदी जिले के तलवास गांव में संचालित श्रीमद गुरु कार्ष्णि गुरुकुल में बुधवार देर रात को आग लग गई। आग से तीन छात्र झुलस गए। दो बालकों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उन्हें पहले नैनवां, फिर बूंदी अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन गंभीर स्थिति होने के कारण कोटा में रेफर किया और एमबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

आग की सूचना पर नैनवां तहसीलदार रामराय मीना व देई थानाधिकारी बाबूलाल मीणा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। नैनवां पुलिस उपाधीक्षक शंकरलाल मीणा ने कोटा चिकित्सालय पहुंचकर घायलों की जानकारी ली।

विस्तृत खबर और वीडियो के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

# ‘पैलेस ऑन व्हील्स’ दुनिया की नंबर-1 लग्जरी ट्रेन

**ट्रैवल पत्रिका ‘कोंडेनास्ट’ ने की घोषणा**

*द बेस्ट ट्रेन ट्रिप्स इन द वर्ल्ड-2024 रीडर्स चॉइस अवॉर्ड*



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**जयपुर .** पर्यटन सीजन की शुरुआत में ही राज्य के लिए खुशखबरी है। नामचीन ट्रैवल पत्रिका कोंडेनास्ट की ओर से शाही ट्रेन पैलेस ऑन व्हील्स को द बेस्ट ट्रेन ट्रिप्स इन द वर्ल्ड - 2024 रीडर्स चॉइस अवॉर्ड के तहत दुनिया की नंबर-1 लग्जरी ट्रेन नवाजा गया है।

दुनिया की लग्जरी ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों ने सर्वे में दिए फीडबैक में कहा है कि पैलेस ऑन व्हील्स -ओन्ली वे टू सी राजस्थान। यात्रियों का कहना था कि इस ट्रेन की साज सज्जा और मेहमानवाजी अद्भुत है। वहीं गुलाबीनगर में राजस्थानी परंपरा के साथ स्वागत अपने आप में रोमांचित करने वाला है।

पढ़ें **पैलेस** @ पेज 07

### अवॉर्ड मिलना गौरव की बात

पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन को यह अवॉर्ड मिलना गौरव की बात है। इससे साबित हुआ है कि राज्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन के क्षेत्र में मजबूत पहचान बना चुका है। **सुषमा अरोड़ा,** प्रबंध निदेशक, राजस्थान पर्यटन निगम

**पत्रिका जनप्रहरी**
स्वच्छ रहे राजनीति
janprahari.patrika.com

**आओ बनें जनप्रहरी**

आप ***जनप्रहरी बनकर*** जुड़ना चाहते हैं तो ***आवेदन के लिए*** मोबाइल से स्कैन करें।

## न्यूज विंडो

### हत्या के केस में पूर्व विधायक को उमकैद्र

**नई दिल्ली @ पत्रिका .** बिहार के पूर्व मंत्री बृज बिहारी प्रसाद की हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट का फैसला आंशिक रूप से खारिज करते हुए पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला समेत दो लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई। पूर्व सांसद सूरजभान समेत छह आरोपियों को हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक बरी करने का फैसला बरकरार रखा गया।

## झरोखा







VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO GET EXCITING OFFERS UP TO ₹ 1 00 000*

Scan to explore NEXA World | Scan to chat on WhatsApp

**AJMER: NEXA MAKHUPURA** (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), **NEXA VAISHALI NAGAR** (AJMER AUTO PH: 9694541201, 9314391004).

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and visit **www.nexaexperience.com** to book online.

Terms & conditions apply. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. **All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers and features may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 31st October '24 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities. *3 years or 100 000 km whichever is earlier.


अजमेर. शारदीय नवरात्र शुरू होने के साथ ही मंदिरों में श्रद्धालु उमड़ने लगे हैं। चामुंडा माता मंदिर में आरती के दौरान मौजूद श्रद्धालु। पत्रिका


अजमेर. बजनंगगढ़ चौराहा स्थित अम्बे माता मंदिर के बाहर गुरुवार शाम आरती के दौरान मौजूद श्रद्धालु। फोटो : वाहिद पठान

## शारदीय नवरात्र की शुरुआत : लोगों ने माता के किए दर्शन, सुख-शांति की कामना

# शुभ मुहूर्त में हुई घट स्थापना, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

पत्रिका धर्म-कर्म

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** शारदीय नवरात्र पर गुरुवार को समूचा शहर अम्बे मैया के जयकारों से गूंज उठा। शुभ मुहूर्त में घरों-मंदिरों में घट स्थापना की गई। लोगों ने विधि-विधान से मां शैलपुत्री का पूजन किया। मंदिरों में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोगों ने माता के दर्शन कर सुख-शांति की कामना की।

### विधि-विधान से किया पूजन

इंद्र और सर्वार्थ सिद्धि योग में घरों और मंदिरों में घट स्थापना की गई। लोगों ने मां शैलपुत्री को लाल चुनरी, पुष्प, रोली-मोली, फल, श्रीफल चढ़ाने के साथ-साथ भोग लगाया। शहर के बंगाली धर्मशाला, वैशाली नगर, पंचशील, शास्त्री नगर, खाईलैंड मार्केट, आदर्श नगर, मदार, नसीराबाद रोड, कायड़, फायसागर रोड, पुष्कर रोड सहित विभिन्न मंदिरों में अम्बे मैया का पूजन किया। लोगों ने हनुमान चालीसा, दुर्गासप्तशती, रामचरितमानस का पाठ किया। कई जगह अखंड ज्योत प्रज्जवलित की गई।

### नवरात्र जागरण 9 और 11 को

**अजमेर @ पत्रिका.** राजावीर साहिब दरबार एवं दुर्गा माता मन्दिर परिसर में महन्त टहलगिरी गोस्वामी की अगुवाई में 9 और 11 अक्टूबर को नवरात्र जागरण होगा। इसके अलावा नवरात्र के दौरान पूजन, कन्या भोज और आरती होगी। भगत आकाश भजन, गीत, आरती पंजड़े प्रस्तुत करेंगे।

### शुरु हुए व्रत-उपवास

नवरात्र में व्रत-उपवास भी प्रारंभ हो गए। कई लोग निराहार रहकर लगातार उपवास रखेंगे। अष्टमी और नवमी को कन्याओं का पूजन होगा। घरों-मंदिरों में कन्याओं को वस्त्र, उपहार और अन्य सामग्री भेंट की जाएगी।


अजमेर. कन्या पूजन कार्यक्रम के दौरान हवन में आहुति देती कन्याएं।

### माता मंदिरों में गूंजे जयकारे

प्राचीन चामुंडा मंदिर, मेहन्दीपुर बालाजी, मेहन्दी खोला माता मंदिर, बजरंगढ़ स्थित अम्बे माता मंदिर, नौसर घाटी स्थित नौसर माता और अन्य मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिर शंख और घडियाल से गूंज उठे। लोगों ने मंदिरों में माता की ज्योत के दर्शन कर सुख-शांति की कामना की।

### कन्या पूजन और कलश यात्रा

दुर्गा महाकाली मंदिर रामगंज में सुबह ध्वजारोहण हुआ। सुबह 7.15 बजे कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद दुर्गा महायज्ञ शुरू किया गया।

इसी तरह धौलाभाटा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज और सीनियर सिटीजन सोसायटी के तत्वावधान में 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ और 1008 कन्याओं का पूजन किया गया।


@ नव दुर्गा मंडल

### शहर में सजे पांडाल

पूजा-अर्चना के बाद पांडाल में अम्बे मैया की प्रतिमाएं स्थापित की गई। आजाद पार्क में महापौर बृजलता हाड़ा और पार्षदों ने विधि-विधान से पूजन कर मूर्ति स्थापित की।आनासागर लिंक रोड, मार्टिंडल ब्रिज, स्टेशन रोड और अन्य स्थानों पर मूर्तियों की खरीददारी हुई।

नव दुर्गा मंडल के तत्वावधान में कलश यात्रा निकाली गई। बैंड बाजे के साथ दो अश्वों पर धर्म ध्वजा और त्रिशूल लेकर युवा साथ चले। कलश यात्रा हरिओम कॉलोनी, सियाराम नगर, चंद्रवरदाई टेंपो स्टैंड से होते नव दुर्गा मंडल पांडाल पहुंची। सागर मीणा और अन्य ने आरती कर स्वागत किया।


@ नवदुर्गा मण्डल सुभाष नगर

**नव दुर्गा मण्डल सुभाष नगर** के संयुक्त तत्वावधान में दुर्गा माता की प्रतिमा की स्थापना की गई। युवा अध्यक्ष उम्मेद सिंह ने बताया मां काली की विशेष झांकी निकाली गई। पंडित हेमन्त गौड़ ने पूजन किया।

## माता रानी की प्रतिमा स्थापित, किया पूजन



**पुष्कर @ पत्रिका.** नगर में जगह जगह नवरात्र स्थापना समारोह शुरू हुए। वराह घाट चौक में श्रीब्रह्म पुष्कर सेवा संघ की ओर से ब्रह्म चौक में रामलीला शुरू हो गई है। घरों में घटस्थापना व जवारे बोये गए। नायक कॉलोनी में श्याम सखी मंडल के सानिध्य में माता रानी की प्रतिमा स्थापित की गई। पार्षद महेन्द्र सिंह खंगारोत ने माता प्रतिमा का पूजन किया। इस दौरान श्यामसखी मंडल से सपना, चांदनी, ख़ुशी, आशा, पूजा, मोनिका, अंजलि, वैष्णवी, हेमलता, राशि, सलोनी आदि ने पूजन किया। रात्रि में डांडिया का आयोजन होगा।

**अखंड रामायण पाठ शुरू :** पुष्कर मार्ग पर कपिलकुंड पर नृसिह भगवान के मंदिर में गुरूवार से अखंड रामायण पाठ व रामधुन के साथ नवरात्र स्थापना की गई। आयोजक गोविन्द धर्मावत ने बताया कि मध्यप्रदेश से 18 भक्तों की मंडली ने अखंड रामायण पाठ शुरू किया है। गुरुवार दोपहर मंत्रोच्चार के साथ घट स्थापना की गई।

## बैंडबाजों से निकाली कलश यात्रा



**नसीराबाद @ पत्रिका.** शारदीय नवरात्र के दौरान घट स्थापना से पूर्व गुरुवार को ग्राम लोहरवाड़ा स्थित भगवती वैष्णवी देवी मंदिर की ओर से बैंड-बाजों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा फ्रामजी उद्यान से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई ग्राम लोहरवाड़ा स्थित भगवती वैष्णवी देवी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। जहां मंडल स्थापना की गई एवं दुर्गा सप्तशती के पाठ प्रारंभ हुए। कलश यात्रा में मां दुर्गा, पंचमुखी हनुमान, श्रीकृष्ण आदि की व झांकियां शामिल थी। कलश यात्रा के दौरान नगर में कई स्थानों पर भगवती वैष्णवी देवी की आरती की गई।

नवरात्र के पहले दिन विधि-विधानपूर्वक घर-घर में घट स्थापना की गई। ग्राम लोहरवाडा स्थित भगवती वैष्णवी देवी मंदिर में 9 दिवसीय शतचण्डी महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। नगर के कई क्षेत्रों में श्रद्धालु मां दुर्गा की प्रतिमाओं को ढ़ोल-ढमाको के साथ जुलूस के रूप में ले गए और दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की। प्रतिमाओं को ले जाने का सिलसिला दिन भर जारी रहा।

## कायस्थ मौहल्ला में गरबा उत्सव आज से

**अजमेर @ पत्रिका.** चित्रांश वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में कायस्थ मोहल्ला पुरानी मंडी स्थित बीजासन माता मन्दिर में पूजन,आरती एवं गरबा रास उत्सव का आगाज शुक्रवार रात्रि आठ बजे से होगा। संस्था सचिव सुमनेश माथुर ने बताया कि गरबा गायन एवं समाज की महिलाओं एवं पुरुषों के गरबा रास होगा।

इस मौके पर माता के मंदिर को सजाया गया है। गरबा गायन (नॉन फिल्मी धुनों )पर तथा गुजराती में प्रतिमा माथुर एवं गायक भूपेंद्र माथुर (भप्पी ) भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। चित्रांश वेलफेयर सोसाइटी के



प्रवक्ता सुनील माथुर (नमो) व अध्यक्ष नारायण प्रसाद माथुर ने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्रीय व समाज बंधु शिरकत करेंगे।

## इजरायली पर्यटकों ने विश्व में सुख शांति की कामना



**पुष्कर @ पत्रिका.** सरोवर के जयपुर घाट पर गुरुवार की शाम इजरायली पर्यटकों ने यहूदी धर्म के अनुसार प्रार्थना करके रोशे-सनाह यानि नव वर्ष मनाया तथा विश्व में सुख शांति की कामना की। इजरायली धर्मस्थल बेदखबाद के संचालक सिम्सशन गोल्डस्टीन परिवार सहित थे। आयोजन के तहत बेदखबाद से अपने देश व धर्म का झंडा लहराते इजरायली बालकों के साथ पर्यटक पैदल चलकर जयपुर घाट तक पहुंचे तथा घाट पर कतारबद्ध हो गए। पर्यटकों ने खडे रहकर प्रार्थना की। इस दौरान पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। इससे पहले सभी ने दिन में बेदखबाद में भी धर्म के अनुसार जरूरी आयोजन किए। जमनी कुंड रोड पर थर्डआई परिसर में करीब 70 इजरायली पर्यटकों ने यहूदी धर्म के अनुसार रोशे सनाह यानी नववर्ष को पार्टी के रूप में मनाया। आयोजन के तहत पर्यटकों ने अनार, शहद और सेव फ्रूट एक-दूसरे को खिलाकर नववर्ष की बधाई दी।

## शोभायात्रा के साथ समाज की गोष्ठी आयोजित



**पुष्कर @ पत्रिका.** अग्रवाल समाज की ओर से 3 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन की 5148 वीं जन्म जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कस्बे के सूर्यधर्मशाला चौक से मुख्य बाजार होते हुए अग्रकुल प्रवर्तक अग्रसेन की बैण्डबाजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। समाज के प्रतिधियों ने एवं महिलाओं ने इस यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद समाज की सामूहिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। पुष्कर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष कमल किशोर अग्रवाल ने बताया गया की पुष्कर में प्रतिवर्ष अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की जन्म जयंती हर्षोल्लास से मनाई जाती है। आयोजन में बालकिशन अग्रवाल, महावीर प्रसाद बंसल, हरिनारायण बंसल ,अनिल ऐरन ,संजय बंसल, संजय अग्रवाल ,गोपाल मित्तल, गोवर्धन गोयल ,सुरेंद्र बंसल ,अशोक अग्रवाल, राधेश्याम गर्ग, दिलीप अग्रवाल, अजय अग्रवाल ,भागचंद अग्रवाल, मुकेश बंसल, श्याम बंसल ने सहयोग दिया।

## नगर निगम का दशहरा महोत्सव शुरू

# माता का दरबार सजाया, नारद मोह की कथा का मंचन


अजमेर. आजाद पार्क में डांडिया खेलने आए शहरवासी। पत्रिका


अजमेर. आजाद पार्क में महाआरती में भाग लेतीं महापौर हाड़ा व अन्य पार्षद।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** नगर निगम के तत्वावधान में दस दिवसीय दशहरा महोत्सव का आगाज गुरुवार को हुआ। आजाद पार्क में मां दुर्गा का दरबार सजाया गया। इस मौके महापौर ब्रजलता हाड़ा ने आरती की। आयुक्त देशलदान व निगम के अधिकारियों ने भी पूजा में भाग लिया। माता की स्थापना के बाद दोपहर 12.15 बजे आरती की गई। शाम साढ़े सात बजे जवाहर रंगमंच पर रामलीला का आगाज महापौर ब्रजलता हाडा ने किया। इस मौके पर मंडली में विभिन्न पात्र अदा करने वाले कलाकारों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। संयोजक पार्षद के. के. त्रिपाठी ने बताया कि मुख्य अतिथि अध्यक्ष आदि गौड़ ब्राह्मण मुकेश शर्मा एडवोकेट व अग्रवाल मारवाड़ी धड़ा अध्यक्ष संजय कंदोई रहे। पार्षद गजेंद्र सिंह रलावत, सुभाष जाटव ,राजू साहू, श्रवण कुमार विशिष्ट अतिथि रहे। रामकृष्ण ब्रज लोक कला केंद्र मंडली के संस्थापक तेजपाल भारद्वाज ने बताया कि पहले दिन रामजन्म का कारण और नारद मोह के प्रसंगों का मंचन किया। शुक्रवार को मनु शत व रुपा तपस्या भगवान राम का जन्म बधाई महोत्सव के प्रसंगों का मंचन होगा। प्रभारी अधिकारी डिंपल गुर्जर , मनोहर सोनगरा, जयश्री, मुकेश, तरुण, अयाज, प्रतीक, अभिषेक पाराशर, किशोर, घीसू लाल माथुर मामा व रजनीकांत बीजावतने व्यवस्थाएं संभाली। संयोजक केके त्रिपाठी ने श्रीफल वितरित किया।

आजाद पार्क में शाम आठ बजे गरबा रास कार्यक्रम का भी आगाज गुरुवार को ही किया गया। इस मौके पर पार्षद श्याम प्रजापति, सुनील धानका, लक्ष्मी बुंदेल आदि ने व्यवस्थाएं संभालीं।

## 2100 कन्याओं का सामूहिक पूजन कल

**पुष्कर @ पत्रिका.** माहेश्वरी सेवा सदन परिसर में नवरात्र के अवसर पर पांच अक्टूबर को प्रातः 9.30 बजे से दुर्वांकुश फाउण्डेशन एवं सर्व हिन्दू समाज के तत्वाधान में 2100 कन्याओं का सामूहिक पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संयोजक सत्यनारायण यादव ने बताया कि आयोजन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को बैठक हुई। इसमें निर्मल चौधरी, विष्णु शर्मा, पुष्पा पाराशर, सूरज नारायण पाराशर, जयकुमार रेशू पाराशर, रोहन बाकोलिया, कमल पाराशर, सुशीला कुमावत , संगीता कुमावत, प्रवीण कुमार वैष्णव, ईश्वर धवल, ममता रावत, अमन पाटोदिया, राजू रांकावत, टीकम माली, कैलाश रेनबो को जिम्मेदारी दी गई।

## अग्रसेन जयंती महोत्सव : कई जगह पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

# गाजे-बाजे के साथ निकली महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा


शोभायात्रा में सजी जीवंत झांकी।


अजमेर. अग्रसेन जयंती पर निकाले गए जुलूस में शामिल झांकियां और समाज के लोग। पत्रिका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** महाराजा अग्रसेन के 5148 वीं जयंती महोत्सव के तहत गुरूवार को गाजे-बाजे के साथ महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शहर में कई जगह इत्र और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। विभिन्न स्थानों पर तोरण द्वार बनाए गए। लोगों ने महाराजा अग्रसेन के जयकारे लगाए। ब्ल्यू कैसल स्थित राम बलदेव बद्रीप्रसाद गोयल धर्मशाला से दोपहर 3 बजे वैदिक मंत्रोचार और पूजन के बाद शोभायात्रा प्रारम्भ हुई।बैंड-बाजे, डीजे और नासिक -अजमेर के ढोल-ढमाकों के साथ शोभायात्रा केसरगंज,सीताराम बाजार, दयानन्द विद्यालय , केसरगंज गोलचक्कर, पड़ाव, पानदरीबा, क्लाकटावर, मदारगेट, पुरानी मंडी, नया बाजार, आगरा गेट होते हुए श्री अग्रसेन नगर पहुंची। मार्ग में जूस, पेयजल, प्रसाद वितरित किया गया।

इस दौरान श्रीनाथजी, राधाकृष्ण, शिव पार्वती, विष्णु अवतार, रामलला, लड्डू गोपाल सांवरिया सेठ, रामदरबार, खाटूश्याम बाबा, काली माता, महाराजा अग्रसेन की झांकी शामिल हुई। शोभायात्रा में घोडे, ऊंट, ध्वजाएं और वाहन सहित महाराजा अग्रसेन का विशेष रथ साथ चला। अग्रवाल समाज के लोगों ने आरती की। विभिन्न सामाजिक धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों की ओर से शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। मुख्य संयोजक अशोक पंसारी एवं डॉ. विष्णु चौधरी,गोपाल गोयल, सीताराम गोयल, विष्णु मंगल, दिनेश प्रणामी, लक्ष्मीनारायण हाटूका, शैलेंद्र अग्रवाल, विमल गर्ग, नरेंद्र बंसल, लोकेश अग्रवाल, उमेश गर्ग, हनुमान दयाल बंसल, प्रदीप बंसल और अन्य साथ चले।


अजमेर. शोभायात्रा का स्वागत करते अग्र समाज बंधु। पत्रिका

### संस्थाओं ने किया स्वागत

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला शाखा, महाराजा अग्रसेन महिला समिति, अग्रवाल महिला समिति, अंतराष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन, अग्रवाल सेवा संस्थान, अग्रवाल समाज अजमेर, अग्रोहा बंधु पश्चिम क्षेत्र संस्था, श्रीग्रवाल पंचायत सोलथंबा धड़ा, घसेटी धड़ा, मारवाड़ी धड़ा, गंज धड़ा, निसबरियान धड़ा, फतहपुरिया धड़ा, केसरगंज व्यापारी मंडल, अग्र वंशज संस्थान, श्याम प्रेम मंडल ने जगह-जगह स्वागत किया।

### सांस्कृतिक संध्या आज

मुख्य संयोजक अशोक पंसारी ने बताया की शुक्रवार शाम 7:30 बजे से अग्रवाल स्कूल प्रांगण में सांस्कृतिक संध्या एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाए गा।

हिंदू युवा वाहिनी और राष्ट्रीय अपराध जांच ब्यूरो के सदस्यों ने नया बाजार में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, पुष्पेन्द्र डीडवाणिया ,दिव्यांश गर्ग,हर्ष बंसल,नीलेश डीडवाणिया, महेंद्र जैन,अरुण कंदोई , रजनी गर्ग,हंसा अग्रवाल,रोहन गर्ग ने सहयोग दिया।

## शोभायात्रा में गूंजे जयकारे

**नसीराबाद @ पत्रिका.** अग्रवाल समाज की ओर से महाराजा अग्रसेन की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। समाज की ओर से महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली गई। यह फ्रामजी चौक स्थित जीडी टावर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई गांधी चौक स्थित अग्रवाल धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुई। यहां महाराजाधिराज की आरती की गई। शोभायात्रा में विभिन्न झांकियां शामिल थी। समाज के स्त्री-पुरुष महाराजा अग्रसेन के जयकारे लगाते चल रहे थे। इससे पूर्व प्रभात



फेरी निकाली गई जो नगर के मुख्य बाजार स्थित भगवान लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां हवन का कार्यक्रम हुआ। प्रातः 10 बजे अग्रवाल धर्मशाला से दो पहिया वाहन रैली निकाली गई। रैली में पुरुष, महिला व बच्चे वाहन लेकर चल रहे थे।

शुभ नवरात्र

राजस्व मंडल : अधीनस्थ राजस्व अदालतों के अंतरिम आदेश के विरुद्ध की थीं दायर

# निगरानी याचिकाएं निरस्त किए जाने पर वकीलों को एतराज

**अजमेर @ पत्रिका.** अधीनस्थ राजस्व अदालतों के अंतरिम आदेश के विरुद्ध राजस्व मंडल में निगरानी (रिवीजन) को निरस्त किए जाने को लेकर वकीलों ने ऐतराज जताया है। वकीलों ने प्रत्येक प्रकरण की प्रकृति के अनुसार इसकी सुनवाई तय किए जाने की बात कही है। उनका कहना है कि राजस्व मंडल की ओर से जिस आधार पर याचिका नहीं सुनी जा रही वह मात्र अध्यादेश है, कानून नहीं बना है। निगरानी याचिकाएं खारिज करने के परिपत्र को राजस्व बार के वकीलों ने अनुचित बताया है।



## पुस्तक को बनाया आधार

इस संबंध में वरिष्ठ अभिभाषक वीरेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय के डीन गोविंद सिंह राजपुरोहित व मंडल के सदस्य श्रवण कुमार बुनकर की पुस्तक राजस्थान भूमि विधियां 230 क नियम में बताया गया है कि अधीनस्थ अदालत के अंतरिम आदेश में पुनरीक्षण या रिवीजन नहीं हो सकेगी। ऐसे आदेशों के विरुद्ध लंबित समस्त रिवीजन या पुनरीक्षण याचिकाएं राजस्थान अभिधृति दिवतीय संशोधन अध्यादेश 2013 के अनुसार समाप्त मानी जाएंगी।

## कानून नहीं बना, केवल अध्यादेश

वकील राठौड़ ने बताया कि इससे पहले उक्त अध्यादेश विधानसभा में बिल लाकर कर पारित होता। वकीलों के विरोध के बाद तत्कालीन गहलोत सरकार ने इस बिल को पेश नहीं किया। इसके बावजूद मंडल में अध्यादेश मात्र के आधार पर रिवीजन याचिकाएं खारिज की जा रही हैं।

## अंतरवर्ती व अंतरिम आदेश में फर्क

वकीलों का कहना है कि अंतरवर्ती आदेश जिसमें अधीनस्थ अदालत ने कोई अर्जी खारिज कर दी लेकिन केवल दावा पेंडिंग है, ऐसे में यह अंतरवर्ती है। जबकि किसी आदेश के खिलाफ मंडल में रिवीजन की है लेकिन दावा व अर्जी अधीनस्थ अदालतें लंबित है वह अंतरिम आदेश है। ऐसे में भू राजस्व कानून की धारा 84 ए में अंतरिम आदेश व काश्तकारी अधिनियम की धारा 230 ए में रिवीजन पर विचार किया जा सकेगा लेकिन यह देखना होगा कि अधीनस्थ अदालत का आदेश अंतरिम है या अंतरवर्ती।

## मंडल को भी अंतर्निहित शक्तियां

वर्ष 1975 में मंडल के सदस्य रहे डीसी जोजफ के राजस्थान रेवेन्यू डाइजेस्ट के फैसले में उल्लेख है कि राजस्व मंडल भी आरटी एक्ट की धारा 221 व एलआर एक्ट की धारा 9 के तहत अंतर्निहित शक्तियों के तहत सुनवाई कर सकता है।

## आज वकील मंडल प्रशासन से करेंगे वार्ता

राजस्व मंडल के वकीलों का प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को मंडल प्रशासन के निबंधक व अधिकारियों से इस मामले में वार्ता कर मंडल के परिपत्र का विरोध जताएगा। वकीलों का कहना है कि यह प्रत्येक प्रकरण पर निर्भर करेगा कि रिवीजन की सुनवाई की जा सकती है या नहीं।

# खड़े कंटेनर में घुसी पिकअप, चालक की मौत

**सराधना.** तबीजी गैस प्लांट के सामने बुधवार रात्रि सब्जी से लदी पिकअप तेज गति में सड़क किनारे खड़े कंटेनर के पीछे जा घुसी। पिकअप सवार भाई स्टेयरिंग में फंस गए। हादसे में चालक की मौत हो गई। घायल को इलाज के लिए जेएलएन अस्पताल में भर्ती कराया गया। तबीजी गैस प्लांट के सामने गुरुवार रात्रि 3 बजे पिकअप जयपुर से सब्जी भरकर ब्यावर जा रही थी। अन्य वाहन से आगे निकलने के चक्कर में पिकअप का पहिया गड्ढे में उतरने के बाद कंटेनर में घुस गया। सब्जी की बोरियां 200 मीटर दूर जा गिरी। चालक जवाजा के भेरूखेड़ा निवासी सांवरलाल (18) पुत्र त्रिलोक माली और बड़ा भाई नीरज स्टेयरिंग में फंस गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों भाइयों को बाहर निकाला। हादसे में सांवरलाल की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। मृतक के चाचा संपत लाल की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है।

# शॉर्ट सर्किट से कोल्ड स्टोर धधका



**अजमेर @ पत्रिका.** शास्त्रीनगर पुलिस चौकी के पास गुरुवार दोपहर आइसक्रीम के कोल्ड स्टोर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे गोदाम को चपेट में ले लिया। अग्निशमन विभाग के वाहनों ने समय पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। जानकारी अनुसार गोदाम प्रकाश गुरनानी का है। जहां ब्रांडेड कम्पनी की आइक्रीम का गोदाम बना रखा था। सूचना पर पहुंची क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है।

# दुपहिया वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद



**अजमेर.** कोतवाली थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने चोरी की बुलेट बाइक बरामद की है। पुलिस आरोपियों से वाहन चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में गहनता से पड़ताल में जुटी है। थानाधिकारी वीरेन्द्रसिंह शेखावत ने बताया कि एसपी वंदिता राणा के आदेश पर वाहन चोरी की वारदातें पर अंकुश लगाने की दिशा में चलाए जा रहे अभियान में थाना स्तर पर गठित टीम ने 13 सितम्बर को बापूनगर प्रभात सिनेमा के पीछे रहने वाले कौशल कुमार सोनी की चोरी हुई बाइक की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने अजमेर से राजसमन्द तक 300 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से बाइक चोर का पीछा करते हुए राजसमन्द दिवेर धोलिया की जड़ बरजाल के कांकरोली निवासी कुलदीपसिंह व देवगढ़ किशनपुरा निवासी उम्मेदसिंह रावत को पूछताछ के लिए थाने लेकर आए। पड़ताल में आरोपियों ने बाइक चोरी की वारदात अंजाम देना कबूल किया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी की बाइक बरामद की।

# रेलवे स्टेशन पर जीआरपी व आरपीएफ ने चलाया तलाशी अभियान

**अजमेर @ पत्रिका.** प्रदेश के रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी के मामले में गुरुवार को अजमेर के रेलवे स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्म पर आरपीएफ अजमेर और जीआरपी का संयुक्त सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अजमेर के मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर निरीक्षक राजेन्द्र चौधरी, उपनिरीक्षक सोमेन्द्र सिंह व राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में डॉग स्कवायड के साथ स्टेशन के प्लेटफार्म पर तलाशी ली। यात्रियों को भी लावारिस वस्तु के प्रति सावधानी बरतने व पुलिस को इत्तला देने की बात कही। प्लेटफार्म, वेटिंग हॉल, बुकिंग हॉल एवं सवारी गाड़ियों में सघन चेकिंग की गई। डॉग स्क्वॉड के साथ यात्री सामान, पार्सल, डस्टबिन, स्टेशन बिल्डिग आदि की तलाशी ली गई। संदिग्ध व्यक्ति नजर आने पर रेलवे हेल्पलाइन 139 पर कॉल कर सूचना देने की समझाइश की।

## आज अवरोध

**बिजली बंद**

**क्षेत्र:** श्रीनगर रोड, ईश्वर बस्ती, आर्य नगर, रेलवे कॉलोनी
**समय:** सुबह 8.30 से 1.30 बजे

**क्षेत्र:** सर्वेश्वर नगर,पुलिस लाइन क्वार्टर, बालूपुरा स्कूल
**समय:** सुबह 8.30 से 10.30 बजे

**क्षेत्र:** सोमलपुर गांव, पीलीखा, हरिजन बस्ती
**समय:** सुबह 9 से 1 बजे

**क्षेत्र:** नागफनी चौराहा, नागफनी गली नं. 1,2,3,4
**समय:** सुबह 10 से 1 बजे
















## राहुल गांधी के आरक्षण विरोधी बयान पर कसा तंज



**अजमेर @ पत्रिका.** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा शहर जिला अजमेर के की ओर से गुरूवार को आशागंज स्थित हांसीबाई धर्मशाला में प्रबुद्धजन की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से एस.सी.एस.टी, ओबीसी आरक्षण को खत्म करने के उद्देश्य से विदेश में दिए गए बयान का विरोध किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बी.एल. नवल ने कहा कि कांग्रेस की कथनी व करनी में अंतर है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी देश में आरक्षण के पक्ष में वार्ता करते है व विदेशों में जाकर अपने भारत में भारत विरोधी बयान व आरक्षण के खिलाफ बोलते हैं कि हमारी सरकारी आएगी तो आरक्षण खत्म करने पर विचार करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश सोनी ने सभी वर्गो से कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ देश में आन्दोलन, धरना-प्रदर्शन व उनके खिलाफ एफ.आई.आर. तक दर्ज कराई गई। संचालन मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश खींची ने किया।

## कुर्सी और बीपी इंस्ट्रूमेंट भेंट



**अजमेर @ पत्रिका.** बालाजी सेवा संस्थान के तत्वाधान में गांधी जयंती और नवरात्र स्थापना पर बच्चों ने कुर्सियां, बी. पी इंस्ट्रूमेंट और अन्य भेंट की। अविनाश सैनी ने बताया जवाहर लाल नेहरू ब्लड बैंक को 15 कुर्सी, 2 ब्लड वेट मशीन और बी.पी इंस्ट्रूमेंट जनाना ब्लड बैंक और 5 कुर्सी गुलाब बाड़ी डिस्पेंसरी को भेंट की गई। ब्लड बैंक के काउंसलर गंगासिंह और टेकनीशियन सुनील कुमार ने बच्चों का ब्लड ग्रुप चेक किया। यशस्वी सैनी, सिद्धि टाक, देवांश टाक, नक्ष्य मारोठिया, निहाल टाक, नमन सैनी और अन्य बच्चों ने सहयोग दिया।

## कलाकारों ने किया नाटक का मंचन

**अजमेर @ पत्रिका.** समाज कल्याण सप्ताह के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने केन्द्रीय कारागार में आपराधिक सुधार दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। अपना थियेटर संस्थान के कलाकारों ने नाटक में बंदियों को समानता, अच्छा जीवन जीने की प्रेरणा, समाज में आपराधिक कुरीतियों का त्याग का संदेश दिया गया। समाज कल्याण अधिकारी प्रमोद शेखावत ने बताया कि जेल में कम्प्यूटर, सिलाई प्रशिक्षण, ऑरकेस्ट्रा का कार्यक्रम जारी हैं।

## आज का राशिफल

**सूर्यास्त:** आज शाम 06:25 बजे | **चन्द्रोदय:** आज दोपहर 07:33 बजे
**सूर्योदय:** कल सुबह 06:14 बजे | **चन्द्रास्त:** आज रात 19:00 बजे

**मेष** — *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ*
किसी के इंतजार में समय बीतेगा, अध्ययन के लिए स्थान परिवर्तन हो सकता है, धार्मिक आयोजनों में शामिल होंगे।

**वृषभ** — *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो*
व्यापार में चल रहे तनाव समाप्त होंगे, जीवनसाथी के स्वास्थ्य में कमी आएगी मित्रों के साथ यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — *क, की, कु, घ, ड, छ, के, को, ह*
पारिवारिक माहौल अनुकूल न रहने से तनाव बढ़ेंगे। मशीनरी पर खर्च बढ़ेगा, अनजान व्यक्ति से संबंध मजबूत होंगे।

**कर्क** — *हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो*
समय रहते हैं जरूरी काम पूरे करें, आलस त्यागें काम को समय पर करना सीखें, आध्यात्मिक उन्नति संभव है।

**सिंह** — *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे*
आलस की अधिकता के कारण कार्य अधूरे रहेंगे। धार्मिक आयोजनों में विशेष सहभागिता होगी आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

**कन्या** — *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो*
काम के तरीके लोगों को प्रभावित करेंगे, स्वास्थ्य में कमी आएगी, कार्य की अधिकता से निजी कार्य प्रभावित होंगे।

**तुला** — *रा,री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते*
भाइयों से चल रहे मनमुटाव बड़ा रूप ले सकते हैं, दूसरों की बातों में आकर अपने निजी संबंध खराब ना करें।

**वृश्चिक** — *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू*
दिन व्यस्तता युक्त रहेगा, पैरों से संबंधित पीड़ा बढ़ सकती है मकान की मरम्मत पर खर्च होगा, आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

**धनु** — *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे*
व्यवहार से लोग प्रभावित होंगे, प्रेम-प्रसंग में महत्वपूर्ण निर्णय लेने का समय आ गया है, नया वाहन खरीद सकते हैं।

**मकर** — *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी*
आपके व्यक्तित्व से लोग प्रभावित होंगे, धार्मिक आस्था बढ़ेगी पिता के साथ तालमेल स्थापित होगा, न्याय पक्ष मजबूत होगा।

**कुम्भ** — *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा*
विरोधी छवि खराब करने में लगे रहेंगे, आपके कार्यों में लोग खामियां निकलेंगे, विवाह में आ रही परेशानी से तनाव बढ़ेगा।

**मीन** — *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि*
बातें कम और काम ज्यादा करें, लोगों के निजी मामलों में दखल देना बंद करें, नौकरी में तबादला संभव है।

**ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास,** पंचांगकर्ता, उज्जैन

## ग्रह-नक्षत्र


**ज्योतिर्विद: पं. घनश्यामलाल स्वर्णकार**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1446 | ऋतु: | शरद् |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास : | रवि-उल-अव्वल-30 | मास: | आश्विन |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | दक्षिणायण | पक्ष: | शुक्ल |

### आज का दिन

**शुक्रवार, 4 अक्टूबर, 2024**

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज सूर्योदय से पूर्वाह्न 10-48 तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत, दोपहर 12-16 से दोपहर बाद 01-43 तक शुभ तथा सायं 04-39 से सूर्यास्त तक चर के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 11-52 से दोपहर 12-39 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त हैं, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।
**शुभ तिथि:** द्वितीया भद्रा संज्ञक तिथि अन्तरात 05-31 तक, तदन्तर तृतीया जया संज्ञक तिथि है। द्वितीया तिथि में विवाहादि मांगलिक कार्य, वास्तु, अलंकार, यज्ञोपवीत और प्रतिष्ठा सम्बन्धी कार्य करने योग्य हैं। आज द्वितीय नवरात्रा है। आज ब्रह्म चारिणी देवी के स्वरूप की आराधना करने से रोग-शोक से मुक्ति मिलती है।

**नक्षत्र:** चित्रा ''मृदु व तिर्ङ्यंमुख'' संज्ञक नक्षत्र सायं 06-38 तक, तदन्तर स्वाति ''चर व तिर्ङ्यंमुख'' संज्ञक नक्षत्र है। चित्रा नक्षत्र में शान्ति, पुष्टता, वास्तु, जनेऊ, कृषि व अलंकार सम्बन्धी व स्वाति नक्षत्र में सभी शुभकार्यादि करने योग्य है।

**योग:** वैधृति नामक अत्यन्त बाधा कारक व दुर्द्धर्ष अशुभ योग अन्तरात 05-21 तक तदन्तर विषकुम्भ नामक योग है। वैधृति नामक योग की समस्त घटियां शुभकार्यों में त्याज्य है।

**विशिष्ट योग:** राजयोग नामक शुभ योग सूर्योदय से सायं 06-38 तक है। राजयोग नामक योग में सभी धार्मिक व मांगलिक योग शुभ होते हैं।

**करण:** बालव नामकरण सायं 04-15 तक, तदन्तर कौलव व तैतिलआदि करण क्रमश: है।

**व्रतोत्सव:** आज नवीन चन्द्र के दर्शन उ.मु. उत्तर श्रृंगोन्नत तथा वैधृति पुण्यं है।

**चंद्रमा :** चंद्रमा तुला राशि में सम्पूर्ण दिवारात्रि है।

**ग्रह राशि-नक्षत्र परिवर्तन :** शुक्र विशाखा नक्षत्र में रात्रि 12-13 से।

**शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज विवाह का अतिआवश्यकता में स्वाति नक्षत्र में (शनि वेध व वैधृति दोष युक्त) मुहूर्त है।

**दिशाशूल:** शुक्रवार को पश्चिम दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है, पर आज तुला राशि के चन्द्रमा का वास पश्चिम दिशा की यात्रा में सम्मुख होगा, जो लाभदायक व शुभप्रद ही रहेगा।

**राहुकाल** (मध्यमान से): प्रात: 10-30 बजे से दोपहर 12-00 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे-** आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (र, री, रू, रे) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि तुला है। तुला राशि के स्वामी शुक्र हैं। इनका जन्म रजतपाद से है। सामान्यत: ये जातक बुद्धिमान, धनवान, सुन्दर, नीति-कुशल, सौन्दर्य प्रसाधन प्रेमी, सुन्दर लिखावट वाले और सर्वप्रिय होते हैं। इनका भाग्योदय 28 वर्ष की आयु तक होता है। तुला राशि वाले जातकों के रुके हुए कार्य सम्पन्न होंगे। परिवार में मांगलिक कार्यों की रूप रेखा बनेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में प्रगति होगी।

बिजली की लाइनों-जीएसएस पर रख रखाव शुरू

# दीपावली पर 50 लाख घरों को रोशन करने में जुटे अधिकारी-कर्मचारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** दीपावली पर अजमेर सहित 17 जिलों के 50 लाख घरों को रोशन करने के लिए अजमेर डिस्कॉम और टाटा पावर के अधिकारी-कर्मचारी जुट गए हैं। दीपावली से बिजली की लाइनों और जीएसएस पर मेंटेनेंस शुरू किया गया है।

दीपावली में महज 29 दिन बचे हैं। सभी 17 जिलों में पर्याप्त विद्युत आपूर्ति के लिए अजमेर डिस्कॉम पूरी तैयारी में जुट गया है। शहर की विद्युत वितरण व्यवस्था का जिम्मा टाटा पावर के पास है। औसतन रोजाना शहर के चार से पांच क्षेत्रों में दो से तीन घंटा मेंटनेंस के लिए बिजली कटौती शुरू हुई है। दीपावली से पहले बिजली लाइनों के मेंटेनेंस का काम पूरा किया जाना है।

### 80 से 90 लाख यूनिट तक खपत

मौजूदा बिजली की खपत 60 से 70 लाख यूनिट है। दीपावली पर्व के दौरान बिजली की खपत 80 से 90 लाख यूनिट तक पहुंचेगी। घरों, प्रतिष्ठानों, दफ्तरों, सार्वजनिक स्थानों पर रंगबिरंगी लाइटों में



सजावट के चलते भार बढ़ेगा। लिहाजा बिजली कंपनियां ट्रांसफॉर्मर की जांच, लाइनों में फॉल्ट, बिजली के खंभे बदलने, फ्यूज ठीक करने में जुट गए हैं।

**600 मेगावाट तक भार :** धनतेरस से ही डिस्कॉम के क्षेत्राधीन 17 जिलों में बाजारों और घरों में सजावट का दौर शुरू हो जाएगा। अभी 350 से 400 मेगावाट तक भार है। दीपावली तक 600 मेगावाट तक भार बढ़ जाएगा। ऐसे में निर्बाध आपूर्ति के लिए मेंटेनेंस और अतिरिक्त बिजली स्टोरेज की जरूरत है।

### टीम कर रहीं कामकाज

डिस्कॉम और टाटा पावर की टीम बिजली मेंटेनेंस को लेकर जुटी हैं। अफसरों-कर्मचारियों की सर्कल में ड्यूटी लगाई गई हैं। इन्हें जरूरत पड़ने पर ही अवकाश लेने को कहा गया है।

## झूलेलाल धाम में असुचंड महोत्सव आज






अजमेर. असुचंड महोत्सव की शुरूआत करते समाज के लोग।

**अजमेर @ पत्रिका.** दिल्ली गेट स्थित झूलेलाल धाम में असुचंड महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को होगा। पूज्य लाल साहब मंदिर सेवा ट्रस्ट के महासचिव जयकिशन पारवानी ने बताया कि सुबह 6:30 बजे नित्य नेम आरती, 9:15 बजे संत महात्माओं की मौजूदगी में ध्वजारोहण होगा। श्रद्धालुओं का पलान्द छुड़ाना, जनेऊ संस्कार, मुंडन संस्कार कार्यक्रम होंगे। दोपहर 1 बजे आम भंडारा होगा। शाम 5 बजे प्रधान ट्रस्टी प्रभु लौंगानी, सीमा पमनानी, कमला, तारा हरपलानी, सीमा लालवानी, नीतू कलवानी और झूलेलाल मंडली के सदस्य भजन, कीर्तन,पंजड़े पेश करेंगे। शाम 7 बजे पंज महाज्योत प्रज्वलित कर महाआरती होगी। डांडिया छेज के बाद पंजमहाज्योति विसर्जित की जाएगी। कोषाध्यक्ष हीरानंद कलवानी ने बताया कि शनिवार को प्रात 6:30 बजे नित्य नेम आरती, सुबह 10 बजे महेश दास बैरागी का सुंदरकांड पाठ, रात्रि 9 बजे संजू भगत एवं पार्टी भजन कीर्तन पेश करेंगे। रात्रि 12 बजे पल्लव अरदास का आयोजन होगा।

### महोत्सव के तहत ध्वजा फहराया

झूलेलाल मन्दिर वैशाली नगर में झूलेलाल सेवा मंडली के तत्वावधान में गुरुवार से तीन दिवसीय असुचंड महोत्सव शुरु हुआ। सुबह मंदिर में ध्वज फहराया गया। मंदिर के महासचिव ईश्वर दास जेसवानी ने भगवान झूलेलाल की पूजा की। शाम को दीपदान के साथ महाआरती जयप्रकाश मंघाणी, महेंद्र कुमार तीर्थानी,ख़ुशीराम इसरानी, गोविंदराम कोडवानी, किशन केवलानी और अन्य ने की। मन्दिर के अध्यक्ष प्रकाश जेठरा ने बताया कि शुक्रवार को शाम 6.30 बजे महेश भगत एंड पार्टी भजन और पंजड़े पेश करेंगे।झूलेलाल सेवा मंडली परिवार पवित्र महा ज्योत प्रज्वलित करेगा। पल्लव प्रार्थना और छेज लगाई जायेगी।

## स्वयंवर की लीला देखने लोग उमड़े



**पुष्कर @ पत्रिका.** वराह घाट चौक में नगर पालिका के सहयोग श्री ब्रह्मा पुष्कर सेवा संघ के तत्वाधान में आयोजित रामलीला में गुरुवार की रात सीता स्वयंवर की लीला देखने दर्शक उमड़े। शिव धनुष को तोड़ने का प्रयास करते समय शिव भक्त बाणासुर का रावण को समझाने तथा रावण की अंगुली शिवधनुष में अटकने की लीला ने मन मोह लिया। आयोजकों की विशेष तैयारियों के तहत जनक का दरबार सजाया गया । धनुष तोड़ने की मनोरंजक लीला ने दर्शकों को हंसा कर लोटपोट कर दिया। सीता स्वयंवर दर्शाया गया।

## आनासागर झील में आज से क्रूज की सवारी का आनंद उठाएंगे शहरवासी




**अजमेर @ पत्रिका.** आनासागर झील में प्रदूषण रहित ई-क्रूज का संचालन 4 अक्टूबर से किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी होंगे। वह शुक्रवार सुबह 10.30 बजे क्रूज का लोकार्पण करेंगे। विशिष्ट अतिथि जलदाय मंत्री सुरेश सिंह रावत विधायक अनिता भदेल व महापौर ब्रजलता हाड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सोनी होंगे। प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह राव ने बताया कि अजमेर में देश के पहले ई-क्रूज का संचालन होगा। इसमें 150 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। प्रथम व द्वितीय तल पर 75-75 लोग बैठ सकेंगे। इसकी लंबाई 22 मीटर व चौड़ाई 8 मीटर है। झील का एक चक्र 45 मिनट में पूर्ण होगा। दोनों फ्लोर्स में बायो टॉयलेट होंगे। म्यूजिक सिस्टम व कैप्टन रूफ टॉप पर होंगे। रेस्क्यू बोट साथ चलेगी। पार्टी के आयोजन की विशेष व्यवस्था रहेगी।

## महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन का वितरण

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के तत्वाधान में ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए। पीसांगन क्षेत्र के मांगलियावास और अर्जुनपुरा जागीर में कार्यक्रम हुए। स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक कार्यशाला भी आयोजित की गई। कार्यकारी अधिकारी, डॉ. एस. एन. शर्मा , चंदू गिरी गोस्वामी और मंजू मेघवंशी ने सहयोग दिया।

## मसाणियां भैरवधाम पर अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित

### लक्खी छठ मेला 9 को

**राजगढ़ (बाघसूरी) @ पत्रिका.** शारदीय नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को ग्राम राजगढ़ स्थित मसाणिया भैरवधाम पर मुख्य उपासक चम्पालाल ने चक्की वाले बाबा के मुख्य मंदिर व इसके बाद प्राचीन तेजाजी मंदिर पर पूजा-अर्चना की।

माता कालिका एवं बाबा भैरवनाथ की विशेष पूजा अर्चना एवं विधि-विधान के साथ अखण्ड ज्योत प्रज्वलित कर घट स्थापना की गई। भैरवधाम प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया शारदीय



नवरात्र में 9 अक्टूबर को राजगढ़ मसाणिया भैरवधाम पर लक्खी छठ मेला भरेगा। मेले को लेकर मन्दिर कमेटी व भैरव भक्त मण्डल की ओर से आवश्यक तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

# 'अजमेर उत्तर क्षेत्र में बनेंगी करोड़ों की लागत से सड़कें'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

### विभानसभाध्यक्ष देवनानी ने किया विकास कार्यों का शुभारम्भ



**अजमेर.** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि उत्तर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से प्रमुख सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। दीपावली से पूर्व सड़कों का पेचवर्क पूरा होगा। राज्य सरकार ने इसकी स्वीकृति जारी कर दी है।

उन्होंने यह बात गुरुवार को विभिन्न विकास कार्यों के शुभारंभ के दौरान कही। पुरानी मंडी में सामुदायिक भवन, खरेकड़ी में शंकर भगवान मंदिर से मेला ग्राउण्ड तक सीसी सड़क, हाथीखेड़ा में सामुदायिक भवन निर्माण एवं कोटेश्वर कॉलोनी में सीसी सड़क के कार्य का शुभारंभ किया।

देवनानी ने कहा कि पेचवर्क का कार्य दीपावली तक पूरा किया जाएगा। निर्माण में गुणवत्ता एवं समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा नई सड़कें भी बनेंगी। पेराफेरी गांवों में आबादी विस्तार एवं विभिन्न कॉलोनियों को नगर निगम में हस्तांतरित करने का काम भी जल्द होगा। हाथीखेडा, बोराज, काजीपुरा, लोहागल, माकड़वाली, अजयसर, खरेखडी में आबादी विस्तार एवं आवासीय पट्टे देने का काम जल्द शुरू होगा। हाउसिंग बोर्ड एवं अजमेर विकास प्राधिकरण की पुरानी आवासीय कॉलोनियों- योजनाओं को भी नगर निगम अजमेर को हस्तान्तरित कराया जाएगा। अजमेर उत्तर क्षेत्र को टेल से फ्रंट एंड बनाया जाएगा।

रिजर्वायर बनाने के लिए 270 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। फॉयसागर झील से पानी लेने के लिए एक करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई है। पारम्परिक 22 बावडियों का चिन्हीकरण कर पानी फिल्टर प्लांट तक लाया जाएगा। बीसलपुर बांध से पानी की आवक बढ़ाने के लिए इंटेक वेल भी बनाया जाएगा। इससे अजमेर को 7 टीएमसी तक पानी उपलब्ध होगा। अजयसर में लेपर्ड सफारी, चामुण्डा माता मन्दिर तक रोपे वे, 50 ई- बस, एथेलेटिक एकेडमी, स्पोर्ट्स कॉलेज, रोजगार बढ़ाने के लिए आईटी पार्क की स्थापना होगी। 40 करोड़ रुपए से रोडवेज बस स्टैंड पर निर्माण होंगे। भविष्य में ड्रेनेज सिस्टम को अपग्रेड होंगे।

## 500 पौधों का किया वितरण

**अजमेर @ पत्रिका.** चौरसिया फाउंडेशन के तत्वाधान में 500 पौधों का वितरण किया गया। वार्ड 68 की पार्षद अनिता चौरसिया, पूर्व उपनिदेशक गणेश चौधरी ने नीम, तुलसी, ऐलोवेरा, जामुन, आम, क्रोटन, मनीप्लान्ट और अन्य पौधों का वितरण किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने खिलाड़ी जयपाल रंधावा और अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। चौरसिया समाज के अध्यक्ष प्रवीण चौरसिया, विनय पाटनी ,दुर्गादास तुलसानी,अतुल चौरसिया, प्रीति अग्रवाल ने भी संबोधित किया। संचालन गौरव चौरसिया ने किया।

## जूनियर सॉफ्ट बॉल प्रतियोगिता कुरनूर में



**अजमेर @ पत्रिका.** राष्ट्रीय स्तरीय जूनियर सॉफ्ट बाल प्रतियोगिता बालक- बालिका वर्ग 6 से 10 अक्टूबर तक ननदीया कुरनूल आंध्रप्रदेश में होगी। राजस्थान की टीम में अजमेर के यश्नर्धन सिंह, खुश्बू माली, पूजा-चौधरी प्रतिनिधित्व करेंगी।अजमेर जिला सॉफ्ट बाल के अध्यक्ष युवराज सिंह भाटी एवं सचिन धनश्याम चित्तौड़िया ने यह जानकारी दी है।

## भारत को जानो प्रतियोगिता कल

**अजमेर @ पत्रिका.** भारत विकास परिषद् की अजमेर मुख्य इकाई के तत्वावधान में अंतर्विद्यालयी भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को सुबह 8 बजे सूचना केंद्र में होगा। इसमें 35 विद्यालय भाग लेंगे। प्रतियोगिता में छठी से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों से भारत की सभ्यता ,संस्कृति, भूगोल, इतिहास,साहित्य, खेल कूद, भूगोल, राजनीति, मनोरंजन एवं समसामयिक गतिविधियों के प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक विद्यालय के श्रेष्ठ दो दो विजेता विद्यार्थियों की टीमें प्रश्न मंच में भाग लेंगी। यह जानकारी दिलीप पारीक ने दी है।

## कक्षा 9 वीं व 11वीं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**नसीराबाद @ पत्रिका.** जवाहर नवोदय विद्यालय नांदला में कक्षा 9 व कक्षा 11 में रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिए 30 अक्टूबर 2024 तक आवेदन किए जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी 2025 को आयोजित होगी। प्राचार्य गिरिराज रेवार्ड ने यह जानकारी दी।

## केन्द्रीय राज्य मंत्री ने किया उद्घाटन



**नसीराबाद @ पत्रिका.** सेना क्षेत्र स्थित छावनी परिषद के पटेल उद्यान के किए गए जीर्णोद्धार का एक सादे समारोह में फीता काटकर उद्घाटन किया। सरदार वल्लभभाई पटेल उद्यान में छावनी परिषद द्वारा करवाए गए जीर्णोद्धार तथा साथ ही महिलाओं की स्वास्थ्य के लिए ओपन जिम तैयार करवाया गया है जिसका उद्घाटन कृषि एवम किसान कल्याण केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी तथा विधायक रामस्वरूप लांबा ने छावनी परिषद के मुख्य अधिशाषी अधिकारी डॉ नितिश कुमार गुप्ता,ब्रिग्रेडियर शिशिर जैन, उपखण्ड अधिकारी देवीलाल यादव,वेरिड बोर्ड सदस्य सुशील कुमार गदिया सहित गणमान्य लोगो की उपस्थिति में फीता काट कर किया। छावनी परिषद क्षेत्र में उत्कृष्ट करने वाले सफाई कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## विरोध प्रदर्शन आज

**अजमेर @ पत्रिका.** युवा कांग्रेस के तत्वावधान में शुक्रवार को दोपहर 2.30 बजे सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय चौराहा पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष मोहित मल्होत्रा ने बताया कि केंद्र सरकार के वायदे पूरे नहीं करने पर प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें वरिष्ठ कांग्रेसी, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के विद्यार्थी भाग लेंगे।

**बिजनेस न्यूज**

## बच्चियों का जांचा स्वास्थ्य



**अजमेर @ पत्रिका.** सेंट मेरीज कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मित्तल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील परिहार ने बताया कि जांच में सभी बच्चियों के लम्बाई के अनुपात में वजन, दिल की धड़कन, दंत और नाखूनों का परीक्षण किया गया। खून की कमी और अन्य विकारों को भी जांच गाया। 226 बच्चियों के परीक्षण में दंत समस्या को छोड़कर स्वस्थ अच्छा पाया गया। स्कूल की प्राचार्य सिस्टर अनुषा को बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। स्कूल में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण को स्वस्थ और सकारात्मक परंपरा बताया। सीनियर जनसम्पर्क प्रबंधक मार्केटिंग युवराज पाराशर ने सहयोग दिया।

## वैष्णव जन तो तेनेहि कहिए......



**अजमेर @ पत्रिका.** अजमेर में चल रहे दस दिवसीय गांधी महोत्सव में बुधवार को सूचना केंद्र में ''सत्य की धुन'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गांधीजी के भजनों तथा गांधी पर आधारित गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्ति और अध्यात्म के रस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डी. एल. त्रिपाठी, डॉ. रमेश अग्रवाल,शकील अहमद,राजेंद्र गुंजल ,सुरेश सिंधी और इंदिरा पंचोली ने दीप प्रज्वलन किया। डा अनंत भटनागर ने आयोजन की जानकारी दी। अमीषा ने भजन वैष्णव जन तो तेनेहि कहिए जी' से हुई। मनीषा शास्त्री ने 'आज का दिन है बड़ा महान गीत की प्रस्तुति दी। गिटार पर गोप मीरानी ने 'बड़ी देर भई ' स्वर लहरियां बिखेरी। मुकेश परिहार ने 'प्रभु मेरे अवगुण चित्त न धरो' से माहौल भक्तिमय बना दिया। शास्त्रीय गायिका सोनू माथुर ने 'साधो मन का मान त्यागो, राहुल ने पायोजी मैने राम रतन धन पायो ' और तुषार ने 'तुम बिन मेरी कौन खबर ले' प्रस्तुत किया। मीरां का भजन 'राम नाम रस पीजे मनुआ, डा निहारिका जोशी पीयूष व तुलसीदास के भजन ' जानकी नाथ सहाय करो' को कुलदीप ने प्रस्तुति दी। फिलेटेली विशेषज्ञ एस पी कटारिया ने पोस्टल स्टेंप, सिक्कों की प्रदर्शनी की।

## मनाई महापुरुषों की जयंती



**अजमेर @ पत्रिका.** मिशन कंपाउंड नसीराबाद स्थित सेंट पॉल्स इंग्लिश मिडियम सीनियर सेकंडरी स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। निदेशक जोएल मार्टिन ने बताया कि शोभा कुमारी और पवन ने गांधीजी और शास्त्री जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालकर उनके आदर्शों एवं मार्ग पर चलने की बात कही। स्वच्छ भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों के लिए कक्ष कक्ष और सज्जा की प्रतियोगिता आयोजित की गई। अनिता बैपटिस्ट, अर्पणा गौड़ एवं ममता अग्रवाल ने निरीक्षण किया। विजेता प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों , शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

## नवीन रेंज के साथ आकर्षक ऑफर लुभा रहा है ग्राहकों को



**ब्यावर @ पत्रिका.** प्रमुख डायमंड ज्वैलरी निर्माता कंपनी हरे कृष्णा ग्रुप त्योहारी सीजन में ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर लाया है। इसमें ग्राहक कार जीत सकता है। इस ऑफर में सौ कार शामिल हैं। कंपनी प्रतिनिधि गिरिराज बहेदिया ने बताया कि त्योहारी सीजन को देखते हुए कंपनी ने ग्राहकों के लिए शानदार ऑफर निकाला है। इसमें 20 हजार से अधिक की खरीद पर लक्की कूपन दिया जाएगा। यह ऑफर 31 अक्टूबर तक रहेगा। इसके बाद लक्की ड्रा निकाला जाएगा। इसमें पुरस्कार में 100 से भी अधिक कार जीतने का अवसर दिया जाएगा। दिवाली तक यह ऑफर उपलब्ध रहेगा। ब्यावर में कंपनी का एकमात्र शोरूम कृष्णा ज्वैलर्स होटल राजमहल के प्रांगण में स्थित है। शोरूम संचालक नरेश साहू ने बताया कि सोने के बढ़ते हुए दाम को देखते हुए डायमंड ज्वैलरी एक अच्छा विकल्प है। कंपनी द्वारा डायमंड ज्वैलरी की ख़रीद पर 100 प्रतिशत तक मैकिंग चार्ज डिस्काउंट दिया जा रहा है। शोरूम पर पांच दिन की प्रदर्शनी में डायमंड आभूषणों की रेंज का प्रदर्शन किया जा रहा है।





## सिक्किम के राज्यपाल माथुर आज आएंगे जयपुर



**जयपुर @ पत्रिका.** सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर अपने गृह प्रदेश आ रहे हैं। वे चार से आठ अक्टूबर तक प्रदेश दौरे पर रहेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार वे शुक्रवार दोपहर जयपुर पहुंचेंगे। चार और पांच अक्टूबर को जयपुर ही रहेंगे। छह को राज्यपाल माथुर खाटूश्याम जी सहित अन्य मंदिरों में दर्शन करने जाएंगे। सात एवं आठ अक्टूबर को भी वे जयपुर में ही रहेंगे। आठ की शाम को वे वापस जाएंगे।

## जे पी नड्डा अब 6 को वर्चुअल बैठक लेंगे

**जयपुर.** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का पांच अक्टूबर को जयपुर दौरा रद्द हो गया है। अब राजस्थान के पदाधिकारियों की बैठक वर्चुअल होगी। यह वर्चुअल बैठक भी पांच की जगह छह अक्टूबर को रखी गई है। वर्चुअल बैठक शाम सात बजे बाद ही होगी, जिसमें सभी सांसद, विधायक, पूर्व सांसद और पूर्व विधायक सहित भाजपा के पदाधिकारी जुड़ेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भी इसकी पुष्टि की है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने सुखाड़िया विश्वविद्यालय के 32वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

# ‘शिक्षा से ज्यादा जरूरी चरित्र, ऐसा काम न करें जिससे लांछन लगे’

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**उदयपुर.** हमने वर्ष 2047 तक इस राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। नई पीढ़ी के योगदान से ही इस लक्ष्य को पूरा कर पाना संभव होगा। यह बात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को उदयपुर में मोहनलाल सुखाड़िया विवि के 32वें दीक्षांत समारोह में कही।

राष्ट्रपति मुर्मु ने मेवाड़ के इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान और देश की उन्नति में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर के कथन को उद्घृत करते हुए कहा कि चरित्र शिक्षा से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों से आह्वान किया कि आप जहां भी हो, ऐसा कोई कार्य नहीं करें, जिससे आपके चरित्र पर कोई लांछन लगे।

उन्होंने कहा कि यह तेज गति से हो रहे बदलाव का समय है। ये बदलाव ज्ञान, विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से हो रहा है। इन बदलते परिवेश में विद्यार्थी को द स्पिरिट ऑफ द स्टूडेंट को बनाए रखना होगा। इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मु ने श्रेष्ठ विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलाधिपति एवं राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने की। पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया एवं उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद रहे।



**उदयपुर.** छात्रा को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति मुर्मु।

### मेवाड़ का गौरवशाली इतिहास जाना

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मु मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के आग्रह पर सिटी पैलेस पहुंचीं। जहां वे मेवाड़ के गौरवशाली इतिहास से रूबरू हुईं। उन्होंने महाराणा प्रताप, राणा सांगा सहित मेवाड़ के प्रतापी महाराणाओं के त्याग, बलिदान, शौर्य के गौरवशाली इतिहास पर चर्चा की।

## राष्ट्रपति आबूरोड में वैश्विक शिखर सम्मेलन का आज करेंगी शुभारंभ

**आबूरोड.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार शाम आबूरोड पहुंचीं। राष्ट्रपति शुक्रवार को ब्रह्माकुमारीज संस्थान के शांतिवन में आध्यात्मिकता से स्वच्छ और स्वस्थ समाज विषय पर आयोजित होने वाले 4 दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन का आगाज करेंगी। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके अंजली बहन ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। वैश्विक शिखर सम्मेलन में सजावट के लिए अहमदाबाद से विशेष रूप से फूल मंगाए गए हैं। वहीं, कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा डायमंड हॉल को सजाया गया है।

विस्तृत खबर, वीडियो के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

नृत्य की लगन: कोटा दशहरा मेले में दुर्गा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देने आईं अभिनेत्री हेमामालिनी ने कहा...

# ‘मंत्री बनी तो नृत्य बंद करना पड़ेगा, इसलिए नहीं बनना चाहती’

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कोटा.** सांसद, अभिनेत्री और भरतनाट्यम नृत्यांगना हेमामालिनी ने कहा कि नृत्य करना अच्छा लगता है। आज भी दो से ढाई घंटे अभ्यास करती हूं। यही मेरी फिटनेस का राज है। अभिनेत्री बनने के बाद नृत्यागंनाएं नृत्य बंद कर देती हैं और शादी हो गई तो नृत्य पक्का बंद हो जाता है, लेकिन उन्हें नृत्य से प्यार है। वे पहले नृत्यांगना है और बाद में अभिनेत्री। उन्होंने कहा कि नृत्य मेरे लिए लगन, फिल्म कॅरियर और राजनीति सेवा है। एक सवाल का जवाब देते हुए हेमामालिनी ने कहा कि वे मंत्री बनना नहीं चाहती, क्योंकि मंत्री बनी तो फिर नृत्य छोड़ना पड़ेगा। कोटा दशहरा मेले में गुरुवार को दुर्गा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देने आईं हेमामालिनी ने पत्रकारों से कहा कि दुर्गा नृत्य में कथा साथ चलती है। उन्होंने कहा कि आज समाज को दुर्गा की अधिक आवश्यकता है।



**कोटा.** नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देतीं हेमामालिनी।







**प्रादेशिक सेना में सैनिकों के विभिन्न रिक्त पदों के लिए भर्ती रैली**

1. 109 इन्फैंट्री बटालियन (प्रादेशिक सेना) मराठा लाइट इन्फैंट्री और 101 इन्फैंट्री बटालियन (प्रादेशिक सेना) मराठा लाइट इन्फैंट्री में सैनिक (जनरल ड्यूटी और ट्रेड्समैन) के विभिन्न रिक्त पदों के लिए भर्ती रैली शिवाजी विश्वविद्यालय स्टेडियम, कोल्हापुर (महाराष्ट्र) में 04 नवंबर 2024 से 12 नवंबर 2024 तक आयोजित की जाएगी।
2. रिक्तियां राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव, लक्षद्वीप, पुडुचेरी के निवासियों के लिए हैं।
3. पात्रता मानदंड और अन्य विस्तृत जानकारी के लिए, https://www.jointerritorialarmy.gov.in वेबसाइट पर जाएं और रोजगार समाचार पत्र भी देखें।


बिजली तंत्र सुधारने के नाम पर करोड़ों की चपत लगाने का मामला

# घोटाले में एक्शन की बजाय ‘सांठगांठ’ के तार!

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** बिजली तंत्र को सुधारने के नाम पर करोड़ों रुपए के घोटाले का खुलासा होने के बावजूद ऊर्जा विभाग और डिस्कॉम्स ने जिम्मेदारों पर अब तक एक्शन नहीं लिया है। उलटे, अफसर उसी सीट पर काम कर रहे हैं और अनुबंधित कंपनी भी लगातार विद्युत सब स्टेशन तैयार कर रही है।

सूत्रों के मुताबिक इसमें लिप्त कुछ अफसर उच्च स्तर पर मिलकर इस मामले को रफा-दफा कराने में जुट गए हैं। हाल ही एक होटल में बड़े अफसर से भी उनकी मुलाकात हुई। इनके साथ एक चर्चित नेता भी रहे। राजनेताओं के जरिए भी सांठगांठ बैठाने में जुटे हैं। इनमें वे बड़े ‘नेता’ सक्रिय हैं, जो अभी दूसरे कई मामलों में चर्चाओं में बने हुए हैं।

फॉलोअप



बिजली तंत्र सुधारने के नाम पर 237 करोड़ का घोटाला!

दबाई जांच रिपोर्ट ताकि कंपनी को मिले भुगतान

राजस्थान पत्रिका
*प्रकाशित खबर।*

### इन सवालों के जवाब जरूरी...

- रिपोर्ट में साफ है कि कंपनी आर.सी. एन्टरप्राइजेज को दो निविदा के जरिए 237 करोड़ का ज्यादा कार्यादेश दिया गया, तो अब तक काम क्यों नहीं रोका?
- कमेटी की जांच रिपोर्ट की समीक्षा के लिए दूसरी कमेटी क्यों बनाई गई? क्या कमेटी पर भरोसा नहीं है या फिर मामलों को दबाने के लिए ऐसा किया गया।
- तत्कालीन एमडी आर.एन. कुमावत, निदेशक वित्त एस.एम. माथुर, जयपुर डिस्कॉम में तकनीकी निदेशक रहे और वर्तमान में अजमेर डिस्कॉम एमडी के.पी. वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारियों से पूछताछ क्यों नहीं की जा रही?
- डिस्कॉम्स सीएमडी ने इस मामले को गंभीरता से लिया, छुट्टी के दिन बैठक बुलाई, पूरे मामले की जानकारी ली। फिर भी एक्शन में देरी क्यों? क्या उन पर भी किसी का दबाव है।
- एसीबी को अब तक जांच रिपोर्ट क्यों नहीं भेजी गई?

## ‘वक्फ संशोधन बिल का विरोध कर रहे, इसलिए लगाए आरोप’

**जयपुर @ पत्रिका.** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव फजलुर्रहीम ने वक्फ संपत्तियों को खुर्दबुर्द करने के मंत्री किरोड़ीलाल मीना के आरोपों को बेबुनियाद और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया। उन्होंने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वे वक्फ संशोधन बिल का विरोध कर रहे हैं, इसलिए आरोप लगाए जा रहे हैं।

## ‘कांग्रेस को चुनाव में ही आरक्षण, दलित व ओबीसी याद आते’

**जयपुर @ पत्रिका.** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि कांग्रेस नेता विदेश में आरक्षण को समाप्त करने की बात करते है। वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरियाणा चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर बयान दे रहे हैं।

राठौड़ ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक राज किया और आरक्षण को लेकर एक बड़े वर्ग को उलझाए रखा। चुनाव में कांग्रेस आलाकमान को आरक्षण, गरीब और दलित याद आता है। चुनाव परिणाम के बाद ये इन मुद्दों पर चर्चा तक नहीं करते। कांग्रेस नेता सीएम भजनलाल शर्मा के कार्यों पर सवाल कर रहे हैं, जबकि सरकार ने घोषणा पत्र में जो वादे किए थे, उनमें से 50 फीसदी तो महज 10 माह में ही पूरे कर दिए।

## मुख्यमंत्री दिल्ली पहुंचे, केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात

**जयपुर @ पत्रिका.** सीएम भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, प्रहलाद जोशी और सी.आर. पाटिल से मुलाकात की। सीएम ने मंत्रियों को दिसम्बर में जयपुर में होने वाले राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट की तैयारियों की जानकारी दी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से भेंट कर उनको जल जीवन मिशन तथा ईआरसीपी की विस्तृत जानकारी दी।

### सदस्यता बढ़ाने पर फोकस करने के निर्देश

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने राजस्थान में भाजपा के सुस्त चल रहे सदस्यता अभियान को तेज करने का निर्देश दिया। राजस्थान में अन्य राज्यों की तुलना में लक्ष्य से काफ़ी कम सदस्य बने हैं। जिसको लेकर संगठन महामंत्री बीएल संतोष बीते दिनों राजस्थान दौरे के दौरान नाराज़गी जता चुके हैं।

### प्रदेश में मंत्रिमंडल फेरबदल की भी चर्चा

राजस्थान में मंत्रिमंडल फेरबदल की भी चर्चा सियासी गलियारों में तेज है। नड्डा और सीएम की मुलाकात को भी इस से जोड़ कर देखा जा रहा है। हालांकि एक चर्चा ये भी है कि उपचुनाव तक मंत्रिमंडल फेरबदल को टाला जाए या फिर नहीं। भाजपा जल्द ही इस पर फैसला लेगी ।

## दिल्ली क्राइम ब्रांच को सौंपे पेन ड्राइव, लैपटॉप व मोबाइल

**जयपुर @ पत्रिका.** तत्कालीन सीएम अशोक गहलोत के विशेषाधिकारी रहे लोकेश शर्मा ने ऑडियो टेप वायरल होने से संबंधित पेन ड्राइव, लैपटॉप व मोबाइल गुरुवार रात दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को सौंप दिए। उन्होंने दोहराया कि उन्हें ऑडियो टेप तत्कालीन सीएम गहलोत ने सौंपे और सबूत नष्ट करने को कहा, जो नष्ट नहीं किए। शर्मा ने मीडिया को बताया कि पेन ड्राइव गहलोत ने उन्हें सौंपा और वायरल करने को कहा। ओएसडी के नाते उन्होंने पेन ड्राइव से ऑडियो लेपटॉप में कॉपी की और फिर उसे मोबाइल से वायरल किया, ये तीनों डिवाइस उन्होंने गुरुवार को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को सौंप दिए।




माइक्रो प्रोसेसर आधारित इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल सिस्टम | 6 WINGS दाँतोवाला इम्पेलर* | S.S TOP & BOTTOM* | कोल्ड प्रेस कटर + आयरन फ्री ग्राइंडिंग
आटाचक्की पर 1 साल की गेरंटी | मेईन मोटर पर 5 साल की गेरंटी | ग्राइंडिंग चैम्बर पर लाइफटाइम गेरंटी*
◆ अजमेर- ★ सुराणा एसोसियेट्स, केसरगंज ★ भण्डारी एन्टरप्राईजेज, पी. आर. मार्ग, खाईलेण्ड मार्केट
◆ ब्यावर- ★ सुपर शॉपिंग मार्ट, हेमलानी मार्केट के पास, पाली बाजार
◆ किशनगढ़ - ★ नीलकमल इलेक्ट्रोनिक्स, सिंधी कॉलोनी, मदनगंज ◆ कोटड़ी- शर्मा रेडियोज
◆ केकड़ी- धर्मरत्न इलेक्ट्रोनिक्स एंड मोबाईल
Dealers Enquiries Solicited : Mob. 9414281028, 9929748884


हरियाणा में प्रचार थमा, राजस्थान में 7 सीटों पर होना है विधानसभा उपचुनाव

# अब प्रदेश में उपचुनाव को लेकर बढ़ेगी हलचल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार गुरुवार को थमने के साथ ही अब राजस्थान में विधानसभा की सात सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज होगी। पिछले कई दिनों से प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा नेता हरियाणा में चुनावी दौरे पर होने से राजनीतिक हलचल थमी हुई थी, लेकिन प्रचार थमने के बाद नेता लौट आए हैं।

प्रदेश कांग्रेस के नेता हरियाणा में चुनावी रणनीति और प्रचार में व्यस्त रहे। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को वरिष्ठ पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी हुई है। वहीं, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के अलावा सांसद-विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेता चुनावी रैलियों और सभाओं में व्यस्त थे। उधर, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलावा भाजपा नेता सतीश पूनिया, राजेन्द्र राठौड़, अरुण चतुर्वेदी सहित कई नेता लगातार दौरे कर रहे थे। पूनिया हरियाणा प्रदेश भाजपा के प्रभारी भी हैं।

### भाजपा ने पिछले दस वर्ष में सिर्फ सब्जबाग दिखाए: टीकाराम जूली



**नेता प्रतिपक्ष** टीकाराम जूली ने गुरुवार को हरियाणा में प्रचार के अंतिम दिन सभाएं की। वे महेंद्रगढ़ में राहुल गांधी की विजय संकल्प यात्रा में शामिल हुए। जूली ने कहा कि यह चुनाव प्रदेश में सकारात्मक बदलाव के साथ आम जनता की उन्नति के नए मार्ग प्रशस्त करेगा। अब जनता प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने को आतुर है। उधर, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने रोहतक में जनसभा की।

### कांग्रेस राज में जमीन, आकाश और पाताल में हुए घोटाले: मुख्यमंत्री



**सीएम भजनलाल** शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी जनता से किए घोषणा पत्र के वादों को पूरा नहीं किया। कांग्रेस की फितरत रही है कि वह हमेशा चुनावों में जनता को सपने दिखाती है। सीएम गुरुवार को हरियाणा में चुनाव प्रचार के लिए गए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने झूठ और लूट की दुकान खोल रखी है। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। कांग्रेस राज में जमीन, आकाश और पाताल में घोटाले हुए। हरियाणा की जनता को यह सब आज भी याद है।

पोलमपोल भायो

दौड़ लगावै राज अर, थम्या रहे छै काम।
नेताजी का हुकुम भी, करे गोळ हुक्काम !!

शुभ नवरात्र

राज्य के सवा लाख पुलिसकर्मियों के हाल: साप्ताहिक अवकाश का इंतजार, तनाव बढ़ा रही 12-13 घंटे काम की मजबूरी और परिवार से दूरी

# पुलिस की पीड़ा...सुनिए सरकार, हमें भी छुट्टी की दरकार

**अनिल सिंह चौहान/आकाश माथुर**
patrika.com

**भीलवाड़ा.** काम के बोझ तले दबे राज्य के सवा लाख पुलिसकर्मियों को सप्ताह में एक दिन का आराम भी मयस्सर नहीं है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने की कोशिश परवान नहीं चढ़ सकी। अजमेर से शुरू इस प्रोजेक्ट ने वहीं दम तोड़ दिया। अब भजनलाल सरकार से पुलिसकर्मियों को सप्ताह में एक दिन फुर्सत से परिवार के साथ बिताने के लिए अवकाश की दरकार है। फील्ड ड्यूटी वाले कर्मियों को वीकली ऑफ नहीं मिल रहा है। ऐसे में वह परिवार को समय नहीं दे पाते हैं। इससे तनाव बढ़ता है।


फाइल फोटो

- **850** थाने प्रदेश में
- **1.25** लाख जवानों को मिलेगा फायदा
- **01** दिन सप्ताह में मांग रहे अवकाश
- **01** साल से अटका मामला

### सिपाही पायलट प्रोजेक्ट में शामिल

**तत्कालीन** पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने करीब डेढ़ साल पूर्व प्रदेश के थानों में पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने के पायलट प्रोजेक्ट के लिए अजमेर को चुना। 28 नवम्बर 2022 को अजमेर जिले के गेगल थाने से इसकी शुरुआत हुई। इसमें सिपाही को सप्ताह में एक दिन अवकाश देना शुरू हुआ। थानाप्रभारी को नफरी का ध्यान रखते रोस्टर से अवकाश देना था, लेकिन उस समय विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगते ही गेगल थाने में ही वीकली ऑफ की व्यवस्था बंद कर दी गई। विधानसभा और लोकसभा चुनाव होने के बाद भी प्रदेश के थानों में वीकली ऑफ की व्यवस्था शुरू नहीं हो पाई है।

### मानसिक तनाव कम होगा

**वीकली** ऑफ के पीछे मंशा थी कि पुलिसकर्मियों का मानसिक तनाव कम कर कार्य कुशलता बढ़ाई जाए। एक दिन परिवार के साथ बिताने पर खुद और परिवार खुश रहे। पुलिस मुख्यालय का मानना है कि जवानों को हार्ड ड्यूटी अलाउंस दिया जा रहा है, लेकिन यह भी नाकाफी है।

### पुलिस की प्रमुख मांगें

- **सप्ताह** में 1 दिन अवकाश मिले।
- **पुलिसकर्मियों** की आठ घंटे ड्यूटी तय हो।
- **महकमे** में नई भर्ती की जाए ताकि नफरी की समस्या न रहे।
- **दूसरे** विभागों की तरह पुलिस को मिले 3600 ग्रेड पे का लाभ।
- **समय** पर पदोन्नति हो।

### वीकली ऑफ देने के लिए सरकार सोचे

व्यक्तिगत जीवन और परिवार के लिए पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश मिलना चाहिए। कानून व्यवस्था के साथ फाइनेंशियल समस्या के साथ नफरी की कमी है, लेकिन उपलब्ध संसाधनों के साथ वीकली ऑफ देने के प्रति सरकार को सोचना चाहिए।
**मनोज भट्ट,** पूर्व पुलिस महानिदेशक

सरिस्का: गांवों के पुनर्वास के लिए बढ़ाया कदम

# नाथूसर गांव होने लगा खाली, तिजारा में दिखने लगी आबादी


तिजारा में बसने लगा नगर।

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**अलवर.** सरिस्का के संरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए आदेश पर सरिस्का प्रशासन गांवों के पुनर्वास में जुट गया है। नवरात्र शुरू होते ही नाथूसर गांव के लोग तिजारा बसने के लिए जाने लगे हैं। अधिकारियों के मुताबिक नाथूसर गांव के 164 परिवार इसी माह में शिफ्ट हो जाएंगे। बाकी गांवों के पुनर्वास के लिए भी सर्वे किया जा रहा है।

सरिस्का के जंगल में कांकवाड़ी, हरिपुरा, सुखोला, नाथूसर, लोज व क्रास्का गांव हैं। इन गांवों में 277 परिवार निवास करते हैं। पूर्व में सरिस्का प्रशासन ने 78 परिवारों को विस्थापित कर दिया था। बाकी 164 परिवारों की शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई।

नाथूसर गांव के कुछ परिवार तिजारा बसने के लिए जाने लगे हैं। बाकी परिवार भी जल्द शिफ्ट होंगे। तिजारा में परिवारों को सुविधाएं आदि दी जा रही हैं।
**- संग्राम सिंह कटियार,** क्षेत्र निदेशक, सरिस्का टाइगर रिजर्व

रीट हो तो खुले तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती की राह: अभी सरकार की कोई तैयारी नहीं

# सरकार की उलझन तोड़ रही 10 लाख बेरोजगारों की शिक्षक बनने की आस

**अजय शर्मा**
patrika.com

**सीकर.** सरकार की ओर से नई भर्तियों की लगातार घोषणा की जा रही है, लेकिन प्रदेश में तृतीय श्रेणी शिक्षकों की भर्ती के लिए होने वाली पात्रता परीक्षा रीट को लेकर सरकार की ओर से कोई ऐलान नहीं किया जा रहा है। इस वजह से प्रदेश के दस लाख से अधिक बेरोजगारों का शिक्षक बनने का इंतजार बढ़ता ही जा रहा है।

हालांकि पिछली सरकार के समय रीट की वैद्यता को आजीवन कर दिया था, लेकिन नए के साथ पुराने अभ्यर्थियों को रीट का इंतजार है। विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती को लेकर अभी उलझन में है। इसलिए सरकार की ओर से रीट को लेकर अधिकारिक ऐलान नहीं किया जा रहा है। बेरोजगारों का कहना है कि सरकार की ओर से सत्ता में आते ही तर्क दिया गया कि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का पूरा सिस्टम बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में जुटा है। इसलिए बोर्ड परिणाम के बाद रीट के आयोजन को लेकर निर्णय किया जाएगा। बोर्ड अब फिर से परीक्षाओं की तैयारी में जुट गया, लेकिन अभी तक रीट को लेकर कोई फैसला नहीं हो सका है।


परीक्षा केंद्र पर लगी अभ्यर्थियों की कतार। फाइल फोटो

### खास: रीट प्रथम लेवल में महिलाओं को 50% आरक्षण

रीट प्रथम लेवल में महिलाओं को 50% आरक्षण भी मिलेगा। सरकार की ओर से पहले तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं को 50% आरक्षण देने का वादा किया गया था, लेकिन जब विरोध हुआ तो सरकार ने सफाई दी कि रीट प्रथम लेवल में ही आरक्षण दिया गया है।

### इन उलझनों की वजह से अटक रही रीट

**1 कौनसी एजेंसी से कराएं रीट:** पिछली सरकार के समय रीट पेपर लीक हो गया था। ऐसे में सरकार की ओर से निर्णय नहीं लिया जा सका है कि रीट का आयोजन पुरानी एजेंसी राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से कराया जाए या परीक्षा का जिम्मा कर्मचारी चयन बोर्ड को दिया जाए।

**2 एक या दो परीक्षा:** रीट को लेकर सरकार की दूसरी उलझन यह है कि वह पिछली सरकार की ओर से तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती के लिए दो परीक्षाएं कराए या फिर रीट के अंकों के आधार पर ही नौकरी दें। दोनों उलझनों का रास्ता निकालने के बाद ही रीट भर्ती का ऐलान हो सकेगा।

### बेरोजगार बोले कैसे करें तैयारी, सिलेबस में भी संशय

**तृतीय** श्रेणी शिक्षक भर्ती की तैयारी में जुटे बेरोजगारों का कहना है कि अभी सिलेबस को लेकर भी संशय बना हुआ है। क्योंकि यदि कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से सरकार की ओर से यह परीक्षा कराई जाती है तो सिलेबस में बदलाव लगभग तय है। बेरोजगारों का कहना है कि सरकार को रीट की एजेंसी का ऐलान करना चाहिए, जिससे सिलेबस जारी हो सके।

### डीपीसी की वजह से व्याख्याता व वरिष्ठ अध्यापक भर्ती अटकी

**डीपीसी** की वजह से व्याख्याता व वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा भी अटक गई है। बेरोजगारों का कहना है कि इस साल वरिष्ठ अध्यापक व व्याख्याता के 25 हजार पदों पर भर्ती होने की संभावना है, लेकिन विज्ञप्ति किसी की जारी नहीं हो सकी है।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के टोटे की वजह से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभवित हो रही है। सरकार की ओर से इस साल बजट में एक लाख भर्तियों का ऐलान भी किया गया है। इसलिए सरकार को रीट को लेकर अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए जिससे बेरोजगार अपनी तैयारी शुरू कर सके। **विकास कुमार बुरड़क,** एक्सपर्ट, सीकर

# एटीएस-एसओजी और जिला पुलिस को भी तलाश में लगाया

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**जयपुर.** जम्मू-कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन के एरिया कमांडर सलीम अंसारी बनकर राजस्थान के 8 रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले की तलाश में एटीएस-एसओजी व जिला पुलिस को भी लगाया है। मामले का खुलासा नहीं हो जाता, तब तक दीपावली को देखते हुए सभी रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व अन्य भीड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाई गई है। डीजीपी ने कहा कि राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) व रेलवे सुरक्षा बल का मामला नहीं...आमजन और प्रदेश के कई रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा का मामला है। जीआरपी की मदद के लिए एटीएस-एसओजी और जिला पुलिस को निर्देश दिए हैं। एटीएस-एसओजी व जिला पुलिस भी अपने स्तर पर जांच कर पत्र भेजने वाले का पता लगाए। वहीं हनुमानगढ़ जीआरपी ने डाक विभाग से पत्र कहां से पोस्ट किया गया, इसकी जानकारी मांगी है।

आइएएस के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति का मामला

# एपीओ किए संभागीय आयुक्त के चालक का नहीं लगा पता




**जयपुर @ पत्रिका.** कोटा संभागीय आयुक्त पद से एपीओ किए गए आइएएस राजेन्द्र विजय के चालक को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम तलाश रही है। चालक का दूसरे दिन भी पता नहीं चल सका। एसीबी की कार्रवाई होने की भनक लगते ही चालक चतर अपना मोबाइल बंद कर भाग गया। एसीबी सूत्रों के मुताबिक जयपुर एसीबी टीम को आइएएस राजेन्द्र के घर से चालक के नाम से ली गई सम्पत्ति के दस्तावेज मिले हैं। चालक के पकड़े जाने के बाद अन्य बेनामी सम्पत्तियों की जानकारी मिल सकेगी। एसीबी यह भी जांच कर रही है कि आइएएस राजेन्द्र ने और किस-किस के नाम से बेनामी सम्पत्ति ले रखी है। टीम को जयपुर आवास पर सर्च के दौरान 16 बैंक खाते व एक बैंक लॉकर होने की जानकारी मिली थी। एसीबी लॉकर कौनसे बैंक में है, इसकी तस्दीक कर रही है।







सवाईमाधोपुर | रणभम्भोर में पर्यटन वाहनों को किया जा रहा डवलप

# विकसित हो रहा टूरिस्ट व्हीकल इंडस्ट्री बिजनेस

**शुभम मित्तल**
patrika.com

**सवाईमाधोपुर.** बाघों की नगरी के नाम से मशहूर रणथम्भौर में अब वाइल्ड लाइफ पर्यटन के साथ एक नया व्यवसाय विकसित हो रहा है। पिछले कुछ बरसों में सवाईमाधोपुर और रणथम्भौर में टूरिस्ट व्हीकल इंडस्ट्री का नया व्यवसाय पनप गया है। जो यहां की अर्थव्यवस्था के लिहाज से लोगों को नए रोजगार दे रहा है। यह हुआ है कंपनी की ओर से जिप्सी का उत्पादन बंद होने के कारण।

राजस्थान सहित अन्य कई प्रदेशों के टाइगर रिजर्व में खुले वाहनों की डिमांड है। जंगलों में संचालित होने वाले इन पर्यटन वाहनों को अब सवाईमाधोपुर जिले में विकसित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तराखंड आदि कई प्रदेशों के टाइगर रिजर्व में पर्यटन वाहन के रूप में जिप्सी उपलब्ध नहीं होने के कारण दूसरे वाहनों को मॉडिफाइड कराया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से करीब 150 से अधिक वाहन पर्यटन के लिए तैयार हो रहे हैं।


**सवाईमाधोपुर.** वाहनों को पर्यटन वाहन के रूप में मॉडिफाइड करते कार्मिक।

### बोलेरो और स्कॉर्पियों को भी बना रहे ओपन

**मैकेनिकों** के अनुसार अन्य प्रदेशों के लोग बोलेरो, स्कॉर्पियों आदि कई वाहनों को कटवाकर, सॉफ्ट टॉप बनाकर जिप्सी की तर्ज पर ही मॉडिफाइड कराकर पर्यटन वाहन की शक्ल दे रहे हैं। इसके अलावा इन पर हरे कलर का पेंट करवाकर जंगल में संचालित होने वाले पर्यटन वाहनों की तरह ही इन्हें तैयार किया जा रहा है। काफी समय से अब इस तरह के व्हीकल की डिमांड बढ़ रही है।


CLASSIFIED क्लासीफाइड

**नाम परिवर्तन**

I have changed my name from Ravi Mundra S/O Rajendra Kumar Mundra to Ravi Rajendra Mundra S/O Rajendra Kumar Mundra . Address: 64, Street NO. 5, Pratap Nagar, Ward No 26, Near Dr. R.R. Heda, Beawar, Ajmer, Rajasthan- 305901

मेरे दस्तावेजों में मेरा नाम राजेन्द्र सिंह सतावत पुत्र भंवर सिंह सतावत दर्ज है। मेरा गलत नाम राजेन्द्र सिंह सतावत पुत्र भंवर सिंह सतावत के स्थान पर परिवर्तन करके भविष्य में मुझे समस्त सरकारी/गैर सरकारी विभागों में राजेन्द्र सिंह शक्तावत पुत्र भंवर सिंह शक्तावत के नाम से जाना पहचाना जावे।

क्लासीफाइड डिस्प्ले
दो विज्ञापन पर दो विज्ञापन फ्री

**किराये के लिए**
गैर रिहायशी

एक दुकान Computer, Photostat की किराए पर देनी है, इसके अलावा भी कार्य करना चाहे तो भी उपलब्ध है, मो.9460315889

**आवश्यकता**
सुरक्षाकर्मी

श्री गणपति सिक्योरिटी सर्विस दिन में 10000 रात में 9500 माखुपुरा बाईपास आवश्यकता है वैशाली नगर राजू कॉलोनी अजमेर 9782048600

CLASSIFIED क्लासीफाइड

CAREER EXPRESS

Samyak
An Institute For Civil Services
Attend सेमिनार 6 अक्टूबर (रविवार) प्रात: 10 बजे
RAS FOUNDATION PRE CUM MAINS
'FAST TRACK BATCH' FOR RAS PRELIMS
PSI PAPER 1st & 2nd
7 अक्टूबर से बैच प्रारम्भ
Riddhi - Sidhhi, Jaipur 9875170111

**उपलब्ध है**
ट्यूशन-शिक्षा

- **Direct** Admissions In Regular Courses BPED, DPED, BPES MPES, PGDYOGA & (BPES Lateral Entry In 3rd Year After Dped) Mgkm Shahi Sports College Samrala Dist-Ludhiana, Punjab . 9814107646 , 9417519363

फाइनेंस/लोन

- U.G.B. फाइनेंस कंपनी योजनान्तर्गत सभी प्रकार के लोन मात्र 1 दिन में खर्चा लोन होने के बाद नोफाइल चार्ज/ नो गारन्टर 0% ब्याज ,45% माफ मार्कशीट, आधार BPL, बेरोजगार विशेष- Mob= 9262355707, 9262356399

**आवश्यकता**
कार्यालय/सेल्सकर्मी

- भारत की नंबर- 1 RELIANCE JIO 5G कंपनी (SMS JOB) करके लडके लडकिया, गृहणिया, घरबैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त) NAME, ADDRESS QUALIFICATION, WhatsApp/ Call करें:- 8101180949, 6297110215

कार्यालयकर्मी

✔ Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लडके- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL/ SMS/ WHATSAPP:- 9122347570.

- **Reliance Jio** टावर नौकरी बिना इंटरव्यू लड़के लड़कियां शीध्र कॉल करें अनपढ़ 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट, सिक्योरिटी गार्ड- 12000 सैलरी, डीजलइंचार्ज -15000 सैलरी, सुपरवाइजर -18000 सैलरी, टावर फिल्ड आफिसर- 22000 सैलरी, सीनियर सुपरवाइजर - 45000 सैलरी (रविवार अवकाश) ड्यूटी 8घंटे, रहना खाना, PF +मेडिकल सुविधा, जिलें अनुसार ड्यूटी:- 9557144683

- द्रहश्रशहह डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8वी 10वी 12वी, ग्रेजुएट (लड़के लड़किया) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, ग्राउंडस्टाफ , क्लर्क चेकर लोडर गार्ड ड्राईवर, हैल्पर, 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस फंड बोनस रहना खाना फ्री. 9266728432, 7428552531

कम्प्यूटर कर्मी

✔ Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लडके- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्डपर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500) महीन (लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL/ SMS/ WHATSAPP करें: 6293202810

चिकित्सा कर्मी

- **Urgently** Required Paediatrician , Surgeon , Physician in Well Running Hospital Hanumangarh Town, on Salary/Share Basis Contact - 9413849567

- **CEO,** MBBS (Out of India passout), MD General Medicine, Gynecologist, Pediatrician, Cardiologist, Neuro Surgeon, Orthopedics Anesthesiology Radiologist, Experienced Doctors Required 100 bed NABH & Others hospitals with good Salary (3.5-6lac)+ accommudation, interest Doctors resume whatsapp/Call 9887069235

चपरासी-घरेलू नौकर

- **फैक्ट्री** में कठिन कार्य हेतु हेल्परों की आवश्यकता वेतन 14250/- प्रतिमाह पता H-174 मालवीय औद्योगिक क्षेत्र जयपुर Ph 0141- 2751714- 15

अन्य

- **आकर्षक** ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के-लड़कियां, महिलाऐ - पुरूष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 9794730659.

- **Amazon** company आवस्यकता फुलटाइम पार्टटाईम SMS कार्य लड़के लड़किया ग्रहणीय घरबैठे कमाये 24500 -55800 लैपटॉप मोबाइल सिम फ्री 8868943009, 9457054395

- **जयपुर** जोधपुर उदयपुर Airport हेतु नौकरी डायरेक्ट भर्ती 10वीं 12वीं अनपढ़- ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) (42700- 87900) ड्राइवर, चेकर, लोडर, सुपरवाइजर. रहना+ खाना+ फंड +बोनस- 9266743400

**वर चाहिए**
अन्तरजातीय
31 वर्ष एवं अधिक

- **32** वर्षीय युवती विधवा निसंतान सरकारी कर्मचारी (प्रिंसिपल) हेतू जीवन साथी चाहिए। योग्य, जिम्मेदार सरकारी/ गैर-सरकारी मान्य सम्पर्क करें। 9549166664

सभी आयु वर्ग

Govt. Registered
रिश्ते ही रिश्ते
भारत की नं 1 संस्था
आपकी सेवा मे 9 वर्षो से कार्यरत
सभी जाति- धर्म समाज के विवाह योग्य, अविवाहित, विधुर, विधवा, तलाकशुदा वर, वधु के लाखो रिश्ते
महिलाओ के लिए फ्री रजिस्ट्रेशन
7240533533

ब्राह्मण
31 वर्ष एवं अधिक

Govt. Registered
वर चाहिए
ब्राह्मण कन्यायें
10वीं पास 35 वर्षिय विधवा युवती, नि:संतान एवं 12वीं पास 32 वर्षिय अविवाहित कन्या सुन्दर सुशील गृहकार्य में दक्ष कन्याओं हेतु वर चाहियें
सम्पर्क करें :-
8619268233

अग्रवाल
अन्य

- **अग्रवाल-** 32/30 वर्षीय BA पास, घरेलू कार्य, पिताजी निजी कार्य सुंदर कन्या योग्य वर स्वीकार्य, ब्यूरो क्षमा। 9119370593, 7726943865.

**वधू चाहिए**
अन्तरजातीय

एक कॉल पर रिश्ता पायें
सभी जाति/ धर्म के लिये
मनपसन्द रिश्ता
95878-23879
ब्राह्मण, राजपूत, अग्रवाल, जैन, यादव, गुर्जर, जाट, सैनी सोनी, प्रजापत, सिन्धी, मीणा, माली, सैन, चारण, मेघवाल, जाटव, रैगर, विश्नोई तथा तलाकशुदा, विधवा, विधुर, SC-ST, OBC, पढ़े-लिखे, कम पढ़े के हजारों रिश्ते उपलब्ध।

**प्रॉपर्टी बिकाऊ**
भूमि व भूखण्ड

- **Shree** Balaji Enterprises Industrial Land -UIT Area (Chemical Zone) For Sale at Bhimpura -Kota -Rajasthan- Kota-Jhalawar Road 24,300 SqMeters (15 Bigha) What'sApp-9821246704

पाठकों को सलाह

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन (सामान्य / वैवाहिकी) पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्चा करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार सम्बन्ध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/ सम्पूर्ण (वैवाहिकी हेतु स्टेटस, उम्र एवं आय आदि) जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा जारी किए गए किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है।
-व्यवस्थापक

मां भगवती के द्वितीय रूप की होगी पूजा

# ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है मां ब्रह्मचारिणी का स्वरूप

मां भगवती का द्वितीय रूप मां ब्रह्मचारिणी का है। वेदतस्वयं तपो ब्रह्म, अर्थात वेद, तत्व और तप ब्रह्म का अर्थ है और ब्रह्म का अर्थ तपस्या होता है। तप का आचरण करने वाली मां भगवती को ब्रह्मचारिणी कहा जाता है। ब्रह्मचारयितु शीलं यस्याः सा ब्रह्मचारिणी, अर्थात् सच्चिदानंदमय ब्रह्मस्वरूप की प्राप्ति कराना जिनका स्वभाव हो, वह मां ब्रह्मचारिणी हैं। मां ब्रह्मचारिणी का स्वरूप ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। इनके दाहिने हाथ में जप की माला और बाएं हाथ में कमंडल है। इन्हें नैवेद्य में शक्कर प्रिय है, अतः शक्कर से बने मिष्ठान्न अर्पित करना इनके लिए शुभ माना जाता है। इनकी सेवा से स्वाधिष्ठान चक्र जागृत होता है और इंद्रिय निग्रह की प्राप्ति होती है। भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए मां पार्वती ने घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण देवी को तपश्चारिणी अर्थात् ब्रह्मचारिणी नाम से अभिहित किया गया है।



नवरात्र विशेष

## दूर होती हैं परेशानियां

**ब्रह्मचारिणी** मां की उपासना एवं आराधना करने से भक्तों को अनेक प्रकार की सिद्धि प्राप्त होती हैं, जैसे तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार इत्यादि की वृद्धि होती है। इनकी कृपा से भक्तों को सर्वत्र विजय की प्राप्ति होती है और जीवन की अनेक प्रकार की परेशानियां भी समाप्त हो जाती हैं।

## me.next... कॅरियर की उड़ान

**कौनसा कॅरियर चुनें,** कैसे करें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी आदि सवालों का जवाब यदि आप तलाश रहे हैं तो नीचे दिए गए वॉट्सऐप नंबर पर हमें मैसेज करें। हमारे एजुकेशन एक्सपर्ट करेंगे आपका मार्गदर्शन। सवाल के साथ अपनी रुचि एवं योग्यता के बारे में अवश्य लिखें।

पत्रिका career परामर्श

वॉट्सऐप नंबर 9057531584

इलाहाबाद हाईकोर्ट

# जिला न्यायालयों में निकली 3306 पदों के लिए भर्ती

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के जिला न्यायालयों में स्टेनोग्राफर, जूनियर असिस्टेंट, ड्राइवर व विभिन्न ग्रुप सी व डी पदों पर भर्ती जारी की हैं। इसमें कुल 3306 पद हैं, जिसमें स्टेनोग्राफर ग्रेड-3 के 583 पद, जूनियर असिस्टेंट के 1054 पद, ड्राइवर के 30 पद और ट्यूबवेल ऑपरेटर कम इलेक्ट्रीशियन/स्वीपर के कुल 1639 पद शामिल हैं। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर है। अभ्यर्थी की आयु 18-40 वर्ष तय की है। आरक्षित वर्ग को ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी। अन्य जानकारी के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें।



### आवेदन शुल्क

स्टेनोग्राफर क्रमांक 1 में सामान्य, ओबीसी के लिए 950, ईडब्ल्यूएस के लिए 850 और एससी/एसटी के लिए 750 रुपए है। क्रमांक 2 व 3 में सामान्य, ओबीसी के लिए 850, ईडब्ल्यूएस के लिए 750 और एससी/एसटी को 650 रुपए देने होंगे। तथा अन्य क्रमांकों में सामान्य, ओबीसी के लिए 800, ईडब्ल्यूएस के लिए 700 और एससी/एसटी को 600 रुपए फीस का भुगतान करना होगा।

### ऐसे करें आवेदन

**अभ्यर्थी** सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट allahabadhighcourt.in पर जाएं। होमपेज पर रिक्रूटमेंट विकल्प पर क्लिक करें। रजिस्ट्रेशन करने के बाद लॉगिन करें और मांगी गई जरूरी जानकारी दर्ज करें। उसके बाद जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड कर फीस का भुगतान कर फॉर्म सबमिट कर दें। अंत में फॉर्म डाउनलोड कर प्रिंट आउट लेना न भूलें।

# फिटनेस से है लगाव, तो बना सकते हैं योग में भविष्य

आज के समय में योग का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। योग न केवल भारत, बल्कि दुनिया भर में लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है। स्वस्थ्य रहने के लिए अब लोग योग को ज्यादा से ज्यादा अपना रहें हैं। दायरा बढ़ने से इसके पेशेवरों की मांग भी काफी बढ़ी है। अगर आप को भी इस क्षेत्र में रुचि है तो, देश के विभिन्न यूनिवर्सिटीज में योग के कई कोर्सेज चलाये जा रहे हैं। जिसमें शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेशन कोर्स से लेकर मास्टर और डिप्लोमा तक उपलब्ध हैं।



### योग्यता

12वीं के बाद योग के क्षेत्र में कदम रख सकते हैं। इसमें ग्रेजुएशन डिग्री, पोस्ट-ग्रेजुएशन डिग्री के साथ-साथ विभिन्न सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स उपलब्ध हैं। योग के क्षेत्र में बीए, बीएससी, बीएड आदि कर सकते हैं। इसके अलावा आप उच्च शिक्षा के लिए एमएससी, पीजी डिप्लोमा इन योग साइंस आदि कोर्स भी

### स्कोप

इसमें पढ़ाई करने के बाद योग इंस्ट्रक्टर के रूप में काम कर सकते हैं। इसके अलावा रिसर्च, अस्पताल, जिम, स्कूल, हैल्थ रिसॉर्ट, स्वास्थ्य केंद्र, हाउसिंग सोसाइटी में भी काम कर सकते हैं। इसके अलावा आप नेताओं, एक्टर एवं एक्ट्रेस के पर्सनल ट्रेनर के रूप में भी कॅरियर बना सकते हैं।

### टॉप शिक्षण संस्थान

- **इंडियन** इंस्टीट्यूट ऑफ योगा एंड नेचुरोपैथी, दिल्ली
- **महर्षि** दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक
- **राजर्षि** टंडन विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
- **श्री लाल** बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली
- **मोरारजी** देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, दिल्ली

# 9.5% बढ़ सकती है सैलरी

**नई दिल्ली @पत्रिका.** भारत में सैलरी वित्त वर्ष 2024-25 में औसतन 9.5% बढ़ने का अनुमान है। यह 2023-24 के 9.3% अनुमान से 0.2% ज्यादा है। ग्लोबल प्रोफेशनल सर्विस फर्म एऑन की रिपोर्ट के मुताबिक, इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग और रिटेल इंडस्ट्री में सैलरी डबल डिजिट यानी 10% की दर से बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, वित्तीय संस्थाओं में इंक्रीमेंट 9.9% होने का अनुमान है, जो दिखाता है कि नियोक्ता प्रतिभाओं को महत्व दे रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मल्टीनेशनल कंपनियों के ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) में भी सैलरी इंक्रीमेंट 9.9% और टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स प्लेटफॉर्म में 9.3% होने की उम्मीद है। जबकि अगले साल टेक्नोलॉजी कंसल्टिंग और सर्विसेज में सैलरी 8.1% बढ़ने का अनुमान है।


**शेयर बाजार में और गिरावट की आशंका:** विदेशी निवेशकों की बिकवाली से गिर रहा बाजार

# भारत व दूसरे एशियाई बाजारों से विदेशी निवेशकों का पैसा चीन हो रहा शिफ्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** पिछले दो साल में विदेशी निवेशकों ने भारत में खरीदो और चीन में बेचो की रणनीति का पालन करते हुए खूब पैसा बनाया। लेकिन चीन के एक कदम से यह स्थिति पलट गई है। चीन की सरकार ने अपनी इकॉनमी में जान फूंकने के लिए हाल में स्टीम्युलस पैकेज का ऐलान किया, इसके बाद से वहां के शेयर मार्केट में काफी तेजी आई है। चीन के सीएसआई 300 इंडेक्स में एक सप्ताह में 25% उछला है। जबकि हैंगसेंग 15% चढ़ गया है। दूसरी ओर निफ्टी और सेंसेक्स दोनों पर बिकवाली का दबाव है, जिससे भारतीय बाजार एक हफ्ते में करीब 4% गिरा है।

चीन के बाजार में लौटी तेजी से एक बार फिर विदेशी निवेशक चीन में तेजी से निवेश बढ़ा रहे हैं। चीन के शेयर बाजार से जो पैसा जापान और दक्षिणपूर्व एशिया के बाजारों में गया था, वह अब फिर से वापस लौट रहा है। भारत, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, जापान और थाइलैंड के बाजार में पिछले हफ्ते नेट आउटफ्लो देखने को मिला। जबकि चीन में एक हफ्ते में 8.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। हालांकि लंबी अवधि के लिए विशेषज्ञ अभी भी भारत को निवेश के लिए सबसे अच्छा बाजार मान रहे हैं।




### ...इसलिए भारतीय बाजार बेहतर

**बार्कलेज** ने अपनी रिपोर्ट में कहा, भारत के टेक-सैवी बैंकिंग सिस्टम, इंफ्रास्ट्रक्टर में तेजी से बढ़ता निवेश, चीन से बाहर सप्लाई चेन का डाइवर्सिफिकेशन, कंज्यूमर स्पेंडिंग बढ़ने के साथ रियल एस्टेट निवेश भी बढ़ रहा है। इसलिए लंबी अवधि के लिए भारतीय बाजार बेस्ट हैं।

एक्सपर्ट्स का कहना है कि उभरते बाजारों में भारत का स्ट्रक्चरल फ्रेमवर्क सबसे अच्छा है। भारत अपनी युवा आबादी और लोअर से मिडिल क्लास में पहुंचने वाले लोगों के साथ ग्लोबल मार्केट के लिए एक मजबूत डिमांड वाला बाजार बनता जा रहा है।

## भारत को लेकर क्या है दिग्गजों की राय

### हालिया गिरावट तात्कालिक

भारतीय बाजार में अभी जो गिरावट है वह तात्कालिक है। भारतीय बाजार कंपनियों की आय से आगे बढ़ेगा। इस साल के अंत तक सेंसेक्स 1,00,000 तक पहुंच सकता है। अगर मेरे पास आज 100 डॉलर है तो इसमें से 50% हिस्सा मैं भारतीय बाजार में निवेश करूंगा। 25% चीन और ताइवान और बाकी बचा 25% हिस्सा तुर्की, वियतनाम और अन्य उभरते बाजारों में निवेश करूंगा।

**-मार्क मोबियस,** दिग्गज निवेशक

## सोने-चांदी पर खरीदारों का भरोसा कायम

**जयपुर.** दिवाली के त्योहारी सीजन में सबसे ज्यादा बिकने वाली वस्तुओं में सोना-चांदी शीर्ष पर है। पिछले साल धनतेरस पर ही देशभर में 41 टन सोना और 400 टन चांदी की बिक्री हुई थी। इस बार सोने-चांदी के भाव 28 से 30 प्रतिशत तक ज्यादा हैं, लेकिन सोने-चांदी के भावों में तेजी भी ग्राहकों को आकर्षित करने का महत्वपूर्ण कारण बन सकती है। अनुमान है कि 2025 तक सोना प्रति ओंस 3 हजार डॉलर पर पहुंच सकता है। इसलिए इस तेजी में भी खरीदारों के लिए सोना- चांदी भविष्य में बड़ा रिटर्न दे सकते हैं।

## पेज 01 का शेष...

### गुलाबीनगर...

अधिकारियों के अनुसार फिल्म शूटिंग की अनुमति ऑनलाइन, शूटिंग के लिए अच्छी प्रोत्साहन राशि फिल्म निर्माताओं को जयपुर में फिल्म शूटिंग के लिए आकर्षित कर रही है।

**15 फीसदी स्थानीय युवाओं को काम देना जरूरी:** पर्यटन विभाग की शर्तों के अनुसार फिल्मों की शूटिंग करने वाले निर्माताओं को शूटिंग के दौरान अपने क्रू मेंबर टीम में 15 फीसदी स्थानीय युवाओं को काम देना होगा। इसके साथ ही अपनी फिल्म में जयपुर शहर के पर्यटन स्थलों, खूबसूरत जगहों का प्रचार और प्रसार करना होगा। जिससे राजस्थान पर्यटन का प्रचार प्रसार हो सके। बीते एक साल में जयपुर शहर में 35 और पूरे प्रदेश में 150 फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है।

### अधीनस्थ...

अब न केवल राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों में प्रवेश लेने वाली लड़कियों की संख्या बढ़ रही है, बल्कि अन्य महाविद्यालयों में भी विधि की पढ़ाई कर रही लड़कियों की संख्या बढ़ी है। इसका असर यह है कि वकालत और अधीनस्थ न्यायपालिका में भी महिलाएं बढ़ रही है। वकालत में तो कुछ महिलाएं अपने पिता-दादा-मामा-नाना की विरासत को संभाल रही हैं और ऐसी महिलाओं की संख्या बढ़ती जा रही है।

**महिलाओं के मुकदमे 1.43 लाख:** प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में 20.79 लाख से अधिक मुकदमे लंबित हैं, जिनमें से 1.43 लाख से अधिक महिलाओं की ओर से दायर किए गए हैं। इसे यों भी कहा जा सकता है कि समाज में महिलाओं पर अत्याचार की शिकायतें या भेदभाव की शिकायत भले ही आ रही हैं लेकिन ये मामले अब भी अदालतों तक नहीं पहुंच रहे हैं।

**हाईकोर्ट में महिजा जज:** रेखा बोराना, शुभा मेहता और नुपूर भाटी

**महिला वरिष्ठ अधिवक्ता:** गायत्री राठौड़

### पैलेस...

कोंडेनास्ट की ओर से देश में संचालित गोल्डन चैरिएट को दुनिया की 11वीं और महाराजा एक्सप्रेस को 13 वीं बेस्ट लक्जरी ट्रेन के अवॉर्ड से नवाजा गया है। ट्रेन के ओएंडएम ऑपरेटर भगत सिंह ने बताया कि ट्रेन को और भी लक्जरी बनाया जाएगा।

# नवविवाहित मिलकर ऐसे बढ़ाएं धन और खुशियां

**मुंबई @ पत्रिका.** शादी होने के बाद लोगों की जिम्मेदारियां और जरूरतें अचानक बढ़ जाती हैं। ऐसे में नवविवाहितों को बेहतर और सुखमय भविष्य के लिए सटीक फाइनेंशियल प्लानिंग करनी चाहिए। आपको अपनी सभी संपत्तियों, इनकम, सेविंग और देनदारियों यानी लोन और क्रेडिट कार्ड बिल का पता होना चाहिए। सबसे पहले अपना मंथली बजट बनाएं और उसमें सभी आय और खर्च का विवरण लिखें। यह आपके फाइनेंशियल जर्नी के लिए रोडमैप का काम करेगा। आपको अपनी खर्च की आदत का पता चल जाएगा और जान पाएंगे कि कहां बचत कर सकते हैं।



**किसलय उपाध्याय,** स्मॉलकेस मैनेजर, फाउंडर फिडेलफोलियो इन्वेस्टमेंट

**कैसा हो निवेश पोर्टफोलियो:** **किस एसेट** में कितना निवेश करें यह लोगों के जोखिम उठाने की क्षमता, उनके इनकम-खर्च और उम्र पर निर्भर करती है। ऐसे निवेश विकल्पों में निवेश करें जो सालाना कम से कम 12-13% रिटर्न दे।

***याद रखें कि जिस मकान में आप खुद रहते हैं वह निवेश नहीं है। किसी प्रॉपर्टी से रेंटल इनकम हो रही हो तभी उसे निवेश मानें।***

***स्थिर आय के लिए:*** 60% निवेश इक्विटी में लॉन्ग टर्म के लिए करें।

***अधिक रिटर्न के लिए:*** 20% इक्विटी में किया गया निवेश स्मॉलकैप शेयर और स्मॉलकैप म्यूचुअल फंड्स में करें।

***पैसिव इनकम:*** इसके लिए 20% राशि पैसिव यानी इंडेक्स फंड्स व ईटीएफ में निवेश करें।

***कंपाउंडिंग का लाभ:*** निवेश को लंबी अवधि तक बनाएं रखें, हर 5 साल बाद एसेट एलोकेशन की समीक्षा और बदलाव करें।

### आय-खर्च का पूर्वानुमान

**भविष्य** में आपको कहां से कितनी कमाई हो सकती है और कहां खर्च होंगे, इसका रफ खाका खींचें। पेरेंटहुड, बच्चों की पढ़ाई, हायर एजुकेशन, शादी और खुद के रिटायरमेंट के लिए जरूरी राशि का पूर्वानुमान लगाएं और इनके हिसाब से ही निवेश की रणनीति बनाएं। जरूरतों के हिसाब से प्रायोरिटी तय करें।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**संख्या: डब्ल्यू.ए./ई-टेण्डर/19/2024 दिनांक: 01.10.2024** मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजीनियरिंग), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. **निविदा संख्या: 116/2024 कार्य का नाम:** अजमेर मण्डल-मौजूदा 20 नम्बर टी.एम.सी. साइडिगों पर विभिन्न सुविधायों का प्रावधान का कार्य जैसे पाथवे अप्रौच रोड, पाथवे के उपर कवरिंग शैड़ रैम्प, पेयजल बूथ, विश्राम सुविधायें और सम्बन्धित विधुत कार्य इत्यादि। **अनुमानित लागत:** रुपये 9,52,37,025.89 **बयाना राशि:** रुपये 6,26,200/- **निविदा की अंतिम दिनांक:** 10.10.2024 2. **निविदा संख्या: 127/2024 कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर लाईन अजमेर उप मण्डल: में कचरा हटाकर ट्रेक की सफाई करना एवं मूरम, मलवा एवं अपशिष्ट पदार्थो का डिसपोजल करने का कार्य। **अनुमानित लागत:** रुपये 26,69,520.00 **बयाना राशि:** रुपये 53,400/- **निविदा की अंतिम दिनांक:** 10.10.2024 3. **निविदा संख्या: 128/2024 कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर भीलवाडा उप मण्डल: अजमेर-चित्तौड़गढ़ खण्ड (लम्बाई 31.5 ट्रैक कि.मी.) में विभिन्न स्थानों पर डब्ल्यू - बीम क्रेश बैरियर सुरक्षा बाड लगाने का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** रुपये 11,61,29,152.16 **बयाना राशि:** रुपये 7,30,700/- **निविदा की अंतिम दिनांक:** 10.10.2024 4. **निविदा संख्या: 129/2024 कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर (मुख्यालय) अजमेर उपमण्डल: बगंलो के सम्पर्क मार्ग और सरक्यूलेटिंग एरिया की विशेष मरम्मत और एसएसई कार्य उत्तर के क्षेत्राधिकार के तहत रेलवे कोलोनी में अजमेर विविध मरम्मत का कार्य। **अनुमानित लागत:** रुपये 2,18,26,478.42 **बयाना राशि:** रुपये 2,59,100/- **निविदा की अंतिम दिनांक:** 18.10.2024 उक्त ई-निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी रेलवे की वैबसाईट **www.ireps.gov.in** पर तथा मण्डल कार्यालय उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर के निविदा नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। 1138-AJ/24

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें



**कार्यालय पंचायत समिति कुचामन सिटी (डीडवाना–कुचामन)**

क्रमांक : पंसकु/लेखा/2024–25/1545 दिनांक :– 2.10.24

**–: पशु मेला ठेका निलामी सूचना :–**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस पंचायत समिति द्वारा अश्विन शुक्ला नवमी से पूर्णिमा सम्वत् 2081 तद्नुसार दिनांक 12.10.2024 से 17.10.2024 तक आयोजित होने वाला पशु मेला भैरू तालाब, कुचामन सिटी का ठेका दिनांक 07.10.2024 को 12 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक पंचायत समिति में गठित समिति के समक्ष खुली बोली द्वारा निष्पादित किया जाएगा जिसमें इच्छुक व्यक्ति/फर्म 5000/– धरोहर राशि जमा करवा कर बोली में भाग ले सकता है। नीलामी से संबंधित शर्तें राजस्थान लोक उपापन पोर्टल पर (sppp.rajasthan.gov.in) एवं कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

UBN - ZNR2425WSOB00754

(सविता चौधरी)
प्रधान
पंचायत समिति कुचामन सिटी

(राजूराम)
विकास अधिकारी
पंचायत समिति कुचामन सिटी



**कार्यालय प्राचार्य, सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर**

ब्यावर रोड़, अजमेर–305001(राजस्थान),भारत Phone No:- 0145. 2460946, 2461946
E-Mail ID:- gcajmer175@gmail.com Website:- https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcajmer
NAAC Acrediaction Grade- B++ (Establised-1836) https://spcgcajmer.ac.in/

क्रमांक: एफ.2()लेखा/एसपीसीजीसीए/2024/790 दिनांक: 02.10.2024

**विज्ञप्ति**

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के आदेश क्रमांक एफ.1(02)विद्या सम्बल/आकाशि/गै.फे./दिशा निर्देश/21–00638/पार्ट–1 दिनांक 04.09.2024 की अनुपालना में महाविद्यालयों में अध्ययन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा "विद्या सम्बल योजना" के अन्तर्गत **सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर** में विभिन्न विषयों में पात्र व्यक्तियों को गेस्ट फैकल्टी पूर्णतः अस्थायी के रूप में राजस्थान सरकार के वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक प.6(2)वित्त/साविलेनि/2021 दिनांक 30.03.2021 के बिन्दु संख्या 4(क) में वर्णित स्तर से बिन्दु संख्या 5 में वर्णित देय मानदेय पर बजट की उपलब्धता की शर्त के अध्याधीन मूल आवेदन, व्यक्तिशः या डाक द्वारा दिनांक 11.10.2024 (शुक्रवार) सायंकाल 05:00 बजे तक सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर कार्यालय में स्वीकार किए जाएगें। पात्र अभ्यर्थी इस हेतु महाविद्यालय शिक्षा सेवा नियम 1986 में सहायक आचार्य के पद हेतु वर्णित शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करने वाले ऐसे अभ्यर्थी जो आवेदन करते समय 21 वर्ष की आयु पूर्ण करते हो, वही गेस्ट फैकल्टी के तौर पर आवेदन कर सकेगें। आमंत्रित शिक्षकों से केवल कालांश के आधार पर सत्र 2024–25 में सत्र प्रणाली के अन्तर्गत विधा संबल योजना में पाठ्यक्रम पूर्ण करवाये जाने हेतु 24 सप्ताह अथवा 28 फरवरी, 2025 तक जो भी पहले हो तक अध्यापन कार्य करवाया जावेगा। गेस्ट फैकल्टी से निर्धारित शपथ पत्र भरवाकर लिया जावेगा। इस हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य जानकारी के लिए आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर की वेबसाइट https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcajmer (आवेदन पत्र का प्रारूप, न्यूनतम योग्यता शर्तों, शपथ पत्र आदि) को देखें।

| क्र.सं. | विषय का नाम | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | बीबीए | 03 |
| 2 | बीसीए | 03 |
| 3 | कम्प्यूटर विज्ञान | 01 |

प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी
सम्राट पृथ्वीराज चौहान
राजकीय महाविद्यालय, अजमेर



**प्रादेशिक सेना भर्ती- बेलगावी (कर्नाटक)**

115 (टीए) महार, 106, (टीए) पैरा और 125 (टीए) गार्ड में जीडी और टीडीएन सैनिकों के नामांकन के लिए एक खुली भर्ती रैली गुजरात, गोवा, तमिलनाडु, राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और लक्षद्वीप, पांडिचेरी, दादर और नगर हवेली, दमन और दीव के पात्र उम्मीदवारों के लिए 04 नवम्बर 24 से 12 नवम्बर 24 तक आरएमएस ग्राउंड, बेलगावी, कर्नाटक में आयोजित की जाएगी।

उम्मीदवारों को शारीरिक माप परीक्षण, दस्तावेज जांच और चिकित्सा परीक्षा देनी होगी। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को बाद में लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। विस्तृत सूचना **www.jointerritorialarmy.gov.in** और रोजगार समाचार/ रोजगार समाचार पर उपलब्ध है।



**कार्यालय अधिशासी अभियंता, सा.नि.वि., जिला खण्ड अजमेर**

क्रमांक- 1753 **निविदा सूचना संख्या- 06/2024-25** दिनांक- 27.09.2024

**NIB No.- PWD2425A1882**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन निर्माण/ सड़क निर्माण कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, एवं केन्द्रीय/ राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों/ केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/ डाक एवं दूर संचार विभाग/ रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 02 पैकेज/ कार्यों, जिनकी कुल लागत राशि रुपये 367.79 लाख है, के लिए ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा फार्म डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख एवं समय | दिनांक 30.09.2024 प्रातः 9.30 बजे से 14.10.2024 को सायं 6.00 बजे तक |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट **"www.dipronline.org"** पर एवं निविदा दस्तावेज का विवरण वेबसाईट **"https://eproc.rajasthan.gov.in"** एवं **"sppp.raj.nic.in"** पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया **"https://eproc.rajasthan.gov.in"** पर ऑनलाईन सम्पादित की जावेगी।

**UBN No.-** (1) PWD2425WSOB06828, (2) PWD2425WSOB06833

**DIPR/C/9362/2024**

(केदार शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता, सा.नि.वि. जिला खण्ड अजमेर



**कार्यालय ग्राम पंचायत, निम्बीजोधा**

**पंचायत समिति लाडनूं (डीडवाना कुचामन)**

क्रमांक : 137 दिनांक : 26.09.2024

**आवासीय पट्टा आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत **निम्बीजोधा** में आबादी भूमि के आवासीय भूखण्डों के पट्टों हेतु निम्न आवेदन कार्यालय ग्राम पंचायत निम्बीजोधा को यह प्राप्त हुए हैं। राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियम 157 व 158 के तहत पुराने भवनों के पट्टे ग्राम पंचायत **निम्बीजोधा** द्वारा जारी किये जाने प्रस्तावित हैं। जिन पर आपत्तियां की जानी हैं। यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति है तो 15 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज कार्यालय हाजा में प्रस्तुत होकर देवें। बाद मियाद गुजरने पर किसी भी व्यक्ति की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | जाति | ग्राम | पड़ौस |
|---|---|---|---|---|
| 01. | बजरंगसिंह नरुका/पोकर सिंह | रा. राजपूत | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 02. | नारायणप्रसाद सारडा/जगनाथ | सारडा | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 03. | जसवीर सिंह/रघुवीर सिंह | राजपूत | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 04. | अवतार सिंह/ छतु सिंह | राजपूत | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 05. | सुरेश कुमार/ बाबूलाल | जांगिड़ | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 06. | जितेन्द्र जांगिड़/बाबूलाल | जांगिड़ | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 07. | सोनू बोहरा/ सुधीर बोहरा | ब्राह्मण | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 08. | शान्ति मेघवाल /जगदीश | मेघवाल | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 09. | सीमा गौड़/ बसन्त कुमार गौड़ | ब्राह्मण | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 10. | जगदीश प्रसाद डारा/सुरजाराम | जाट | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 11. | रामजोत पंडित/ मूलचन्द | ब्राह्मण | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 12. | नोरतन जांगिड़ /बद्रीराम | जांगिड़ | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 13. | मोहम्मद हुसेन/रुकनदिन | पंवार | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 14. | श्यामसुंदर, जगदीश, कमल, महावीर / चन्दमल | बिहाणी | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 15. | ओमप्रकाश शर्मा/रामनिवास | ब्राह्मण | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 16. | अशोककुमार/ रामकरण | ब्राह्मण | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 17. | मंजू सिखवाल /अशोक | ब्राह्मण | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 18. | मनीष कुमार/ रामकुमार | ब्राह्मण | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 19. | रचना पारीक/ मनीष कुमार | ब्राह्मण | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 20. | टिकूराम/हनुमान राम तरड़ | जाट | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 21. | मांगीलाल बावरी / बालुराम | बावरी | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 22. | अमानाराम बावरी/हजारीराम | बावरी | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 23. | हिम्मता राम/ भंवराराम खीचड़ | जाट | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 24 | भगवाना राम/भंवराराम खींचड़ | जाट | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 25. | हीरा राम/भंवराराम खीचड़ | जाट | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 26. | खेतराम /मघाराम खीचड़ | जाट | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 27. | शिवकरण/मघाराम खीचड़ | जाट | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 28. | गोविन्द राम/प्रतापराम खीचड़ | जाट | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 29. | तुलछीदास/ आशाराम | स्वामी | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 30. | राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र | | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 31. | देवाराम/हनुमाना राम खीचड़ | जाट | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 32. | श्रवणराम/ हनुमाना राम खीचड़ | जाट | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 33. | रूपदास/ आशाराम | स्वामी | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 34. | कालूराम, ओमप्रकाश/ सुरजाराम तरड़ | जाट | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 35. | बाबूलाल/ सेवाराम | अचारी | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 36. | दीपचन्द/ बाबूलाल | अचारी | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 37. | मनोज कुमार/ गौरीशंकर | नाई | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 38. | मुकेश कुमार/ गौरीशंकर | नाई | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 39. | सन्तोषकुमार/ सत्यनारायण | ब्राह्मण | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 40. | सम्पति देवी / सन्तोष कुमार | ब्राह्मण | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 41. | मनीष कुमार/ इन्द्र प्रकाश | ब्राह्मण | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 42. | रुघाराम/ केदारमल | बावरी | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 43. | रुपाराम/ बालुराम | बावरी | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |
| 44. | लिछमा/ नानुराम | बावरी | निम्बीजोधा | मिसलानुसार |

**नोट** :- उपरोक्त क्रम संख्या 1 से 44 तक यदि पूर्व में किसी स्तर में कोई भी पट्टा जारी हो, किसी प्रकार का आपसी भाई बंटवारा और विवाद या किसी भी न्यायालय में प्रकरण दर्ज हो या किसी पड़ौसी को कोई आपत्ति हो तो नोटिस जारी होने के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय ग्राम पंचायत में प्रस्तुत करें। समय मियाद बाद किसी भी कार्यवाही के लिए ग्राम पंचायत जिम्मेदार नहीं होगी एवं पूर्व में जारी पट्टे पर पट्टा जारी होना पाया जाता है तो स्वयं पट्टाधारक कानूनी कार्यवाही के लिए जिम्मेदार होगा। अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए कार्यालय समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में सम्पर्क करें।

सुरेश सेंगवा
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत, निम्बीजोधा

सुमन खीचड़
सरपंच
ग्राम पंचायत, निम्बीजोधा

**आइसीसी महिला टी-20 विश्व कप:** दोनों टीमों के बीच ग्रुप-ए का मुकाबला आज, पिछले दो विश्व कप मैचों में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की है, मुकाबले का प्रसारण शाम 7.30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स पर

# चार साल बाद न्यूजीलैंड से होगी टक्कर, जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगी भारतीय टीम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**दुबई.** भारतीय टीम शुक्रवार को आइसीसी महिला टी-20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप-ए मैच से अपने अभियान का आगाज करेगी। खास बात यह है कि दोनों टीमों के बीच विश्व कप में चार साल बाद मुकाबला खेला जाएगा। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुआई में भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप में जीत की हैट्रिक बनाने के लिए उतरेगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच अब तक विश्व कप में कुल चार मुकाबले खेले गए हैं और दोनों ने 2-2 मैच जीते हैं। ऐसे में दोनों टीमों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा।

### आमने-सामने

**13** मैच भारत ने *कुल न्यूजीलैंड से खेले*

**04** भारत ने जीते और *09 में हार मिली*

### विश्व कप में भारत...

**04** मैच भारत ने *न्यूजीलैंड के साथ खेले*

**02** मैच भारतीय *टीम ने जीते और दो हारे*

| तारीख | परिणाम | साल |
|---|---|---|
| 27 फरवरी | भारत 3 रन से जीता | 2020 |
| 09 नवंबर | भारत 34 रन से जीता | 2018 |
| 05 मई | न्यूजीलैंड 10 रन से जीता | 2010 |
| 17 जून | न्यूजीलैंड 52 रन से जीता | 2009 |




**सीनियर खिलाड़ियों पर दारोमदार** भारत की सीनियर खिलाड़ियों पर दारोमदार होगा कि वे न्यूजीलैंड के खिलाफ धमाकेदार अंदाज में अपने विश्व कप अभियान का आगाज करें। कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा समेत सभी सीनियर खिलाड़ियों को अपना सवश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा और जीत से टूर्नामेंट का आगाज करना होगा।

### बेहतरीन रहा है टीम का प्रदर्शन

**भारतीय** टीम विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी मुकाबला 2010 विश्व कप में हारी थी। उसके बाद दोनों टीमों के बीच 2018 और 2020 में दो मैच खेले गए। ये दोनों मैच भारतीय टीम ने जीते और हरमनप्रीत की निगाहें जीत के इस सिलसिले को आगे बढ़ाने पर होंगी। वहीं, न्यूजीलैंड की कप्तान सोफिया डिवाइन की कोशिश भारतीय टीम को जीत की हैट्रिक बनाने से रोकने पर होगी।

### आइसीसी ने लॉन्च किया एआई टूल

## नकारात्मक कंटेट से बचाने में करेगा मदद

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने महिला टी-20 विश्व कप के लिए सोशल मीडिया मॉडरेशन प्रोग्राम के हिस्से के रूप में एक नया सॉफ्टवेयर लांच किया है, जो क्रिकेट समुदाय को ''नकारात्मक कंटेंट'' से बचाने में मदद करेगा ताकि खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा की जा सके और खेल के लिए एक सुरक्षित, और स्वस्थ ऑनलाइन समुदाय सुनिश्चित किया जा सके। गुरुवार को आइसीसी ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि टीमों और खिलाड़ियों के लिए अधिक सकारात्मक और समावेशी ऑनलाइन अनुभव को बढ़ावा देगा और 60 से अधिक खिलाड़ियों ने पहले ही इसे चुन लिया था। आइसीसी ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर आइसीसी के सोशल मीडिया खातों के साथ-साथ खिलाड़ियों की टिप्पणियों की निगरानी और मॉडरेट करने के लिए एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और मानव संसाधनों का संयोजन प्रदान करने के लिए यूके की एक सॉफ्टवेयर कंपनी गोबबल को नियुक्त किया है।

**ईरानी ट्रॉफी:** शेष भारत के 4 विकेट पर 289 रन

# अभिमन्यु ने लगातार तीसरा शतक ठोका

**151** रन बना कर नाबाद हैं शेष भारत के अभिमन्यु, *12 चौके, 1 छक्का लगाया*



शेष भारत के अभिमन्यु ईश्वरन शतक लगाने के बाद जश्न मनाते हुए।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेटर में लगातार तीसरा शतक जड़कर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया जिससे शेष भारत ने गुरुवार को यहां ईरानी ट्रॉफी में मुंबई के 537 रन के विशाल स्कोर के जवाब में स्टंप्स तक चार विकेट पर 289 रन बना लिए। मैच के तीसरे दिन ईश्वरन ने 212 गेंद में नाबाद 151 रन बना लिए हैं, जिसमें 12 चौके और एक छक्का शामिल है। हालांकि शेष भारत की टीम अब भी मुंबई के स्कोर से 248 रन पीछे है। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया के आगामी दौरे के लिए रिजर्व टेस्ट बल्लेबाज की होड़ में ईश्वरन भी शामिल हैं।

### कप्तान सस्ते में आउट

**शेष भारत** के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ महज नौ रन बना कर पवेलियन लौट गए। वहीं साई सुदर्शन ने 32, देवदत्त पेडिकल ने 16 और ईशान किशन ने 38 रन बनाए। ध्रुव जुरेल 30 रन बना कर ईश्वरन के साथ टिके हुए थे।

**नॉटआउट रहे सरफराज:** इससे पहले मुंबई के सरफराज खान 222 रन पर नाबाद रहे। मुंबई ने महज एक रन जोड़कर अपनी पहली पारी समाप्त की। शेष भारत की ओर से मुकेश कुमार ने सर्वाधिक पांच विकेट चटकाए। वहीं यश दयाल व प्रसिद्ध कृष्णा ने दो-दो विकेट हासिल किए।

**यूएफा चैंपियंस लीग:** मई, 2023 के बाद टूर्नामेंट में झेलनी पड़ी पहली हार

# 35 मैच बाद रियाल मैड्रिड को मिली हार, लिली ने चौंकाया

## मौजूदा चैंपियन स्पेनिश क्लब को 1-0 से दी शिकस्त

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लिली (फ्रांस).** मौजूदा चैंपियन रियाल मैड्रिड को बुधवार देर रात खेले गए यूएफा चैंपियंस लीग के मैच में फ्रांसीसी फुटबॉल क्लब लिली के हाथों करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। स्पेन के शीर्ष क्लब की सभी टूर्नामेंटों में 35 मैचों बाद यह पहली हार है। रियाल मैड्रिड को अंतिम बार 18 जनवरी को एटलेटिको मैड्रिड के हाथों 4-2 से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं चैंपियंस लीग में उसने अंतिम मैच मई, 2023 में हारा था।

### जोनाथन ने पेनल्टी पर दागा मैच विजयी गोल

**मैच** का एकमात्र गोल लिली के जोनाथन डेविड ने पहले हाफ के स्टापेज टाइम में पेनल्टी पर दागा। लिली ने अपनी यह बढ़त अंत तक कायम रखी। रियाल के फ्रांसीसी मिडफील्डर एडुआर्डो कैमाविंगा ने लिली के एडन जेग्रोवा के फ्री किक को अपने हाथ से रोका था। बाद में वीडियो असिस्टेंट रेफरी ने लिली के हक में फैसला दिया और उसे पेनल्टी मिल गई।

### पिछले सीजन का फाइनल होगा रिपीट

**अब** रियाल मैड्रिड का सामना बोरुसिया डोर्टमंड से होगा। चैंपियंस लीग के पिछले सीजन की फाइनलिस्ट टीमें 23 अक्टूबर को एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देने उतरेंगी। रियाल मैड्रिड ने फाइनल में बोरुसिया डोर्टमंड को हराकर 15वीं बार यह खिताब जीता था।




लिली के रिबेरियो (बाएं) को रोकने का प्रयास करते रियाल के विंसियस जूनियर।

### गिरोना के दो आत्मघाती गोल

## फेयेनूर्ड को तोहफे में दी जीत

**गिरोना @ पत्रिका.** स्पेन के क्लब गिरोना ने दो आत्मघाती गोल कर फेयेनूर्ड को जीत तोहफे में दे दी। गिरोना को अपने घरेलू मैदान पर फेयेनूर्ड के हाथों 3-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी। गिरोना के यांगेल हरेरा ने 23वें और लाडीस्लाव क्रेजी ने 79वें मिनट में आत्मघाती गोल दागे। फेयेनूर्ड के एंटोनी मिलाम्बो ने 33वें मिनट में गोल किया। गिरोना के डेविड लोपेज और डोनी वैन डै बीक ने गोल किए।




एस्टन विला के खिलाड़ी जश्न मनाते हुए।

### एस्टन विला ने बायर्न म्यूनिख को हराया

**बायर्न म्यूनिख** को एस्टन विला ने 1-0 से हराया। एस्टन विला की ओर से एकमात्र गोल जॉन डुरान ने 79वें मिनट में किया।

### अन्य परिणाम

| | |
|---|---|
| लिवरपूल-बोलोग्ना | 2-0 |
| जुवेंटस-आरबी लिपजिग | 3-2 |
| डिनामो जार्गेब-मोनाको | 2-2 |

**टी-20 क्रिकेट:** स्कॉटलैंड को 16 रन से हराया

# बांग्लादेश ने विश्व कप में एक दशक बाद जीता मैच



बांग्लादेश की खिलाड़ी जीत का जश्न मनाते हुए।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**शारजाह.** बांग्लादेश ने आइसीसी टी-20 महिला विश्व कप में गुरुवार को जीत से आगाज किया। बांग्लादेश ने स्कॉटलैंड को 16 रन से हरा दिया। इस जीत से टीम की खिलाड़ी भावुक हो गईं क्योंकि विश्व कप में बांग्लादेश ने 10 साल बाद जीत दर्ज की है। टीम ने आखिरी बार विश्व कप 2014 में श्रीलंका व आयर्लैंड को हराया था।

### लो स्कोरिंग रहा मैच

**बांग्लादेश** ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 119 रन बनाए। सोभाना मोस्त्री ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। जवाब में स्कॉटलैंड की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 103 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से रितु मोनी ने 15 रन देकर दो विकेट झटके। रितु को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। स्कॉटलैंड की सारा ब्रायस ने नाबाद 49 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकीं।

### पाकिस्तान ने श्रीलंका को 31 रन से हराया

**शारजाह @ पत्रिका.** पाकिस्तान ने टी-20 महिला विश्व कप के दिन के दूसरे मैच में श्रीलंका को 31 रन से हरा दिया। पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 116 रन पर ऑलआउट हो गई थी। जवाब में श्रीलंका 20 ओवर में 9 विकेट पर 85 रन ही बना सका। पाकिस्तान की सादिया इकबाल 17 पर 3, फातिमा सना ने 10 पर 2, ओमेमा ने 17 पर व नशरा ने 15 पर 2 विकेट लिए।

**चाइना ओपन टेनिस:** आज होगा मुकाबला

# सेमीफाइनल में बाडोसा का सामना गॉफ से

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बीजिंग.** चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले सेमीफाइनल में शुक्रवार को स्पेन की पाउला बाडोसा का सामना चौथी वरीयता प्राप्त अमरीका की कोको गॉफ से होगा। गुरुवार को यहां खेले क्वार्टरफाइनल मुकाबले में गॉफ ने गैर वरीय यूलिया स्टाडब्टसेवा को 2-6, 6-2, 6-2 से हरा कर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं इससे पहले 15वीं वरीयता प्राप्त बाडोसा ने चीन की झांग शुआई को एक घंटे 23 मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 6-7 से शिकस्त दी। शुक्रवार को अन्य क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीय आर्यना सबालेंका का सामना कैरोलिना मुचोवा से होगा। वहीं मीरा आंद्रीवा पांचवीं वरीय क्विनवेन से भिड़ेंगी।



पाउला बाडोसा

**शानदार फॉर्म:** स्पेन की बाडोसा इस साल के शुरू में 140वीं रैंकिंग पर थीं, लेकिन मई के बाद उन्होंने 35 में से 28 मैच जीते हैं, जिसकी बदौलत वे 19वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

### आज का पोल

**क्या भारतीय टीम न्यूजीलैंड पर जीत की हैट्रिक लगा पाएगी?**

YES NO

हमारे एक्स/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

**गुरुवार का जवाब**

हां 70% नहीं 30%

***पिछला सवाल:*** क्या भारतीय महिला टीम इस बार टी-20 विश्व कप जीत पाएगी?

**पांचवीं बार** टी-20 महिला विश्व कप में आमने-सामने होंगे भारत और न्यूजीलैंड।

**फुटबॉल:** इंटर मियामी का पहली बार सपोटर्स शील्ड पर कब्जा

## ...फिर चला मेसी का मैजिक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कोलंबस.** कप्तान लियोनल मेसी के दो गोल की बदौलत इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर के मैच में कोलंबस क्रू को 3-2 से हरा कर पहली बार सपोटर्स शील्ड पर कब्जा जमा लिया। मेसी ने दोनों गोल पहले हाफ के स्टापेज टाइम में दागे। इस जीत के साथ ही इंटर मियामी ने शीर्ष पर रहते हुए खिताब अपने नाम किया। मेसी के करियर का यह 46वां खिताब है। मेसी के अलावा एक अन्य गोल लुइस सुआरेज ने किया।




इंटर मियामी के खिलाड़ी सपोटर्स शील्ड के साथ जश्न मनाते हुए।

## CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7125...



**बाएं से दाएं...** 1. मौका-परस्त (4-2), 6. दुख, शोक (2), 7. बोलने का ढंग (3), 8. प्रस्थान, गमन (4), 9. गीत (2), 10. दयालु (3), 11. नाड़ी, रुधिर वाहिनी नलिका (2), 13. माल की बिक्री (3), 15. मनुष्य (3), 16. नाव के पीछे लगी तिकोनी लकड़ी (4), 19. पति की बहन (3), 21. प्रसिद्धि, ख्याति (2), 22. धीमा (2), 24. हम शब्द का सबन्ध कारक रूप (3), 27. निर्धन, दीन (3), 29. ईसाई सेविका (2), 30. कार्य, काज (2), 31. पूर्णत: भरा हुआ (4), 32. कामयाबी (4)

**ऊपर से नीचे...** 1. शत्रुता, दुश्मनी (4), 2. निर्वाह, गुजर (3), 3. दण्ड (2), 4. घटना, हादसा (4), 5. भीत (3), 6. रंगा हुआ (3), 10. उद्यान, बगीचा, बाग (4), 12. आरोही (3), 13. खोदना (3), 14. लाल सुर्ख, रक्त वर्ण का (4), 17. बायां, विरुद्ध (2), 18. अशुभ (4), 20. जलाना, दग्ध करना (3), 23. बाजार (3), 25. मन में उत्पन्न संकल्प/विकल्प (3), 26. सामर्थ्य, योग्यता (3), 28. शक्ति, ताकत (2), 30. युग, समय, वक्त (2)

**हल 7124**



## SUDOKU 6860...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 7 | | | | 5 | 2 | 8 |
| 4 | 2 | | | 5 | | 1 | 9 | |
| | | 6 | | | | 7 | 4 | 3 |
| 7 | | | 9 | | 1 | | | |
| 5 | | 9 | 8 | 2 | | | 1 | |
| 2 | | 1 | 6 | 3 | | 9 | | 7 |
| | | | 2 | | | 6 | 7 | |
| 6 | 7 | | | 1 | 9 | | 3 | 2 |
| | 8 | | | 7 | 6 | 4 | | |

**हल 6859**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 5 | 3 | 2 |
| 2 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 1 | 4 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 |
| 7 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 6 | 8 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 4 | 8 | 1 | 7 | 3 | 9 | 6 | 2 | 5 |
| 3 | 6 | 2 | 8 | 5 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 6 | 1 | 4 | 8 | 3 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

**पाक क्रिकेट में बवाल** // पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड टीम के खराब प्रदर्शन के कारण सालाना अनुबंध की कर रहा है समीक्षा

# बिना पैसे खेल रहे पाक खिलाड़ी, चार महीने से नहीं मिला वेतन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कराची.** पाकिस्तान क्रिकेट एक और विवाद में फंस गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के खिलाड़ी अपने क्रिकेट बोर्ड से काफी निराश और खफा हैं। दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की अपने खिलाड़ियों के साथ काफी खींचतान चल रही है और इस कारण पाक खिलाड़ियों को चार महीने से वेतन नहीं मिला है। यही नहीं, पाक खिलाड़ी सालाना अनुबंध को लेकर भी चिंतित हैं, जो अभी तक खिलाड़ियों को नहीं मिला है।

पीसीबी ने खिलाड़ियों के साथ 2023 में अनुबंध किया था, जो 2026 तक था। लेकिन 2023 वनडे विश्व कप और उसके बाद पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। इसके बाद, पीसीबी ने फैसला किया कि सालाना अनुबंध की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद से सालाना अनुबंध पर अनिश्चितता है।




***गंवाना पड़ सकता है अनुबंध:*** पिछले कुछ महीनों में टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है और इस कारण पीसीबी कई खिलाड़ियों से निराश है। पीसीबी अध्यक्ष मोहिसन नकवी ने कहा कि कई खिलाड़ियों की फिटनेस सवालों के घेरे में है। खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट लिया जाएगा और जो खिलाड़ी फेल होगा, उसे सालाना अनुबंध गंवाना पड़ सकता है।

### पाक खिलाड़ियों की सालाना सैलरी...

| ग्रेड | पाक रुपया | भारतीय रुपए |
|---|---|---|
| ए | 45 लाख | 13.22 लाख |
| बी | 30 लाख | 8.81 लाख |
| सी | 15 लाख | 4.40 लाख |
| डी | 7.5 लाख | 2.20 लाख |

**भारत के मुकाबले काफी कम**

| ग्रेड | राशि | ग्रेड | राशि |
|---|---|---|---|
| ए+ | 7 करोड़ | बी | 3 करोड़ |
| ए | 5 करोड़ | सी | 1 करोड़ |

**बाबर ने इसलिए छोड़ी कप्तानी:** मुख्य कोच गैरी कर्स्टन की बोर्ड को सौंपी रिपोर्ट के कुछ हिस्सों के सार्वजनिक होने के बाद बाबर आजम ने सीमित ओवर टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया।

### बोर्ड ने दी चेतावनी...

## प्रदर्शन और फिटनेस में सुधार करें खिलाड़ी

**बांग्लादेश** के खिलाफ हाल में टेस्ट सीरीज में 0-2 से सफाया होने के कारण पीसीबी खिलाड़ियों से काफी निराश हैं। हाल ही में पीसीबी ने मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के साथ बैठक की। इसमें तय किया गया कि खिलाड़ियों की जवाबदेही तय होगी और उन्हें फिटनेस पर भी खरा उतरना पड़ेगा। जो फिटनेस टेस्ट पास नहीं करेगा, उसे टीम में भी जगह नहीं मिलेगी। कोच कर्स्टन ने अपनी रिपोर्ट में बोर्ड को बताया था कि इंग्लैंड दौरे व विश्व कप में कुछ खिलाड़ियों का व्यवहार अच्छा नहीं था और उन्होंने टीम प्रबंधन का सहयोग नहीं किया।

## आप भी चुनें शक्ति रूपा

नवरात्र महिलाओं को उनके स्वाभिमान और शक्ति की याद दिलाने के साथ-साथ समाज को भी नारी शक्ति के सम्मान के लिए प्रेरित करता है। जैसे मां दुर्गा के 9 रूप विभिन्न गुणों के प्रतीक हैं, वैसे ही ये गुण महिलाओं में मौजूद अनगिनत क्षमताओं और शक्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस नवरात्र परिवार और समाज की उन महिलाओं को पहचानें, जो विशेष गुणों की धनी हैं। हर दिन के हिसाब से किसी असाधारण महिला को चुनें और 'शक्ति रूपा सम्मान' करें।




### ऐसे डाउनलोड करें सम्मान पत्र

**क्यूआर कोड स्कैन करें।** दुर्गा मां के 9 रूपों से प्रेरित गुणों के सम्मान पत्र पीडीएफ के रूप में डाउनलोड होगा। प्रिंट निकलवा कर उस पर महिला का नाम लिखें, फोटो लगाएं व श्रद्धापूर्वक अपने परिवार-समाज की नारी शक्ति को भेंट देकर उनका मान बढ़ाएं।

वर्ल्ड एनीमल अवेयरनेस डे आज

## बेसहारा जानवरों की हमदर्द हैं निहारिका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



उन्होंने जानवरों को रेस्क्यू करने के लिए एक संस्था भी बनाई है।

जहां कई लोग इंसानों के दर्द की परवाह नहीं करते वहीं गाजियाबाद की निहारिका राणा बेजुबान जानवरों की हमदर्द हैं। 26 वर्षीय निहारिका एक-दो नहीं बल्कि सौ से अधिक बेसहारा जानवरों को प्रतिदिन खाना खिलाती हैं। निहारिका कहती हैं, पहले तो वह कुछ ही स्ट्रीट डॉग्स को खाना खिलाती थीं, लेकिन कोरोना काल से उन्होंने कई जानवरों को खाना खिलाना शुरू किया। वह अपने घर से 10 किमी के क्षेत्र में डॉग्स व अन्य जानवरों को हर दिन स्वयं खाना बनाकर खिलाती हैं।

### बचपन का शौक जुनून में बदला

निहारिका बताती हैं कि बचपन में जब किसी भी जानवर को वह घायल अवस्था में देखती तो उसके इलाज की कोशिश करतीं, ऐसा करना उन्हें अच्छा लगता था। फिर कॉलेज के समय में एक प्रोजेक्ट के सिलसिले में उन्होंने पशुओं को रेस्क्यू करने से संबंधित प्रोजेक्ट का चुनाव किया। प्रोजेक्ट तो कुछ दिनों में पूरा हो गया, लेकिन उनका मन वहीं अटक गया। तभी उन्होंने तय कर लिया कि उन्हें इन बेजुबान जानवरों के लिए काम करना है।

### सैलरी का आधा हिस्सा जानवरों के नाम

निजी क्षेत्र में कार्यरत निहारिका कहती हैं कि वह अपनी सैलरी का आधा हिस्सा इन जानवरों के ऊपर खर्च करती हैं। इन्हें खाना खिलाने से लेकर इनका वैक्सीनेशन, दवाओं और जरूरतों का भी ध्यान रखती हैं। करीब 500 जानवरों को रेस्क्यू कर चुकीं निहारिका कहती हैं कि जब मैंने काम शुरू किया तो मैं अकेली थी, अब लोग फोन कर मुझे जानवरों के संबंध में जानकारी देते हैं, ताकि मैं उन्हें रेस्क्यू कर सकूं।

वर्ल्ड स्माइल डे आज

## रिश्तों के वेलकम के लिए एक स्माइल जरूरी है

*एक स्माइल कई मर्ज की दवा है। हंसता-मुस्कुराता हुआ चेहरा भला किसे अच्छा नहीं लगता। रिश्तों में इस स्माइल का बहुत महत्त्व है। जब कोई अपनी बात कहता है और आप उसे एक हल्की सी स्माइल दे देते हैं तो उसके लिए वह रजामंदी के रूप में होती है। अक्टूबर के पहले शुक्रवार को मनाए जाने वाले वर्ल्ड स्माइल डे पर बता रहे हैं स्माइल की अहमियत....*



\- डॉ. मनीषा, रिलेशनशिप कोच

- किसी भी रिश्ते में मुस्कुराहट उस रिश्ते को मजबूत बनाने के साथ-साथ उसे एक स्पेशल तरह का बॉन्ड भी देती हैं। खासतौर पर पति-पत्नी के रिश्ते में स्माइल की विशेष अहमियत होती है। जब भी दोनों में से एक के चेहरे पर मुस्कुराहट कम हो तो दूसरा अपने आप समझ जाता हैं कि कुछ तो बात है।
- रिश्तों में स्माइल वेलकम करने का एक तरीका है। कोई आपके घर आए और आप प्यारी सी स्माइल से उनका स्वागत करें तो इससे रिश्ते और भी घनिष्ठ होते हैं।
- एक स्टडी के अनुसार महिलाएं पुरुषों के मुकाबले अधिक मुस्कुराती हैं, किसी बीमारी या दिर्द के बीच आप अपनों की एक स्माइल से न केवल अच्छा महसूस कर सकते हैं, बल्कि यह आपको आत्मिक मजबूती प्रदान करती है।



वायरल वीडियो

## महिलाएं कुछ भी कर सकती हैं

**आजकल** लोग वायरल होने के लिए क्या कुछ नहीं करते। इसमें महिलाएं तो जुगाड़ लगाने में माहिर हैं। इन दिनों एक महिला का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसके पास कपड़ें और बर्तन धोने के लिए नल की व्यवस्था नहीं होने पर उसने इसका आसान तरीका खोज निकाला है। दिव्याकुमारी नाम के अकाउंट से 'महिला कुछ भी कर सकती हैं मतलब कुछ भी' कैप्शन से शेयर किए गए इस वीडियो में दिखाया गया है कि महिला ने एक



पानी के पाइप को अपने सिर पर कपड़े से इस तरह से बांधा है कि वह इससे आने वाले पानी से सारे बर्तन और कपड़ें धो लेती हैं। महिला के वीडियो को काफी लोगों ने लाइक किया है।

महिलाएं घर की सजावट के लिए तरह-तरह के क्राफ्ट और डीआइवाई आइटम बनाती हैं। अगर आप भी कुछ इस तरह की एक्टिविटी करती हैं तो हमें फोटो सहित बनाने की प्रक्रिया लिख भेजें। हम शी न्यूज पेज पर आपकी कला को जगह देंगे। फेसबुक पेज से जुड़ने के लिए यह **क्यूआर कोड स्कैन** करें।

पत्रिका शी न्यूज़

हमसे जुड़ें facebook.com/patrikaSheNews

## नवरात्र स्थापना: पंडाल में छाई हरियाली, राम मंदिर के शिखर पर रखी पहली शिला




**कोलकाता@ पत्रिका.** शारदीय नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को एक सामुदायिक पंडाल में देवी दुर्गा का हरा-भरा स्वरूप। आयोजकों के अनुसार यह प्रतिमा 8,000 पौधों से घिरी हुई है।




**अयोध्या.** राम मंदिर के शिखर पर लगाई गई प्रथम शिला का पूजन करते श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय। चार माह में शिखर पूरा बन जाएगा।

### ईडी अजहरुद्दीन से 8 को पूछताछ करेगी



**हैदराबाद@ पत्रिका.** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन पूछताछ के लिए गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान धनशोधन मामले में ईडी ने उन्हें समन दिया था। पूर्व क्रिकेटर ने एजेंसी से समय मांगा। ईडी ने अब उन्हें 8 अक्टूबर को तलब किया है।

कैबिनेट का फैसला

### रेल कर्मियों को मिलेगा 78 दिन का दिवाली बोनस

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में रेल कर्मचारियों को 78 दिन का दिवाली बोनस देने का फैसला किया गया। इसका 11,72,240 कर्मियों को लाभ होगा। बोनस के लिए 2028.57 करोड़ रुपए मंजूर किए गए। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बैठक में चेन्नई मेट्रो फेज-2 शुरू करने का भी निर्णय किया गया। वैष्णव ने कहा कि पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषोन्ति योजनाओं के लिए 1,01,321 करोड़ रुपए का बजट तय किया गया है। इन दोनों कार्यक्रमों में 9-9 योजनाएं शामिल की गई हैं। कैबिनेट ने मराठी, पाली, असमिया, प्राकृत व बंगाली भाषा को क्लासिकल भाषा का दर्जा देने का फैसला किया है। तमिल, संस्कृत, तेलगु, कन्नड़, मलयालम, ओड़िया को पहले से ही क्लासिकल भाषा का दर्जा प्राप्त है।

### बांग्लादेश ने भारत से बुलाए उच्चायुक्त

**ढाका@ पत्रिका.** बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने भारत में अपने उच्चायुक्त समेत पांच देशों से राजनयिक वापस बुला लिए हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, पुर्तगाल और संयुक्त राष्ट्र से राजनयिक शामिल हैं। इससे पहले बांग्लादेश ने ब्रिटेन से अपनी उच्चायुक्त सईदा मुना तस्नीम को वापस बुलाया था।

एक महीना शेष: 'बैटलग्राउंड' में तय होगी तकदीर

## सर्वे में हैरिस को बढ़त, स्विंग राज्यों में टक्कर दे रहे हैं ट्रंप

अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव 2024

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वाशिंगटन.** अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव में एक माह शेष है। राष्ट्रपति जो बाइडन के खिलाफ पहली डिबेट जीतने के बाद अपनी जीत के लिए आश्वस्त नजर आ रहे पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को उप राष्ट्रपति कमला हैरिस से कड़ी चुनौती मिल रही है।

जुलाई के अंतिम सप्ताह में जब से वे डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार बनीं, तब से राष्ट्रीय सर्वे में बढ़त बनाए हुए हैं। हाल के सर्वे में भी हैरिस 49% और डॉनल्ड ट्रंप 46% मतदाताओं की पसंद बने हुए हैं। 5 नवंबर को होने वाले चुनाव तय करेंगे कि चार वर्ष के लिए देश की बागडोर किसके हाथ होगी। सर्वे में भले ही हैरिस आगे हैं, लेकिन कुछ सर्वे एजेंसियों का मानता है कि जीत स्विंग राज्यों से ही तय होगी। सर्वे एजेंसी द हिल के मुताबिक ओवरऑल भले ही हैरिस को बढ़त है, लेकिन बैटलग्राउंड राज्यों में दोनों के बीच करीबी मुकाबला नजर आ रहा है। पिछले चुनाव में भी ट्रंप बेहतर स्थिति में थे, लेकिन इन्हीं राज्यों ने पासा पलट दिया। इस बार इन राज्यों में मुकाबला एक फीसदी के इर्द-गिर्द बना हुआ है।

पांच नवंबर, 2024 को होने हैं चुनाव




**हैलोविन** के लिए मिशिगन के एक घर में लगे डॉनल्ड ट्रंप के पुतले और पोस्टर।

### ये सात राज्य तय करेंगे हार-जीत

**अमरीका** में 50 राज्य हैं, लेकिन इनमें से ज्यादातर लगभग हमेशा एक ही पार्टी को वोट देते हैं, इसलिए वास्तव में कुछ ही ऐसे राज्य हैं, जहां दोनों उम्मीदवारों के जीतने की संभावना है। इन्हें ही बैटलग्राउंड स्टेट या स्विंग स्टेट के नाम से जाना जाता है। ये हैं एरिजोना, जॉर्जिया, मिशिगन, नेवाडा, नॉर्थ कैरोलिना, पेनसिल्वेनिया और विस्कॉन्सिन हैं।

### क्या चाहती हैं दोनों पार्टियां

***डेमोक्रेटिक :*** उदार पार्टी है, जिसका एजेंडा मुख्यत: नागरिक अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों के लिए प्रयास करना है।

***रिपब्लिकन :*** रूढ़िवादी दल है। इसे जीओपी या ग्रैंड ओल्ड पार्टी के नाम से भी जाना जाता है। करों में कमी, बंदूक रखने, आव्रजन तथा गर्भपात पर कड़े प्रतिबंधों के पक्ष में है।

***जीत के लिए जरूरी हैं 270 वोट*** अमरीका में कुल 538 इलेक्टोरल कॉलेज वोटों के लिए चुनाव होता है। जीतने के लिए उम्मीदवार को 270 वोटों की जरूरत होती है।

मध्य-पूर्व: ईरानी तेल संयंत्रों पर हमले की आशंका

## लेबनान में इजरायल के हमले, ईरान पर मंत्रणा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


**तेल अवीव/बेरूत.** हमास के बाद हिजबुल्ला, ईरान और हूती पर रुक-रुककर इरायल के हमले जारी हैं। गुरुवार को लेबनान की राजधानी बेरूत में इजरायली सेना (आइडीएफ) के बम हमलों में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि सात घायल हुए हैं। हिजबुल्लाह ने भी इजरायली सेना पर कई बम दागे। उसका दावा है कि उसने दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना को रोक दिया। ईरान को मिसाइल हमले का जवाब देने के लिए बुधवार रात इजरायल के सेना प्रमुख, पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और विपक्षी नेताओं के बीच महत्वपूर्ण बैठक हुई। दूसरी ओर हमले की आशंका के बावजूद ईरान ने गुरुवार को उड़ानें फिर से बहाल कर दीं। मंगलवार को इजरायल पर मिसाइल हमले के बाद उड़ानों पर रोक लगा दी थी। उधर, अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वे ईरानी तेल संयंत्रों पर इजरायल के संभावित हमलों को रोकने के लिए चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उम्मीद है इजरायल ईरान के मिसाइल हमले पर ऐसी कोई प्रतिक्रिया नहीं देगा।

**मारा गया हमास लीडर :** आइडीएफ का दावा है कि तीन माह पहले हमास का बड़ा नेता रवही मुश्ताहा हवाई हमले में मारा जा चुका है। मुश्ताहा को डी फैक्टो पीएम का दर्जा था, यानी उसके पास पीएम जितनी शक्तियां थीं।

**दावा, सीजफायर के लिए मान गया था नसरल्लाह :** लेबनान के विदेश मंत्री अब्दुल हबीबी ने गुरुवार को दावा किया कि नसरल्ला 21 दिन के सीजफायर के लिए मान गया था।

ढाल बनी मां...

### 9 माह के बच्चे को बचाने के लिए खुद ने दे दी जान



**इजरायल** के जाफा में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में एक महिला ने 9 माह के बच्चे को बचाने के लिए खुद की जान दे दी। एक रेलवे स्टेशन पर आतंकियों की गोलीबारी से बेटे एरी को बचाने के लिए 33 वर्षीय एनबार सेगेव ने उसे गोद में छुपा लिया। सोशल मीडिया पर बहादुर मां के रूप में उसकी तस्वीर शेयर की जा रही है।

पोर्टल शुरू: 12 अक्टूबर से करवा सकेंगे पंजीकरण

## पीएम इंटर्नशिप योजना लॉन्च ₹5000 मासिक, कोटा लागू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने कौशल विकास को बढ़ावा देने और उद्योगों-कंपनियों को प्रशिक्षित कर्मचारी उपलब्ध करवाने के लिए गुरुवार को पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च कर दिया। अगले सप्ताह 12 अक्टूबर से इसमें युवा पंजीकरण करवा सकेंगे। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के इस प्लेटफॉर्म के जरिये इस साल दिसंबर तक सवा लाख युवाओं को टॉप 500 कंपनियों में इंटर्नशिप शुरू की जाएगी।

इंटर्नशिप के दौरान हर माह 5000 रुपए दिए जाएंगे जिसमें से 4500 रुपए केंद्र सरकार और 500 रुपए कंपनी अपने सीएसआर फंड से देगी। कंपनियां स्वैच्छिक रूप से इससे ज्यादा राशि भी दे सकती हैं। केंद्र सरकार की ओर से पंजीकृत युवाओं को 6000 रुपए एकमुश्त अलग से दिया जाएगा।

### ये कर सकेंगे इंटर्नशिप

- 21 से 24 वर्ष की आयु, भारत का नागरिक हो।
- पूर्णकालिक रोजगार या पढ़ाई न करते हों, ऑनलाइन या दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों में शामिल युवा लाभ उठा सकेंगे।
- हायर सेकेंडरी, आइटीआइ, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा, बीसीए, बीबीए, बीफार्मा और सामान्य ग्रेजुएट योग्यता वाले ही पात्र।
- अवसर में केंद्र के आरक्षण प्रावधान लागू होंगे।

### ये होंगे अपात्र

- **आइआइटी,** आइआइएम, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, एनआइडी, सीए, सीएस, एमबीबीएस, बीडीएस, एमबीए या किसी भी मास्टर या उच्च डिग्री वाले युवा।
- **केंद्र** या राज्य सरकार की किसी भी कौशल, प्रशिक्षुता, इंटर्नशिप या छात्र प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल युवा।
- **परिवार** की आय 2023-24 में आठ लाख रुपए से अधिक या कोई सदस्य स्थायी सरकारी कर्मचारी हो।

हरियाणा चुनाव: नौ सीट पर बेहद करीबी जंग, कल मतदान, आठ अक्टूबर को परिणाम

## 65 सीटों पर कांग्रेस-भाजपा का सीधा मुकाबला

विधानसभा चुनाव 2024

सचिन माथुर
patrika.com

**हिसार.** पहलवानों की धरा हरियाणा में 90 सीट वाली विधानसभा के 'हेवीवेट' चुनावी मुकाबले में जीत की हैट्रिक के लिए भाजपा और दस साल बाद सत्ता में वापसी के लिए कांग्रेस हर पैंतरे अपना रही है। जजपा-आसपा, इनेलो-बसपा के गठबंधन सहित आप व निर्दलीय उम्मीदवार भी ताल ठोककर दोनों बड़े दल को चुनौती दे रहे हैं।

इस चुनाव में 65 से ज्यादा सीट पर अब भी सीधा मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच ही माना जा रहा है। इनमें नौ घरोंदा, टोहना, जिंद, भादरा, तोशाम, पेहोवा, फरीदाबाद, कोसली व सोनीपत में चुनावी जंग बेहद करीबी है। 21 सीटों पर कांग्रेस व भाजपा को अन्य दलों से चुनौती मिल रही है। **शनिवार को होने वाले मतदान से पहले गुरुवार शाम चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। परिणाम 8 अक्टूबर को आएंगे।**

### तंवर ने दो घंटे में बदला पाला




**सियासी** घमासान में गुरुवार को दल-बदल की बेहद रोचक तस्वीर भी दिखी। सिरसा सीट से भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रत्याशी रहे अशोक तंवर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की महेंद्रगढ़ सभा में फिर कांग्रेसी हो गए। दो घंटे पहले ही वह भाजपा का प्रचार कर रहे थे। सासंद कुमारी शैलजा के विरोधी रहे तंवर की वापसी से कांग्रेस में गुटबाजी को नई हवा मिल गई है।

### मोदी को देंगे वोट पर, जीतेगी जिंदल!

हिसार लाइव

**हिसार** में चुनावी माहौल बेहद रोचक है। भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय ताल ठोक चुकी देश की सबसे अमीर महिलाओं में शुमार सावित्री जिंदल ने भाजपा व कांग्रेस दोनों की नींद उड़ा रखी है। रेलवे स्टेशन के पास एक ऑटो चालक दिलबाग नायक से जब चुनावी माहौल पूछा तो तपाक से जवाब मिला, 'मैं और पत्नी तो मोदी के नाम पर वोट देंगे, लेकिन सावित्री जिंदल जीतेगी'। निजी अस्पताल के बाहर बैठे रामदीन ने जोर देकर भाजपा के तीसरे नंबर पर रहने घोषणा कर दी तो पास बैठे रोहित ने हंसते हुए कमल खिलने की बात कही।

### इन समीकरण तय करेंगे 'सरताज'

**1 जाति:** कांग्रेस, जजपा व इनेलो गठबंधन को 25 फीसदी जाट, 21 फीसदी एससी से उम्मीद है। भाजपा की आस सीएम चेहरा नायब सिंह सैनी के कारण 30 फीसदी ओबीसी और कांग्रेस की दलित नेता कुमारी शैलजा की नाराजगी व वर्गीकरण के मुद्दे पर एससी वोटों पर टिकी है।

**2 मुद्दे:** एंटी इन्कम्बेंसी के अलावा किसान, जवान, पहलवान, बेरोजगारी व सरकारी पोर्टल सरीखे मुद्दे भाजपा के लिए तो दलाल, दामाद व पर्ची-खर्ची जैसे भ्रष्टाचार, आरक्षण पर राहुल गांधी के बयान व आपसी कलह के मुद्दे कांग्रेस की परेशानी का सबब बने हैं।

**3 गठबंधन:** इनेलो, बसपा, जजपा व चंद्र शेखर आजाद की आसपा के गठबंधन की भूमिका कांग्रेस का खेल बिगाड़ने सहित सरकार बनाने खेल में भी अहम हो सकती है। सभी सीटों पर अकेले लड़ रही आप शहरी इलाकों में कांग्रेस-भाजपा दोनों की मंशा पर पानी फेर सकती है।

शक्तिपीठ यात्रा- 02


*कालीघाट मंदिर, कोलकाता, पश्चिम बंगाल*

कालीघाट के बारे में मान्यता है कि मां काली यहां जाग्रत अवस्था में हैं। **भक्त यहां सच्चे मन से आकर जो भी मांगता है, वह उसे मिलता है।** पौराणिक कथा के अनुसार **यहां माता सती के दाहिने पैर की अंगुलियां गिरी थीं।** बताया जाता है कि एक भक्त ने भागीरथी नदी के पास उज्ज्वल प्रकाश देखा। पास जाने पर उसे मानव पैर की अंगुली जैसा प्रस्तर मिला। इसके पास ही नकुलेश्वर भैरव का एक शिवलिंग भी था। **भक्त ने इन दोनों चीजों को एक छोटे से मंदिर में रखा और उनकी पूजा करने लगा।** धीरे-धीरे मंदिर की प्रसिद्धि बढ़ती गई, वर्तमान मंदिर करीब 200 वर्ष प्राचीन है। **नवरात्र में इस शक्तिपीठ के दर्शन करने दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं।**

## अपने प्रचंड रूप में भक्तों को दर्शन देती हैं मां काली

### नर मुंडों की माला, सोने की जीभ

**कालीघाट मंदिर** में नर मुंडों की माला पहने मां की काले प्रस्तर से बनी प्रतिमा बंगाल की अन्य काली मां की मूर्तियों से अलग है। यह मूर्ति टचस्टोन से बनी है और इसे संत ब्रह्मानंद गिरि व आत्माराम गिरि ने बनाया था। देवी सती की दस महाविद्याओं में पहले महाविद्या रूप, काली की इस मूर्ति में मां भगवान शिव की छाती पर पैर रखे हुए हैं। बड़े-बड़े त्रिनेत्र, लंबी निकली हुई सोने से बनी जीभ और चार हाथ वाली काली की यह प्रतिमा प्रचंड यानी उग्र रूप वाली है। मां ने एक हाथ में खड़ग और दूसरे में कटा हुआ सिर थामा हुआ है। खड़ग ज्ञान का प्रतीक है और कटा हुआ सिर अहंकार का। मां के शेष दो हाथ भक्तों को आशीर्वाद देने की मुद्रा में हैं।



### पहले हुगली के समीप था मंदिर, अब आदिगंगा नहर के किनारे

**पहले** यह मंदिर हुगली (भागीरथी) के किनारे था। समय के साथ हुगली दूर होती चली गई। अब यह आदिगंगा नहर के किनारे स्थित है, जो अंतत: हुगली से जाकर मिलती है। 15वीं और 17वीं शताब्दी की कुछ रचनाओं में भी मंदिर का जिक्र मिलता है। मंदिर में गुप्त वंश के कुछ सिक्के मिलना संकेत है कि तब भी मंदिर में श्रद्धालु आते थे। वर्तमान मंदिर की स्थापना 1809 में कोलकाता के सबर्ण रॉय चौधरी नामक धनी व्यापारी के सहयोग से हुई।

### गंगा समान पवित्र जलकुंड 'कुंडूपुकर'

**मंदिर** के दक्षिण-पूर्व कोने में 'कुंडूपुकर' नाम का एक जलकुंड है, जिसे गंगा के समान पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि यहां स्नान से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मंदिर में मां काली के अलावा शीतला, षष्ठी और मंगलाचंडी के भी स्थान हैं। मंदिर के सामने ही नकुलेश्वर भैरव मंदिर भी है।




5 YEAR WARRANTY+ TVS CREDIT IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST HINDUJA LEYLAND FINANCE Lending.. a helping hand HDFC BANK TATA CAPITAL Count on us
स्कूटर चलाते वक्त हमेशा हेल्मेट पहनें.
tvsjupiter | www.tvsmotor.com/tvs-jupiter Call: 1800 315 7777
*Under TVSM internal test conditions. ^ Ex-showroom price of TVS Jupiter 110 BS VI Drum Variant in Rajasthan. + 5 yr. warranty without any additional charges. Terms & conditions apply.
FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com अधिकृत मुख्य विक्रेता : अजमेर : गणेश टीवीएस, श्रीनगर रोड, राजा साईकिल चौराहा, फोन : 8448493630, अनंत टीवीएस, आर्दश नगर, नसीराबाद रोड़, फोन: 7240050500, किशनगढ़ : मुदगल टीवीएस, आदर्श नगर, अजमेर रोड, फोन : 8104845949, आसींद : विजय टीवीएस, भीलवाड़ा रोड, फोन : 8824555683, भीलवाडा : विनोद टीवीएस, भीलवाड़ा, फोन : 9057359111, विनोद टीवीएस पांसल चौराहा, फोन : 8824855111, नागौर : नागौर टीवीएस, दिल्ली गेट के पास, फोन : 9821376874, बिकानेर रोड़ : फोन : 7230028530, मकराना : ताज टीवीएस, मंगलाना रोड, फोन : 8448494639, देवली : राजस्थान मोटर्स, फोन: 7877952784, अधिकृत विक्रेता : नसीराबाद : फोन: 9413349595, पुष्कर : फोन : 9414300266, पीसागन : फोन : 9983052500, सरवाड़: फोन : 9214094111, कादेड़ा : फोन : 9667357610, कुचामन सिटी : फोन : 01586223396, 9413037809, गोटन, फोन : 9413649228, बोरावर : फोन : 7014171487.
dentsu/rp ajm/08/24

'' स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भंडारी द्वारा भूखण्ड संख्या 2343, वैशाली नगर, अजमेर (राज.) से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा.लि. एसपी-2, परबतपुरा, रीको औद्योगिक क्षेत्र, अजमेर से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. राजहिन/ 2002/ 8463, सम्पादकः भुवनेश जैन। सम्पादकीय प्रभारी : चन्द्र प्रकाश जोशी - पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी''। फोन नम्बर 0145-2946737